सच, सिर्फ सच

**

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 26 अगस्त , 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 230, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 329 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लौटी और लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 329 अंक चढ़कर 81,635 .91 अंक पर बंद हुआ। } 14

विधायी सदन बने जनता की आवाज : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदस्यों को जनता से जुड़े मुद्दे उठाने चाहिए। सदनों को जनता की आवाज बनना चाहिए और उनके सुझावों और विचारों को सार्थक रूप से प्रतिबिंबित करना चाहिए। } 16

मिग-21 लड़ाकू विमान ने भरी अंतिम उड़ान

चंडीगढ़ में आयोजित सेवानिवृत्ति समारोह में दी गयी विदाई

एजेंसी

बीकानेर। भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की रीढ़ रहे मिग-21 लड़ाकू विमानों ने बीकानेर के नाल स्थित वायुसैनिक अड्डे पर अपनी अंतिम उड़ान भरी। इन विमानों को 26 सितंबर को चंडीगढ़ में आयोजित औपचारिक सेवानिवृत्ति समारोह में अंतिम विदाई दी जाएगी। मिग-21 की प्रतीकात्मक विदाई की बेला पर वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए. पी. सिंह ने 18-19 अगस्त को नाल से मिग-21 में एकल उड़ान भरी। यह 62 वर्षों तक वायुसेना की सेवा करने वाले रूसी मूल के लड़ाकू विमान पर प्रशिक्षित पायलट की की कई पीढ़ियों के लिए एक भावुक क्षण था। एयर चीफ मार्शल सिंह ने अपनी उड़ान के बाद पीटीआई-भाषा से कहा, मिग-21 वर्ष 1960 के दशक में अपनी शुरुआत से ही भारतीय वायुसेना का सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान रहा है और हम अब भी इसे इस्तेमाल कर रहे हैं। यह इतिहास में सबसे अधिक, बड़े पैमाने पर निर्मित किए गए सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों में से एक है, जिसके 11,000 से ज्यादा विमान 60 से अधिक देशों में इस्तेमाल किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा, मिग-21 के साथ मेरा पहला अनुभव 1985 में रहा जब मैंने तेजपुर में इसका टाइप-77 संस्करण उड़ाया। यह एक अद्भुत अनुभव था। यह फुर्तीला, अत्यधिक गतिशील और डिजाइन में सरल था, हालांकि इसके ...शेष पृष्ठ 14 पर

भारत और फिजी रक्षा संबंधों को करेंगे और प्रगाढ़

प्रधानमंत्री मोदी व फिजी के पीएम सितवेनी लिगामामादा राबुका ने कई समझौतों पर किये हस्ताक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और फिजी ने सोमवार को रक्षा संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना को अंतिम रूप दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके फिजी के समकक्ष सितवेनी लिगामामादा राबुका के बीच वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने शांतिपूर्ण हिंद-प्रशांत के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और फिजी भले ही दूर हों, लेकिन हमारी आकांक्षाएं समान हैं। इस मौके पर फिजी के प्रधानमंत्री बगल में खड़े थे। राबुका रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। प्रधानमंत्री के रूप में यह भारत की उनकी पहली यात्रा है। समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में फिजी भारत के लिए अहम राष्ट्र है। प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक पकड़ बढ़ाने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में, भारत फिजी के साथ अपने रक्षा संबंधों को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। मोदी और राबुका के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने दवा, कौशल विकास, व्यापार और क्षमता निर्माण सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सहयोग के लिए सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए। मोदी और राबुका ने वार्ता के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं



प्रधानमंत्री मोदी और फिजी के पीएम सितवेनी लिगामामादा राबुका

करने की नीति को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यहां जारी संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, दोनों नेताओं ने आतंकवाद पर दोहरे मापदंड को खारिज करते हुए इस समस्या से निपटने में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। मोदी ने कहा, हमने रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में आपसी सहयोग को मज़बूत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा कि इसके लिए एक कार्य योजना तैयार की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत, फिजी की समुद्री सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए प्रशिक्षण और साजोसामान प्रदान करेगा। अपने संबोधन में मोदी ने ग्लोबल साउथ के लिए भारत की प्राथमिकताओं का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि भारत ग्लोबल साउथ के विकास में सह-यात्री है। उन्होंने कहा हम एक ऐसी विश्व व्यवस्था के निर्माण में भागीदार हैं, जहां ग्लोबल साउथ की स्वतंत्रता, विचारों और पहचान का सम्मान किया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन फिजी के लिए एक खतरा है और भारत इससे निपटने में उसकी मदद करेगा। संयुक्त वक्तव्य के मुताबिक, मोदी और राबुका ने एक मजबूत, समावेशी और स्थिर हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा किया, जिसमें आर्थिक संरचना भी शामिल है, तथा उन्होंने आपसी समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इसमें कहा गया कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में बढ़ती गति को स्वीकार किया तथा क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और समृद्धि को आगे बढ़ाने में अपने साझा हितों के महत्व को रेखांकित दिया। संयुक्त वक्तव्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

अवैध धर्मान्तरण: ईडी ने 13 करोड़ की सम्पत्ति अटैच की

लखनऊ। अवैध धर्मान्तरण प्रकरण में ईडी ने बलरामपुर जिले के उत्तरौला स्थित करीब 13 करोड़ की सम्पत्ति को अटैच कर लिया है। यह सम्पत्ति छांगुर बाबा, नवीन घनश्याम रोहरा और नीतू उर्फ नसरीन के जरिए बनायी गयी थी। फिलहाल ईडी ने सम्पत्ति को अटैच करते हुए आगे की जांच जारी कर रखी है। बलरामपुर के उतरौला मधपुर गांव निवासी छांगुर बाबा को एटीएस ने अवैध धर्मान्तरण का मुख्य आरोपी माना है। जिसके साथ ही एटीएस ने प्रकरण में अब तक दस लोगों को गिरफ्तार किया है। धर्मान्तरण में विदेशी फंडिंग के खुलासे के बाद ईडी ने कार्रवाई शुरू कर दी थी। ईडी ने अवैध धर्मान्तरण के मामले में उतरौला के मधपुर स्थित कोठी वाली सम्पत्ति को अटैच कर लिया। इसके अलावा चौराहे के पास स्थित काम्प्लेक्स व दो बीघा जमीन को ईडी ने अटैच किया है। ईडी ने बताया कि जो भी सम्पत्ति बनायी गयी थी। उसके खरीदने को लेकर जो रकम लगाया गया ...शेष पृष्ठ 14 पर

बीएसए समेत आठ लोगों पर केस दर्ज

गोंडा । जिला मुख्यालय की कोतवाली नगर पुलिस ने अदालत के आदेश के बाद चर्चित अनामिका शुक्ला शिक्षक भर्ती घोटाले में सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अतुल कुमार तिवारी समेत आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि आरोपियों में बीएसए के अलावा तत्कालीन वित्त एवं लेखा अधिकारी सिद्धार्थ दीक्षित, लिपिक सुधीर सिंह, अनुपम पांडेय, अनामिका शुक्ला, भैया चंद्रभान दत्त मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक दिग्विजयनाथ पांडेय, स्कूल के प्रधानाचार्य, और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल हैं। इस मामले में वादी प्रदीप कुमार पांडेय ने अदालत ...शेष पृष्ठ 14 पर

शुभांशु ने बढ़ाया देश का मान : योगी

○ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के नाम पर शुरू होगी छात्रवृत्ति ○ स्पेस टेक्नोलॉजी में पढ़ाई करने वाले छात्रों को मिलेगी स्कॉलरशिप

विशेष संवाददाता

लखनऊ। देश को चार दशक के बाद एक भारतीय को अंतरिक्ष यात्रा का अवसर मिला। यह हमारा सौभाग्य है कि यह अवसर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जन्मे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को प्राप्त हुआ। वह सफलतम यात्रा के बाद पहली बार लखनऊ आए हैं। ऐसे में उनका आगमन हम सभी को आनंदित करता है। उनकी अंतरिक्ष यात्रा हम सभी के लिए कोतहुल का विषय थी। हर भारतवासी बड़े विश्वास और आशा ...शेष पृष्ठ 14 पर

अब नासा की बजाय इसरो की बात करेगी दुनिया : शुभांशु

लखनऊ। अंतरिक्ष यात्री और भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार को कहा कि भारत अंतरिक्ष अन्वेषण में तेजी से आगे बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं है जब दुनिया नासा की बजाय इसरो की बात करेगी, यह बस कुछ ही समय की बात है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिका का नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा), दोनों ही अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाली एजेंसी हैं। एक्सिओम-4 मिशन की सफलता और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से अपनी सुरक्षित वापसी के बाद लखनऊमें उनके सम्मान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह में शुक्ला ने कहा, भारत लौटने के बाद से, मैंने लोगों में हमारी अंतरिक्ष उपलब्धियों को लेकर अविश्वसनीय उत्साह महसूस किया है। अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ...शेष पृष्ठ 14 पर

यूपी का विकास अन्य प्रदेशों के लिए प्रेरणा का स्रोत : वी नारायणन

कार्यक्रम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)के अध्यक्ष वी. नारायणन ने प्रदेश के विकास कार्यों और स्पेस प्रोग्राम से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना की और यूपी की प्रगति पर बात की। उन्होंने कहा कि यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो विकास हो रहा है, वह अन्य प्रदेशों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुका है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विकास के लिए कई योजनाओं और पहलों की शुरूआत की, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश आज कई क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

हाईकोर्ट ने मोदी की डिग्री सार्वजनिक करने संबंधी आदेश को किया खारिज

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश को सोमवार को रद्द कर दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्नातक डिग्री से संबंधित जानकारी का खुलासा करने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने इसे व्यक्तिगत जानकारी करार देते हुए कहा कि इसमें कोई स्पष्ट जनहित निहित नहीं है, जिससे इसे सार्वजनिक किया जाए।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने सीआईसी के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की याचिका पर यह फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने 27 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायाधीश ने कहा कुछ ऐसा जो जनता की जिज्ञासा का विषय हो और कुछ ऐसा जो जनता के हित में हो ये दोनों बिल्कुल अलग बातें हैं। नीरज नामक एक व्यक्ति द्वारा सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन के बाद, सीआईसी ने 1978 में बीए (कला स्नातक) की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों के अभिलेखों के निरीक्षण की 21 दिसंबर, 2016 को ...शेष पृष्ठ 14 पर

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है भारत

जाति, पंथ, धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं : राजनाथ सिंह

एजेंसी

जोधपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा आज देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। इस समय देश में ब्रम्होस मिसाइल, तेजस विमान समेत अन्य रक्षा उपकरण बनाये जा रहे हैं। जिससे अन्य देशों पर हमारी निर्भरता कम हुई है। आज भारत में तकनीक, प्रौद्योगिकी और विज्ञान के बल पर सेना और मजबूत हो रही है।

ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कायराना हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया और निर्धारित लक्ष्यों पर सटीक हमले किए। जोधपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा हमारे युवाओं की ऊर्जा और संकल्प ऑपरेशन सिंदूर के

दौरान भी हमने देखा है। हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के कायराना हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत में विश्वास करता है और जाति, पंथ या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करता, लेकिन आतंकवादियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

दहेज हत्याकांड : ससुर और जेठ गिरफ्तार

नोएडा। ग्रेटर नोएडा में दहेज के लिए 26 वर्षीय निक्की की कथित तौर पर हत्या के मामले में उसके ससुर और जेठ को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने एक बयान में कहा कि आरोपियों की पहचान सतवीर भाटी (55) और रोहित भाटी (28) के रूप में हुई है, जिन्हें कासना पुलिस ने एक गुप्त सूचना और खुफिया जानकारी के आधार पर सिरसा टोल चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। निक्की का पति विपिन भाटी, जेठ रोहित, सास और ससुर उन लोगों में शामिल हैं जिनका नाम प्राथमिकी में आरोपियों के रूप में दर्ज है। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके खिलाफ 22 अगस्त को कासना पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या), 115(2) (स्वेच्छा से ...शेष पृष्ठ 14 पर

चीन सीमा से सटे क्षेत्रों में हवाई सेवाएं होंगी सुदृढ़

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों को मिली बड़ी कामयाबी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्रों को हवाई सेवाओं से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भारी सफलता प्राप्त हुई है। पिथौरागढ़ एयरपोर्ट का विस्तारीकरण किया जा रहा है। वहीं पिथौरागढ़-मुनस्यारी हेली सेवा भी आगामी 30 सितम्बर से शुरू की जा रही है।

सीएम धामी द्वारा नई दिल्ली में चीन सीमा से सटे सीमांत क्षेत्रों में हवाई सेवाएं सुदृढ़ करने के निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू से की गयी मुलाकात के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा स्पष्ट किया गया है कि पिथौरागढ़ और मुनस्यारी के मध्य उड़ान सेवा के

तहत चयन किया गया है। इस हैली सेवा का संचालन 30 सितम्बर से किए जाने की संभावना है। इसके लिए 'हैरिटेज एविएशन' का चयन भी कर लिया गया है। सीमांत पिथौरागढ़ के एयरपोर्ट का विस्तार किया जाएगा। विस्तारीकरण में 450 करोड़ रुपये पर खर्च होंगे। पिथौरागढ़ एयरपोर्ट का संचालन एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा। सीमांत प्रदेश में हवाई नेटवर्क का विस्तार जरूरी है, इससे स्थानीय निवासियों के साथ ही सामरिक जरूरतों की भी पूर्ति संभव होगी। इसके लिए एयरफोर्स का भी सहयोग लिया जाएगा। पिथौरागढ़ एयरपोर्ट का शीघ्र विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) ओर गौचर (चमोली) हवाई पट्टियों का संचालन इंडियन एयरफोर्स करेगी। प्रदेश सरकार सीमांत जनपदों में हवाई सेवाओं को विस्तार करने पर जोर दे रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) ओर गौचर (चमोली) में स्थित हवाई पट्टियों का संचालन भारतीय एयरफोर्स के हवाले करने पर सैद्धांतिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	31.06 डिसे.
न्यूनतम	:	27.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- राजनीति का उद्देश्य समाज को देना : महाना (पृष्ठ-02)
- यूपी में लगेगा सैकड़ों कंपनियों का जमावड़ा (पृष्ठ-02)
- रुपया छह पैसे गिरकर 87.58 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- इरेडा का परिचालन 8,200 करोड़ पर पहुंचाने का लक्ष्य (पृष्ठ-14)
- विविध ईपीसी कंपनियों का राजस्व बढ़ेगा (पृष्ठ-14)

विशेष खबर — वैश्विक सहायता आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत का उल्लेखनीय रूपांतरण बेहद महत्वपूर्ण : कार्ल स्काउ

महाशक्ति के रूप में उभर रहा है भारत : डब्ल्यूएफपी

एजेंसी

नयी दिल्ली। संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के वित्तपोषण में 40 प्रतिशत की भारी कटौती के बीच वैश्विक भूखमरी के बढ़ने के बीच, डब्ल्यूएफपी के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल स्काउ ने सोमवार को कहा कि खाद्यान्न की कमी वाले देश से वैश्विक सहायता आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत का उल्लेखनीय रूपांतरण एक महत्वपूर्ण जीवनरेखा के रूप में उभरा है। स्काउ ने इस बात पर ज़ोर दिया कि पश्चिमी वित्तपोषण में कमी के साथ भारत जैसी उभरती शक्तियों के साथ सहयोग आवश्यक हो गया है।

भारत के नवोन्मेषी दृष्टिकोण, जिनमें अनाज एटीएम और चावल का पोषक तत्वों से समृद्धिकरण शामिल है, अब गाजा और सूडान जैसे संघर्ष क्षेत्रों में राहत प्रयासों को नया रूप दे रहे हैं। स्काउ ने द्विपक्षीय संबंधों, जी20 मंचों और एक क्षेत्रीय महाशक्ति के रूप में देश की बढ़ती उपस्थिति की प्रशंसा करते हुए कहा, जब विचारों और समाधानों की बात आती है, तो भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका के पास देने के लिए बहुत कुछ है। लेकिन कूटनीति के मोर्चे

डब्ल्यूएफपी के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल स्काउ

पर भी, भारत का प्रभाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा यह महत्वपूर्ण है। एक तो इसलिए क्योंकि पश्चिमी ओईसीडी देश वित्तपोषण में कटौती कर रहे हैं। लेकिन मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण भी है क्योंकि भारत ने अपनी खाद्य सुरक्षा से निपटने के लिए स्वयं समाधान खोजे हैं। डब्ल्यूएफपी के मुख्य परिचालन अधिकारी स्काउ ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के घरेलू समाधान यूरोप या उत्तरी अमेरिका के हालिया अनुभवों की तुलना में अफ्रीका और एशिया के संकटग्रस्त क्षेत्रों में अधिक लागू करने योग्य हैं।

डब्ल्यूएफपी स्काउ की तीन दिवसीय यात्रा के दौरान एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहा है ताकि भारत से पोषक तत्वों से समृद्ध किये गये चावल की खरीद सुनिश्चित की जा सके और संकट के दौरान तेज़ और उच्च गुणवत्ता वाली सहायता पहुंचाई जा सके। यह साझेदारी भारत के खाद्य अधिशेष की स्थिति का लाभ उठाती है, जिससे देश अब प्राकृतिक आपदाओं और आपात स्थितियों के दौरान बड़ी मात्रा में खाद्यान्न शीघ्रता से उपलब्ध कराने में सक्षम है। स्काउ के अनुसार, स्मार्ट वेयरहाउसिंग और आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन से संबंधित भारत की सफल पह को डब्ल्यूएफपी द्वारा वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया जा रहा है। इस साझेदारी से पहले ही महत्वपूर्ण बचत हुई है, जिसमें आपूर्ति श्रृंखला अनुकूलन के माध्यम से तीन करोड़ डॉलर की बचत शामिल है, जिसका उपयोग इथियोपिया और सूडान में संकट के समय किया जा रहा है। देश का राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और मध्याह्न भोजन योजना सूडान और हैती जैसे देशों के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

बुलंदशहर में भीषण सड़क हादसा, 10 लोगों की मौत

जिला संवाददाता

○ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया

○ मृतकों के परिजनों को दो लाख का मुआवजा देने के दिए निर्देश

बुलंदशहर। जिले में तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रक की टक्कर में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है 41 अन्य घायल हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार देर रात दो बजे के बाद बुलंदशहर-अलीगढ़ सीमा पर अरनिया बाईपास के पास उस समय हुई, जब एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली में 61 लोग सवार थे, जो कासगंज जिले के रफातपुर गांव से राजस्थान के जाहर पीर में तीर्थयात्रा के लिए जा रहे थे। एसएसपी ने बताया कि घायलों को एक निजी अस्पताल सहित कई अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस हादसे में आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 43 अन्य विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

दलित युवाओं के सपनों को पंख दे रही योगी सरकार, बन रहे अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी के युवाओं को सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लिए अपने प्रयासों को और मजबूत किया है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र योजना के तहत इन वर्गों के अभ्यर्थियों को उच्चस्तरीय कोचिंग प्रदान की जा रही है, ताकि वे आईएएस, पीसीएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकें। योगी सरकार की इस योजना के अंतर्गत सिविल सेवा समेत विभिन्न परीक्षाओं में 701 अभ्यर्थियों का चयन हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना के लिए 11.24 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है, जो योगी सरकार की समावेशी विकास की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

योगी सरकार की इस योजना का उद्देश्य न केवल प्रशिक्षण प्रदान करना है, बल्कि अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पूरी तरह तैयार करना है। इन केंद्रों में प्रशिक्षण का स्तर अत्यंत उच्च है, जहां विषय विशेषज्ञ आधुनिक शिक्षण तकनीकों और नवीनतम पाठ्यक्रमों के आधार पर अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन देते हैं। चाहे वह प्रारंभिक परीक्षा हो, मुख्य परीक्षा हो या साक्षात्कार की तैयारी, इन केंद्रों में हर चरण के लिए व्यापक कोचिंग प्रदान की जाती है। विशेष रूप से, लखनऊ में बालिकाओं के लिए समर्पित केंद्र महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

- **योगी सरकार की परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण योजना से अनुसूचित जाति/जनजाति के युवा बन रहे हैं अधिकारी**
- **लखनऊ से गोरखपुर तक 8 कोचिंग केंद्रों के जरिये एससी/एसटी अभ्यर्थियों को मिल रहा उच्चस्तरीय प्रशिक्षण**
- **वित्तीय वर्ष 2025-26 में योगी सरकार ने एससी/एसटी युवाओं के लिए किया है बड़े बजट का प्रावधान**
- **लखनऊ में बालिकाओं के लिए समर्पित कोचिंग केंद्र दलित बेटियों के सपनों को दे रहा नई उड़ान**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बार-बार जोर दिया है कि समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति और जनजाति के युवाओं को न केवल शिक्षा और प्रशिक्षण का अवसर मिल रहा है, बल्कि वे देश की प्रशासनिक सेवाओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सशक्त हो रहे हैं। इन केंद्रों ने कई युवाओं को आईएएस, पीसीएस और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास को बढ़ावा मिला है।

योगी सरकार की यह पहल न केवल अनुसूचित जाति और जनजाति के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, बल्कि उत्तर प्रदेश को प्रशासनिक और सामाजिक नेतृत्व के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। इन प्रशिक्षण केंद्रों से निकले युवा न केवल अपने परिवारों, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रहे हैं। सरकार की यह योजना यह सुनिश्चित करती है कि आर्थिक तंगी या सामाजिक बाधाएं किसी की प्रतिभा को रोक न सकें।

समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक पीके त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक इस योजना से 6784 अभ्यर्थी लाभांवित हुए हैं। इस योजना के अंतर्गत अबतक संघ/राज्य लोक सेवा आयोग में कुल 48 अभ्यर्थियों का चयन हो चुका है। इसके अलावा अन्य परीक्षाओं में 653 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। यही नहीं कोविड संक्रमण काल में इसे ऑनलाइन आयोजित किया गया। जिसके फलस्वरूप 81 अभ्यर्थी राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा तथा सहायक वन संरक्षक के रूप में चयनित हुए।

समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में आठ परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जो अनुसूचित जाति और जनजाति के अभ्यर्थियों को आधुनिक और परिवर्तित पाठ्यक्रमों के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। ये केंद्र विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अभ्यर्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करते हैं। इन केंद्रों में शामिल हैं। श्री छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, लखनऊ। आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र (बालिका), अलीगंज, लखनऊ। न्यायिक सेवा पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, प्रयागराज। संत रविदास आईएएस, पीसीएस पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, वाराणसी। डॉ. बी.आर. अंबेडकर आईएएस, पीसीएस पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, अलीगढ़। डॉ. बी.आर. अंबेडकर आईएएस, पीसीएस पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, आगरा। आईएएस, पीसीएस कोचिंग केंद्र, निजामपुर, हापुड़। राजकीय आईएएस, पीसीएस कोचिंग केंद्र, गोरखपुर।

उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी मिश्रिख लापरवाही पर निलम्बित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के निर्देश पर जनपद सीतापुर के उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी मिश्रिख डा. विजय नाथ को उनसे संबंधित विकास खण्ड मिश्रिख, ऐलिया, गोंदलामऊ, रामपुर मथुरा, सकरन के अंतर्गत संचालित विभिन्न गौशालाओं में व्याप्त अव्यवस्था एवं मृत गोवंशों की जानकारी न होने, संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर व्याप्त समस्या के निराकरण का प्रयास न करने, शिथिल पर्यवेक्षण सहित अपने पदीय दायित्वों/कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही/शिथिलता बरतने के कारण निलम्बन/अनुशासनात्मक कार्रवाई संस्थित की गई है।पशुधन मंत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गौवंश का संरक्षण एवं संवर्द्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता है। गौसंरक्षण कार्यों में घोर लापरवाही के दृष्टिगत यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में किसी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जायेगी।भविष्य में भी इस प्रकार की कोई गोसंरक्षण कार्यों में लापरवाही, प्रशासनिक विफलता एवं वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में पशुधन विभाग के प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष द्वारा आवश्यक आदेश जारी कर दिये गये हैं। आदेश में कहा गया है कि डा. विजय नाथ, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, मिश्रिख, जनपद सीतापुर निलम्बन अवधि में मुख्यालय पशुपालन विभाग से संबंद्ध रहेंगे।

यूपी में लगेगा सैकड़ों कंपनियों का जमावड़ा युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के दरवाजे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प हर हाथ को काम, हर युवा को सम्मान अब नई उड़ान भरने जा रहा है। सीएम योगी की पहल पर राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 26 से 28 अगस्त तक आयोजित होने वाला तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ 2025 प्रदेश के लाखों युवाओं को नौकरी और रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। यह आयोजन उत्तर प्रदेश की रोजगार और कौशल क्रांति की नई पहचान बनेगा, जहां युवाओं को सीधे उद्योग जगत से जुड़ने और अपने भविष्य को नई दिशा देने का सुनहरा मौका मिलेगा।

इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें देश-विदेश की नामी कंपनियों का बड़ा जमावड़ा होने जा रहा है। देश की करीब 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां इसमें हिस्सा लेंगी, जो विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। इसमें 100 से अधिक कंपनियों की ओर से 50 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी का अवसर दिया जाएगा।

रोजगार महाकुंभ में शामिल होंगी दिग्गज कंपनियां : लखनऊ में आयोजित रोजगार महाकुंभ में स्टार्टअप और इनोवेशन के क्षेत्र में और डेटा-ड्रिवेन सॉल्यूशंस पर काम करने वाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और Iafte जैसी अंतरराष्ट्रीय दिग्गज कंपनियां शामिल होंगी, जो इससे तकनीक और शोध से जुड़े युवा सीधे स्टार्टअप इकोसिस्टम में प्रवेश कर सकेंगे। ये कंपनियां सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हार्डवेयर डिजाइन जैसे क्षेत्रों में नौकरियां देंगी।

- **युवाओं को मिलेगा उद्योग जगत से जुड़ने का सीधा मौका**
- **100 से अधिक दिग्गज कंपनियां 50 हजार से अधिक युवाओं को देगी रोजगार के अवसर**
- **तीन दिन में तीन मंच से युवाओं के सपने होंगे साकार, कंपनियों को मिलेगा नई ऊर्जा और स्किल्ड टैलेंट**

इससे यूपी के इंजीनियरिंग और तकनीकी पृष्ठभूमि के युवाओं को बड़ा लाभ मिलने वाला है। इसके अलावा ई-कॉमर्स सेक्टर से Flipkart और Amazonof Web Services जैसी कंपनियों की उपस्थिति से युवाओं को सप्लाई चेन मैनेजमेंट, लॉजिस्टिक्स, डेटा एनालिटिक्स और ऑनलाइन रिटेल ऑपरेशंस में अवसर मिलेंगे। इस तीन दिवसीय रोजगार महाकंभ में जहां वित्तीय और बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी कंपनियां भी शामिल होंगी वहीं मैन्युफैक्चरिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर से Mahifdrn जैसी कंपनियां रोजगार की बड़ी संभावनाएं लेकर आएंगी। यहां मैकेनिकल इंजीनियर्स और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग वाले युवाओं को लाभ मिलेगा।

तीन दिन में तीन मंच से हजारों सपनों को मिलेगी उड़ान : रोजगार महाकुंभ 2025 में जहां एक ओर हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं दूसरी ओर कंपनियों को भी नई ऊर्जा और स्किल्ड टैलेंट उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में यह आयोजन प्रदेश की अर्थव्यवस्था, निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति देने वाला साबित होगा।

इस तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ में तीन मंच के माध्यम से हजारों युवाओं के सपने को उड़ान मिलेगी। जिसमें प्रमुख रूप से रोजगार कॉन्क्लेव होगा जिसमें नीति निमार्ताओं, उद्योग जगत के नेताओं और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ युवाओं की सीधी बातचीत होगी। वहीं रोजगार महाकुंभ में कंपनियां ऑन-स्पॉट इंटरव्यू और प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करेंगी। जिसमें 50 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी का अवसर दिया जाएगा। वहीं एग्ज़िबिशन पवेलियन के माध्यम से युवाओं को प्रदेश की प्रगति, नई औद्योगिक नीतियों और कौशल विकास मॉडल की झलक मिलेगी।

जन समस्याओं का निस्तारण भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग, लखनऊ पर ह्यजनता दर्शनह्न के माध्यम से विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना तथा त्वरित, प्रभावी और न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

- **केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन में सुनी समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे। श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। श्री मौर्य ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटेगी।

खरीफ सीजन में किसानों को उर्वरकों की कमी नहीं होगी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि किसानों को खरीफ सीजन की बुवाई और रोपाई के उपरान्त फसल संस्तुति के अनुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा रही है। इसके लिए प्रदेश सरकार लगातार भारत सरकार से व्यक्तिगत सम्पर्क एवं पत्राचार कर रही है। उन्होंने बताया कि 01 अगस्त से 24 अगस्त तक भारत सरकार द्वारा प्रदेश हेतु 268 यूरिया उर्वरक रैक डिस्पैच की गई, जिनमें से 223 रैक प्राप्त हो चुकी हैं तथा शेष 45 रैक रास्ते में हैं, जो अगले तीन से चार दिन में जनपदों को उपलब्ध हो जाएंगी। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों की दैनिक खपत के अनुरूप प्रतिदिन 10 से 12 रैक प्रदेश में भेजी जा रही हैं। 24 एवं 25 अगस्त को भारत सरकार द्वारा 20 यूरिया रैक प्रदेश के अयोध्या, जौनपुर, गोण्डा, प्रयागराज, बाराबंकी, रायबरेली, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, बलरामपुर, सन्तकबीरनगर, सुल्तानपुर, लखीमपुर खीरी, अमेठी, मिजार्पुर एवं वाराणसी सहित विभिन्न जनपदों के लिए डिस्पैच की गई हैं, जो आगामी दो से तीन दिनों में पहुँच जाएंगी।

- **जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए छापे मारे जा रहे हैं और दोषियों पर हो रही कार्रवाई**
- **किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरक मिलेगा : शाही**

कृषि मंत्री ने किसान भाइयों से अपील की कि उर्वरकों की बोरियों पर एक ही नाम जैसे भारत यूरिया अथवा भारत डीएपी के लेबल उपलब्ध रहते हैं, इसलिए किसी भी ब्राण्ड को लेकर भ्रमित न हों और अपने नजदीकी बिक्री केन्द्र से आसानी से उर्वरक प्राप्त करें। मंत्री जी ने यह भी कहा कि किसान आगामी फसलों के लिए उर्वरकों का पूर्व भण्डारण न करें, ताकि सभी किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक मिल सके। प्रदेश में सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से यूरिया, डीएपी और एनपीके उर्वरकों की कुल उपलब्धता क्रमशः 5,72,958 मीट्रिक टन, 4,06,859 मीट्रिक टन एवं 2,98,612 मीट्रिक टन है।

कृषि मंत्री ने बताया कि उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग और टैगिंग रोकने के लिए प्रवर्तन कार्यवाही लगातार की जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 12,653 छापे डाले गए, 3,385 नमूने लिये गये, 10471 विश्लेषित नमूने, 35 अमानक नमूने, 122 को निर्गत की गयी चेतावनी, 15 दुकानों की बिक्री प्रतिबंधित की गयी, 12 दुकानों की सील की गयी, 1196 लाइसेंस निरस्त किए गये, 571 लाइसेंस निलंबित किए गये और 111 प्राथमिकी दर्ज कर 11 व्यक्तियों को जेल भेजा गया। कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को निर्धारित मूल्य (एमआरपी) पर ही उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। जो भी उर्वरक कम्पनी या थोक विक्रेता टैगिंग अथवा ओवर रेटिंग करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा के लोग एस्ट्रोनॉमी पर नहीं, एस्ट्रोलॉजी पर करते हैं भरोसा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के लोग एस्ट्रोनॉमी पर भरोसा नहीं करते है, ये एस्ट्रोलॉजी पर भरोसा करते है। भाजपा के लोग हर चीज का श्रेय खुद लेना चाहते हैं। दूसरे का काम अपना बताना। दूसरे के किए काम का नाम बदल देना। यही उनका काम है। भाजपा के लोग काम नहीं करते नाम बदलते है। निष्कासित विधायक पूजा पाल की चिट्ठी को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि चिट्ठी कौन लिखवा रहा है। डिप्टी सीएम या बंसल। कोई मुख्यमंत्री से मिले और उसे जान का खतरा हो यह बात समझ में नहीं आयी।

- **निष्कासित विधायक पूजा पाल की चिट्ठी को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि चिट्ठी कौन लिखवा रहा है, डिप्टी सीएम या बंसल**

सपा के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में सोमवार को आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि नौ साल से भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार, लूट, बेईमानी किया है। ऐसा भ्रष्टाचार कभी नहीं था। भाजपा सरकार के अन्याय से किसान, नौजवान, महिलाएं सभी दुखी है। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। प्रदेश में कई महीनों से खाद का संकट है। डीजल से लेकर कीटनाशक तक खेती के लिए प्रयोग होने वाली चीजें महंगी हो गयी है। इस सरकार ने किसानों को नैनो यूरिया खरीदवा दिया, किसानों को कोई लाभ नहीं हुआ। किसान की आय दोगुनी नहीं हुई। किसानों की जो आय थी उसकी लूट दोगुनी हो गयी। मंडियां बंद की जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अब तक की सबसे भ्रष्ट सरकार है। बांदा, हमीरपुर में नदियों को खोद-खोद कर पहाड़ों से ऊंचे बालू के टीले लगाये गये थे। अवैध खनन हुआ, लेकिन भाजपा के मैनेजमेंट से सब कुछ वहीं दब गया। इसी भाजपा ने सपा के नेताओं को बदनाम किया। झूठे मुकदमे लगवाए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार स्कूल बंद कर रही है। शराब की दुकानें खोल रही है। अमेरिका के न्यूयॉर्क से ज्यादा शराब की दुकाने उत्तर प्रदेश में है। भाजपा सरकार स्कूलों को बंदकर शिक्षा से वंचित करना चहती है। भाजपा चाहती है कि लोग पढ़े-लिखे नहीं, शराब पीएं। जो स्कूल बंद हुए थे वे नहीं खुलें। सरकार ने विधानसभा में झूठ बोला कि बंद किये स्कूल खोले जा रहे हैं।

अखिलेश ने शुभांशु शुक्ला को दी बधाई

अखिलेश यादव अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके परिवार को एक बार फिर बधाई देते हुए कहा कि जब भी मौका मिलेगा हम शुभांशु शुक्ला से समय लेकर जरूर मिलेंगे। उनका अनुभव जानेंगे। उन्होंने बहुत बड़ा काम किया है। इसके लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी होगी। ट्रेनिंग करनी पड़ी होगी। तब यह कामयाबी मिली है। यह देश के लिए, उनके परिवार के लिए और व्यक्तिगत उनके लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। इस यात्रा ने पूरे देश का सम्मान बढ़ाया है।

सपा के पोषित माफिया मेरी हत्या कर सकते हैं : पूजा पाल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चायल विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूजा पाल ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सपा के पोषित माफिया और गुंडों से उनकी जान को खतरा है। अपने पति राजू पाल की हत्या के दर्द को याद करते हुए पूजा पाल ने एक पत्र के माध्यम से अखिलेश यादव को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने सपा की अपराधियों को संरक्षण देने की नीति और सपा से खुद के निष्कासन को लेकर तीखा हमला बोला। यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें पूजा ने अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका जताई और कहा कि जब मेरे पति की हत्या हुई उस समय राज्य में सपा की ही सरकार थी, इसलिए मुझे भय है कि सपा के पोषित माफिया गुंडे मेरी हत्या करा सकते हैं।

पूजा पाल ने पत्र में लिखा कि 2005 में उनके पति राजू पाल की सपा शासनकाल में दौड़ा-दौड़ाकर हत्या की गई थी। उस समय प्रयागराज के मुख्य मार्गों पर एके-47 से घंटों फायरिंग कर आतंक फैलाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने उनके और उनके पति के खिलाफ माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ को तीन चुनावों में प्रत्याशी बनाकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि जब मुझे सहारे की जरूरत थी, तब सपा ने मेरे पति के हत्यारे को मेरे खिलाफ खड़ा किया लेकिन मेरे क्षेत्र की जनता और पाल समाज ने मेरा साथ दिया और सपा के अपराधी प्रत्याशियों को हराया। पूजा ने इस समर्थन के लिए जनता और पाल समाज का आभार जताया।

- **अखिलेश यादव के बयान पर सपा से निष्कासित विधायक पूजा पाल ने किया पटलवार**
- **कहा, बीजेपी से खतरा नहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुझे दिया न्याय**

अखिलेश यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके बयान का जिक्र करते हुए, जिसमें उन्होंने कहा कि सपा ने पूजा को टिकट देकर विधायक बनाया, लेकिन भाजपा ने उनका विरोध किया, पूजा ने स्पष्ट किया कि उनकी कोई महत्वाकांक्षा मंत्री बनने की नहीं थी। मेरा उद्देश्य पति के हत्यारों को सजा दिलाना था। योगी सरकार ने मुझे न्याय दिया और हत्यारों को मिट्टी में मिला दिया लेकिन सपा आज भी अपराधियों को दूध पिलाकर पाप कर रही है, जिसे आने वाली पीढ़ियां माफ नहीं करेंगी।

पूजा पाल ने अपने निष्कासन के कारण को भी स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि समाज में यह भ्रम है कि राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के कारण उन्हें सपा से निकाला गया।



उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने नई दिल्ली में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट की

राजनीति का उद्देश्य समाज को देना होना चाहिए, लेना नहीं : महाना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को अगली बार चुनाव जीतने के लिए नहीं, बल्कि जनता ने जो विश्वास जताकर उन्हें भेजा है, उसे पूरा करने के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति का उद्देश्य समाज को देना होना चाहिए, लेना नहीं।

- **दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन के दूसरे दिन उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दिया अपना उद्बोधन**

दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय स्पीकर सम्मेलन के दूसरे दिन अपने उद्बोधन में सतीश महाना ने कहा कि हमें अपनी जिम्मेदारी स्वयं निभानी होगी, कोई दूसरा इसे नहीं निभा सकता। उन्होंने इस तरह के सम्मेलन की सराहना करते हुए कहा कि जिस आदर्श, साहस, ऊर्जा और समर्पण की आवश्यकता है, वह ऐसे सम्मेलनों से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि भारत केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित देश नहीं है, बल्कि यह एक विचार, एक चेतना और ऐसी सभ्यता है जिसने मानव समाज को शासन, न्याय और सामाजिक समरसता के उच्चतम आदर्श दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की शासन परंपराएं इतनी प्राचीन रही हैं कि जब विश्व के अन्य भागों में केवल राजतंत्र या जनजातीय शासन प्रचलित था, तब भारत में सामाजिक विमर्श की परंपरा थी। यही कारण है कि भारत की पहचान लोकतंत्र को जन्म देने और उसे पोषित करने वाले राष्ट्र के रूप में होती है।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का उल्लेख करते हुए महाना ने कहा कि सरकारें आएंगी-जाएंगी, पार्टियां बनेंगी-बिगड़ेंगी, पर यह देश रहना चाहिए। भारत कोई जमीन का टुकड़ा मात्र नहीं, बल्कि एक जीवंत और जाग्रत राष्ट्र है। यह सम्मेलन केंद्रीय विधान सभा के प्रथम भारतीय अध्यक्ष सर विट्ठलभाई पटेल के निर्वाचन की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 24 अगस्त को किया और समापन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के भाषण के साथ हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश की 29 विधानसभाओं के अध्यक्ष और छह विधान परिषदों के सभापति एवं उपसभापति सम्मिलित हुए। इसमें राज्यसभा के सभापति और केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चार विषयगत सत्र आयोजित हुए। प्रारंभिक सत्र विट्ठलभाई पटेल : भारत के संविधान और विधायी संस्थाओं को आकार देने में उनकी भूमिका विषय पर था, जिसे पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने संबोधित किया। इसके बाद राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण ने भारत : लोकतंत्र की जननी विषय पर मुख्य सत्र को संबोधित किया।

अंतरिक्ष से लौटे शुभांशु का लखनऊ में हुआ भव्य स्वागत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ग्रुप कैप्टन अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला सोमवार को सुबह चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महापौर सुषमा खर्कवाल ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2499 से सुबह 8:30 बजे शुभांशु शुक्ला अपने परिवार के साथ एयरपोर्ट पहुंचे।

- **डिप्टी सीएम व महापौर ने एयरपोर्ट पर किया अभिनंदन**

एयरपोर्ट के अराइवल हॉल के बाहर के रास्ते पर दोनों ओर बैंड की प्रस्तुतियां हो रही थीं। बीच-बीच में भारत माता की जयघोष से समूचा परिसर गूंज उठा।

टर्मिनल-3 अराइवल के गेट के सामने कुछ स्कूली बच्चे एस्ट्रोनॉट बनकर स्वागत करने पहुंचे थे। विमान से उतर कर जब 8: 38 बजे शुभांशु अराइवल हॉल में पहुंचे तो उनका स्वागत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। उन्होंने शुभांशु शुक्ला को अंगवस्त्र पहनाकर उनका अभिनंदन किया। एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद थे। एयरपोर्ट के बाहर सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने हाथ में तिरंगा लेकर लहराते हुए शुभांशु का स्वागत और अभिनंदन किया। एयरपोर्ट से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का काफिला शहीद पथ की ओर बढ़ा। इसके पहले सड़क के दोनों ओर वीआईपी हैंगर रोड पर हाथ में तिरंगा लहराते हुए जगह-जगह स्वागत हुआ। लक्ष्मण मूर्ति चौक, करगिल शहीदों की मूर्ति समेत कई जगह बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता स्वागत के लिए खड़े थे। जब उनका काफिला इन स्थानों से गुजरा तो फूलों की वर्षा की गई। जी-20 रोड पर पहुंचने के बाद शुभांशु शुक्ला, उनकी पत्नी कामना, छह वर्षीय बेटा केयाश, पिता शंभूदयाल, मां आशा शुक्ला एक खुले डीसीएम में सवार हुए। पूरे रोड पर हर कोई देश के हीरो की एक झलक पाने को बेताब दिख रहा था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके परिवार ने हाथ हिलाकर लोगों का आभार प्रकट किया।

नगर निगम की ओर से उनके आगमन पर विशेष रोडशो का आयोजन किया गया। शहर की सड़कों पर जगह-जगह नागरिकों ने फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया और वातावरण भारत माता की जय और जय हिंद के नारों से गूंज उठा। शहरवासियों में जबरदस्त उत्साह और गर्व की अनुभूति दिखाई दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, कैबिनेट मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनिल कुमार, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव, भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित पार्टी पदाधिकारी, नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी, कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत : ब्रजेश पाठक

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने वायु सेना के जांबाज ग्रुप कैप्टन, अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का अपनी जन्मभूमि लखनऊ आगमन पर स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लिए आज बेहद विशेष और महत्वपूर्ण दिन है। एक्सिओम मिशन 4 के मिशन पायलट के रूप में इंटरनेशनल स्पेस सेंटर पर तिरंगा फहराने वाले शुभांशु शुक्ला आज की युवा पीढ़ी और देश की आने वाली पीढ़ियों के लिए, सदैव एक प्रेरणास्रोत हैं। दुनियाभर में निवासरत भारतीयों को गौरवान्वित करने के लिए आपका बहुत बहुत आभार।

लखनऊ का नाम भी दुनिया में रोशन किया : मेयर

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि यह दिन लखनऊ के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। एक्सिओम मिशन-4 में मिशन पायलट के रूप में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर तिरंगा फहराकर शुभांशु शुक्ला ने न केवल भारत का, बल्कि लखनऊ का नाम भी दुनिया में रोशन किया है। इस अवसर पर विशेष रोड शो भी आयोजित किया गया।

शुभांशु पर डाक विभाग ने जारी किया लिफाफा

डाक विभाग की ओर से अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ल की यात्रा पर विशेष लिफाफा सोमवार को सिटी मॉन्टेसरी स्कूल गोमती नगर विस्तार शाखा में जारी किया गया। पोस्टमास्टर जनरल सुनील कुमार राय ने बताया कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के लखनऊ आगमन पर भव्य स्वागत समारोह हुआ। इस दौरान अंतरिक्ष में बिताए गए 18 दिवसीय गगन यात्रा को डाक विभाग ने सराहा। इस ऐतिहासिक अवसर पर डाक विभाग ने अंतरिक्ष अन्वेषण के नए चरण में भारत का प्रवेश थीम पर एक विशेष आवरण एवं विशेष विरूपण का विमोचन किया। पोस्टमास्टर जनरल ने शुभांशु शुक्ला को राष्ट्रीय ध्वज सम्मान स्वरूप प्रदान किया।

शुभांशु को राज्य अतिथि का दर्जा : प्रदेश सरकार ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को राज्य अतिथि का दर्जा दिया है। सरकार की ओर से उन्हें न केवल राज्य अतिथि का सम्मान दिया गया है, बल्कि उनकी सुरक्षा और ठहराव से जुड़े सभी इंतजाम भी पुख्ता कर दिए गए हैं। शुभांशु शुक्ला को राजधानी लखनऊ स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में रोका गया और प्रोटोकॉल के तहत उनका पूरा ख्याल रखा गया।

जानकारी के मुताबिक, सरकार ने शुभांशु शुक्ला की ओवरऑल सिक्योरिटी की जिम्मेदारी एक डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारी को सौंपी है। साथ ही, ट्रैफिक पुलिस विभाग की ओर से उन्हें एस्कॉर्ट गाड़ी भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि उनके मूवमेंट के दौरान किसी तरह की दिक्कत न हो। लेकिन प्रशासन ने साफ किया है कि फिलहाल उनके घर जाने के कार्यक्रम को टाल दिया गया है। दरअसल, जहां शुभांशु शुक्ला का घर है, वहां छोटी-छोटी गलियां हैं। ऐसे में वहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटने की आशंका है। प्रशासन का मानना है कि इससे न केवल लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बिगड़ सकती है, बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था पर भी असर पड़ेगा. इसलिए सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने उनके घर जाने के कार्यक्रम को एवॉइड किया है।

जानकीपुरम व फैजुल्लागंज क्षेत्र में फीवर व डायरिया के मरीज मिले

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जानकीपुरम इलाके में डायरिया का प्रकोप अभी भी कायम है। सोमवार को इलाके से तीन मरीज भर्ती होने की खबर है। इसमें दो सगे भाई-बहन हैं। वहीं इलाके में लगे कैंप में नौ मरीज इलाज के लिए आए। इसमें डायरिया के हल्के लक्षण वाला बच्चा

- **स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 198 घरों का सर्वे किया**

था। डॉक्टरों ने दवा देकर उसे वापस कर दिया। सीएमओ का कहना है इलाके में हालात अब पूरी तरह से काबू में हैं। जानकीपुरम सेक्टर 7 में पिछले दस दिन से डायरिया फैला हुआ है। डायरिया से एक मरीज की जान जा चुकी है। जबकि कई लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। सोमवार को इलाके में लगे कैंप में नौ मरीज इलाज के लिए आए। इसमें डेढ़ साल का बच्चा अयाज को उल्टी-दस्त आ रहे थे। डॉक्टरों ने बच्चे को दवा देकर घर भेजा है। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर अस्पताल में भर्ती की बात कही है। वहीं तीन नए मरीज जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में भर्ती हुए हैं। जानकीपुरम सेक्टर आठ के रहने वाले सगे भाई बहन अर्जुन सिंह 15, सरिता 12 भर्ती हैं। वहीं सबा परवीन 28 भी भर्ती हैं। डॉक्टरों की टीम मरीजों का इलाज कर रही है। सोमवार को जानकीपुरम विस्तार से0-सात लखनऊ में पीएचसी जानकीपुरम की टीम ने क्षेत्र में 198 घरों का निरीक्षण किया गया। क्षेत्र में स्थापित कैम्प में नौ मरीजों को देखा गया है, जिसमें डायरिया के सामान्य लक्षण वाले दो मरीज पाए गए उन्हें आवश्यक दवाएं एवं स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करते हुए उपचारित किया गया। वहीं इलाके में स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे दिन डटी रही। लोगों को दवा वितरण संग पानी में क्लोरीन मिलाकर पीने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कई घरों का सर्वे किया। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है टीम इलाके में दवा वितरण संग एंटी लार्वा का छिड़काव कर रही है। इलाके में हालात अब पहले से सामान्य हैं।

फैजुल्लागंज क्षेत्र के अन्तर्गत मामा कालोनी एवं शिव शक्तिनगर में फीवर, डायरिया के रोगियों की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी एनबी सिंह के निर्देशानुसार डॉ. निशान्त निर्वाण, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, डॉ. विनय कुमार, अधीक्षक, सीएचसी अलीगंज एवं रितु श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी, एवं उनकी टीमों ने क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान सीएचसी अलीगंज एवं पीएचसी दाउदनगर फैजुल्लागंज की टीम ने क्षेत्र में 180 घरों का सर्वे किया। जिसमें सामान्य बुखार के पांच मरीजों को आवश्यक दवाएं वितरित करते हुए उपचारित किया गया तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। क्षेत्र में डायरिया का कोई रोगी नहीं पाया गया। क्षेत्र में बुखार के रोगियों की आरडीटी किट के माध्यम से डेंगू एवं मलेरिया की जांच की गयी। जिसमें कोई भी धनात्मक नही पाया गया। क्षेत्र में एमएमयू के माध्यम से मरीजों को उपचार प्रदान किया गया।

पानी में क्लोरिन मिलाकर पीने की सलाह : जानकीपुरम सेक्टर 7 में अभी भी लोग जलापूर्ति का पानी पीने में डर रहे हैं। यहां तक टैंकर का पानी पीने से लोग परहेज कर रहे हैं। लोगों का कहना है वह बाजार से बोतल बंद पानी मंगाकर पी रहे हैं ताकि स्वास्थ्य न खराब हो। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम पूरे दिन डटी रही। घर-घर जाकर लोगों को पानी में क्लोरिन मिलाकर पीने की सलाह दिया।

जलकल का दावा, सप्लाई का पानी पूरी तरह से मानक के अनुरूप और पीने योग्य : राजधानी लखनऊ के जानकीपुरम सेक्टर-7 विस्तार में पिछले कुछ दिनों से डायरिया के मरीज सामने आने के बाद लोगों को संदेह था कि कहीं यह बीमारी दूषित पेयजल के कारण तो नहीं फैल रही है। स्थानीय नागरिकों ने इस मुद्दे पर नगर निगम और जलकल विभाग से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जलकल विभाग की टीम ने कई घरों से पेयजल के नमूने एकत्र किए। इन नमूनों को जांच के लिए राज्य स्वास्थ्य संस्थान की प्रयोगशाला भेजा गया। राज्य स्वास्थ्य संस्थान की लैब रिपोर्ट में यह साफ कर दिया गया है कि जलकल विभाग की ओर से जो पानी सप्लाई में दिया जा रहा है, वह पूरी तरह से मानक के अनुरूप और पीने योग्य है। रिपोर्ट में किसी भी प्रकार के जीवाणु या हानिकारक तत्व की पुष्टि नहीं हुई है। जलकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सप्लाई में दी जा रही पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाती है और हर सप्ताह अलग-अलग इलाकों से सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजे जाते हैं। लोगों से अपील की गई है कि वे अपने घरों की पानी की टंकियों की समय-समय पर सफाई करें, पाइपलाइन में कहीं से रिसाव हो तो तत्काल विभाग को सूचित करें और खुले में पड़ी गंदगी के निस्तारण में सहयोग करें।

कुत्तों के लिए फीडिंग स्पॉट बनायें आरडब्लूए

लखनऊ। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) को कुत्तों के लिए फीडिंग स्पॉट बनाने को कहा गया है। यह भी निर्देश दिए गए हैं कि ऐसी जगहों का चयन करें, जहां बच्चों व बुजुर्गों की आवाजाही कम हो। नगर निगम प्रशासन की ओर से यह एडवाइजरी जारी की गई है। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि उच्चतम न्यायालय की ओर से श्वान संबंधित आदेश के अनुपालन में केंद्र सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने पशु जन्म नियंत्रण नियम 2023 के तहत एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत सभी आरडब्लूए स्थानीय नागरिकों, फीडर्स के सहयोग से फीडिंग स्पॉट बनाएं। जहां कुत्तों को भोजन दिया जाएगा। यह ऐसी जगह होनी चाहिए, जहां बच्चों और बुजुर्गों का आना-जाना कम हो, जोकि प्रवेश तथा निकास द्वार के निकट न हो। साथ ही कुत्तों को निश्चित समय पर फीडिंग कराई जाए।

4903 वाहनों के पंजीकरण निलंबित

लखनऊ। पांच बार या उससे अधिक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर 4903 वाहनों के पंजीकरण सोमवार को निलंबित कर दिया गया। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनो को चलाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए नौ हजार से अधिक की सूची मुख्यालय भेजी गयी थी। इसमें से 70 फीसदी के चालान चौराहों इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के कैमरों से हुए थे। जुलाई की शुरूआत में आरटीओ ने 253 डीएल और पंजीकरण निलंबित किए गए थे। शेष की जांच और भेजी गई नोटिस का जवाब न देने पर अब 221 के डीएल और 4903 वाहनों के पंजीकरण निलंबित कर दिए गए हैं। एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह के अनुसार दो हजार और वाहनों के स्वामियों को नोटिस भेजा चा चुका है। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। 126 बाइक सवार हैं शामिल ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन में जिन 221 के डीएल निलंबित किए गए हैं, उसमें सबसे ज्यादा 126 बाइक सवार हैं। उसके बाद ऑटो और अन्य वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। बाइक सवारों में सबसे ज्यादा रेड सिग्नल जंप करने के मामले हैं। उसके बाद छोटे सवारी वाहनों की संख्या है। निर्धारित मानकों को पूरा किए बिना वाहन चलाने पर ही इनके पंजीकरण निलंबित किए गए हैं। उसके बाद बिना हेल्मेट, ट्रिपल सवारी, रांग साइड चलने के मामले हैं। पंजीकरण निलंबन में व्यावसायिक वाहन अधिक जिन 4903 वाहनों के पंजीकरण निलंबित किए गए हैं, उसमें छोटे व्यावसायिक वाहनों की संख्या अधिक है, जो कि लगभग 2900 है।

गाजीपुर में सीवर चैंबर से डाल दी पानी की लाइन

लखनऊ। बिना परीक्षण जलकल विभाग के ठेकेदार की ओर से मैथिलीशरण गुप्त वार्ड के गाजीपुर गांव सी ब्लॉक इंदिरा नगर में सीवर चैंबर के अंदर से पानी की लाइन डाल दी। पूर्व पार्षद दिलीप श्रीवास्तव ने सीवर चैंबर के फोटोग्राफ के आधार पर जलकल जोन 7 के अधिकारियों पर घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जलकल विभाग स्वच्छ पानी तो दे नहीं सकता लेकिन सीवरेज युक्त गंदे पेय जल की आपूर्ति जरूर कर रहा है। उन्होंने कहा कि गाजीपुर गांव में गुड्डू के आवास के निकट से पतली गली में कई स्थानों पर सीवर चैंबर के नीचे से पानी की लाइन डाल दी गई। साथ ही कई स्थानों पर सीवर लाइन के बगल से पानी की लाइन डाली गई। लिखित रूप से प्रार्थना पत्र मुख्यमंत्री, महापौर, महाप्रबंधक जलसंस्थान और नगर आयुक्त को भेजा है। पत्र में जांच की मांग, साथ ही सर्वे कराकर ही नियमों के अनुरूप ही पेयजल की लाइन डालने की मांग की गई है। इस मामले में पीएसएस धनीराम की ओर से कई स्थानों पर गलत लाइन डाले जाने की बात स्वीकार की गई है।

फ्लैट पर कब्जे में देरी से खरीदार परेशान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने शनिवार को ऑनलाइन रेरा संवाद का आयोजन किया। इस दौरान देश और विदेश से भी कई खरीदारों जुड़े। उन्होंने फ्लैट पर कब्जे में देरी का मुद्दा उठाया। खरीदारों ने समाधान कराने की मांग की। अफसरों ने खरीदारों को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के साथ ही अन्य विकल्पों की जानकारी दी।

यूपी रेरा की ओर से हर सप्ताह रेरा संवाद का आयोजन किया जाता है। इस बार हुए संवाद में खरीदारों की समस्याएं सुनीं गईं। मुख्य समस्या फ्लैटों पर देरी से कब्जा मिलने की रही। दुबई से लेकर रांची, प्रयागराज और एनसीआर के खरीदारों ने कहा कि बिल्डर ने जिस समय पर कब्जा देने का वादा किया था, उस समय पर कब्जा नहीं दिया है। जबकि वह पूरा पैसा पहले ही जमा कर चुके हैं। मगर हर बार कब्जा देने की नई तारीख दी जा रही है। अधिकारियों ने कहा है कि वो यूपी रेरा में ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते है। यूपी रेरा अधिकारियों ने गृह खरीदारों को उपलब्ध कानूनी उपायों की जानकारी दी। उन्होंने शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, डिफॉल्ट करने वाले प्रमोटरों के खिलाफ कार्रवाई के विकल्प और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से

- **यूपी रेरा के संवाद में दुबई, रांची और प्रयागराज के खरीदारों ने रखीं समस्याएं**

शिकायत दर्ज कराने के तरीके समझाए। रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि कार्यक्रम से समस्याओं का समाधान करने के साथ खरीदारों को जागरूक करने में मदद मिल रही है। उनका उद्देश्य केवल शिकायतों का निस्तारण करना नहीं, बल्कि भविष्य की समस्याओं को कम करना है।

रजिस्टर्ड प्रॉजेक्ट के विज्ञापन पर यूपी रेरा के नियम सख्त : उत्तर प्रदेश भू संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने रियल एस्टेट में पारदर्शिता बढ़ाने और परियोजना निर्माण की समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए नियमों में सातवां संशोधन किया है। यूपी रेरा ने प्रमोटर्स और एजेंट्स को रेरा में पंजीकृत परियोजनाओं के विज्ञापन, मार्केटिंग और प्रमोशन सहित परियोजनाओं के निर्माण के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। प्रमोटर्स को परियोजना के लिए आर्किटेक्ट, इंजीनियर व सीए की जानकारी रेरा को देनी होगी। घर खरीदारों और प्रमोटर के बीच विश्वसनीयता बढ़ेगी, जवाबदेही लाई जाएगी। परियोजना के लक्ष्य समय से पूरे हो और वह समय से पूर्ण हो सके। यूपी रेरा ने प्रमोटर्स और एजेंट्स को रेरा रजिस्टर्ड विज्ञापन निकालने के दौरान पांच बिंदुओ का ध्यान रखने के लिए निर्देश दिए है परियोजना का रेरा पंजीयन संख्या, फॉर्म सी या रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट में दिया गया।

राजाजीपुरम व्यापार मण्डल के अध्यक्ष चुने गये ऋषभ गुप्ता

लखनऊ। राजाजीपुरम व्यापार मंडल के संरक्षक अजय दीक्षित व्यापार मंडल के विदिक सलाहकार व सेंट्रल बार के अध्यक्ष अखिलेश जयसवाल, पूर्व अध्यक्ष अनिल अवस्थी बाबा एवम पूर्व महामंत्री राजवीर सिंह की उपस्थिति में राजाजीपुरम व्यापार मंडल के अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता द्वारा एक आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे राजाजीपुरम व्यापार मंडल के चुनाव घोषणा भी किया गया। मुख्य संरक्षक पार्षद अजय दीक्षित ने व्यापार मंडल द्वारा दिए गए चुनाव कमेटी पर मार्केट के तमाम व्यापारियों की मौजूदगी में मोहर लगायी। जिसमे व्यापारियों द्वारा मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में अखिलेश जायसवाल को चुना गया साथ मास्टर शमशेर अली व कुलदीप रस्तोगी को चुना गया। ऋषभ गुप्ता द्वारा कमेटी को आश्वासन के बाद मौजूदा कार्यकारिणी चुनाव कमेटी का पूरा सहयोग करेगी। अजय दीक्षित द्वारा व्यापार मंडल अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता कों चुनाव होने तक अध्यक्ष के कार्यभार संभालने के लिए दातिव्य सौपा गया।

मंत्री ने सिविल लाइन बस स्टेशन का किया उद्घाटन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निमग एवं प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कम्पनी ओमक्स बीटूगेदर के मध्य उत्तर प्रदेश के 6 बस स्टेशनों पुराना बस स्टेशन गाजियाबाद, गोमती नगर लखनऊ, अयोध्या धाम, सिविल लाईन प्रयागराज, अमौसी लखनऊ एवं कौशाम्बी, गाजियाबाद को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित परियोजना के अन्तर्गत कम्पनी द्वारा सिविल लाईन बस स्टेशन प्रयागराज पर साइट ऑफिस का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर ओमेक्स लिमिटेड कम्पनी के वरिष्ठ अधिकारियों एवं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम प्रयागराज क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबन्धक एव अन्य अधिकारियों के साथ-साथ परियोजना टीम, स्थानीय गणमान्य तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर ओमेक्स लिमिटेड के सुनील कुमार सोलंकी, प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड ने कहा कि हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम सिविल लाइन बस स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त परियोजना विकसित कर रहे हैं।

वर्षांत तक हर हाल में पूरे करें प्रधानमंत्री आवास : मनमीत कौर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मनमीत कौर, निदेशक, पीएमओ, भारत सरकार इन दिनों यूपी के दो दिवसीय दौरे पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत राजधानी में अवध विहार योजना में निर्मित लाइट हाउस प्रोजेक्ट

- **नई तकनीकों को अपनाने के लिए मॉडल बना लाइट हाउस प्रोजेक्ट**
- **दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ आईं निदेशक, पीएमओ, भारत सरकार ने आवासों का निरीक्षण**

का निरीक्षण किया। इसके पश्चात राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) मुख्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के विभिन्न घटकों की प्रगति की समीक्षा भी की। तत्पश्चात उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के घटक भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) के अंतर्गत शारदा नगर विस्तार व सेक्टर 10-बी अवध विहार योजना में निर्मित आवासों का भी निरीक्षण किया।

दो दिवसीय दौरे के पहले दिन मनमीत कौर ने अवध विहार योजना में निर्मित लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने ने कहा कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत निर्मित एक आदर्श मॉडल है, जिसका उद्देश्य आधुनिक और सस्ती आवासीय इकाइयों का निर्माण करना है। निरीक्षण के दौरान, श्रीमती कौर ने निर्माण की गुणवत्ता, इस्तेमाल की गई तकनीक और परियोजना की प्रगति का गहन जायजा लिया। उन्होंने कहा कि एलएचपी के निर्माण में प्रयोग की गई नवीनतम तकनीकी स्टे-इन-फायरवर्क्स सिस्टम विद पीईबी स्ट्रक्चर पारंपरिक निर्माण विधियों की तुलना में अधिक टिकाऊ है। मनमीत कौर ने परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट न केवल आवास ही प्रदान नहीं किए हैं बल्कि निर्माण क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाने के लिए एक

मॉडल के रूप में भी काम किया है। निरीक्षण कार्यक्रम में निदेशक पीएमओ ने एलएचपी के लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों के आवेदन करने से लेकर एलएचपी में आवास मिलने तक के अनुभव को भी जाना। इस अवसर पर अधिकारियों ने निदेशक पीएमओ को लाइट हाउस प्रोजेक्ट के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

प्रदेश में किफायती दरों में आवासीय परिसरों की संख्या बढ़ाना जरूरी : मनमीत कौर, निदेशक, पीएमओ, भारत सरकार ने सूडा भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी व प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के विभिन्न घटकों की प्रगति की समीक्षा भी की। बैठक में निदेशक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी व प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र शहरी परिवारों को किफायती आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में पीएमएवाई-यू तथा पीएमएवाई-यू 2.0 की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। बैठक के दौरान, योजना के विभिन्न घटकों के तहत चल रहे कार्यों, लाभार्थियों की संख्या, और योजना के कार्यान्वयन में आ रही कठिनाईयों पर विस्तार से चर्चा हुई। श्रीमती कौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं जाएं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के बीएलसी घटक के लम्बित आवासों का कार्य नियमित रूप से अनुश्रवण करके मिशन अवधि दिसम्बर 2025 तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने योजना के द्वितीय चरण प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 में आवास स्वीकृति के लिए उन यूएलबी पर विशेष फोकस करने को कहा, जहां पर योजना के प्रथम चरण में आवासों की स्वीकृति कम हुई है। इसी के साथ ही एएचपी घटक की समीक्षा करते हुए निदेशक पीएमओ ने कहा कि लम्बित आवासों को मिशन अवधि में पूर्ण करना हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इसमें आ रही कठिनाइयों के निवारण के लिए आवास विकास परिषद, लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं आवास बंधु के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। निदेशक पीएमओ ने कहा कि योजना के द्वितीय चरण प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत यूपी जैसी बड़ी आबादी वाले प्रदेश में किफायती दरों में आवासीय परिसरों की निर्माण संख्या को बढ़ाना जरूरी है। जिससे लोगों को कम लागत में सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त आवासीय परिसर उपलब्ध हों। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास किफायती दरों वाले आवासीय परिसरों के निर्माण पर फोकस किया जाए, जिससे दुर्बल आय वर्ग के लोगों को कम लागत में सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त आवासीय परिसर उपलब्ध हों।

बारिश से लेसा की बिजली गुल, कई क्षेत्रों में घंटों रही बिजली कटौती

लखनऊ। कभी धूप कही बारिस ने लेसा कि बिजली व्यवस्था चौपट कर दिया। शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मे जहां जमीन के नीचे 11 केवी तार फाल्ट होने पर बिजली गुल हो गयी। नादरगंज के अमौसी एयरपोर्ट के पास 250 केवीए मे फाल्ट आने पर कई क्षेत्रों की बिजली गुल हो गयी। राजभवन डिवीजन के हरिहरपुर में दोपहर के समय बरसात होने पर बिजली गुल हो गयी। मोहनलालगंज कचहरी के पास एबीसी लाईन फाल्ट होने पर बिजली 3 घण्टे से अधिक कटौती रही।

निगोहा के कई क्षेत्रों में बिजली गुल : रविवार की देर रात से शुरू हुई बारिश से निगोहा कस्बा सहित विधुत सबस्टेशन के सभी फीडर ब्रेकडाउन होने से विधुत आपूर्ति घण्टो तक बाधित रही वही सोमवार को पहुंचे लेसा कर्मियों ने ब्रेकडाउ लाइनों की मरमत कर आपूर्ति बहाल कराई की शाम लगभग 4 बजे हुई बारिश के चलते एक बार फिर से लाइने ब्रेकडाउन होने से निगोहा सबस्टेशन से जुड़े क्षेत्रों में विधुत आपूर्ति ठप होने से पूरा क्षेत्र अंधकार मय हो गया। अवर अभियंता विजय शर्मा ने बताया कि पेड़ो की डाले टूट कर एबीसी लाइनों पर आ जाने से 11 हजार केबी लाइने ब्रेकडाउन हुई वही निगोहा कस्बे की आपूर्ति बहाल होने के बाद अचानक एलटी लाइन में इनशूलेटर पंचर होने से आपूर्ति बाधित हुई बीती रात हुई बरसात के कारण रघुनाथ खेड़ा फीडर के अंतर्गत आने वाले दयालपुर रघुनाथ खेड़ा मदारी खेड़ा हरि कुँवर खेड़ा राती अहिनिवार वीरसिंह पुर बैरी मतिया बरवलिया बेनीगंज आदि गांवों में घण्टों आपूर्ति बाधित रही।

महत्वपूर्ण नंबर

वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन

हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस

मेडिकल सेवा- 102, 108

तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलटी

निगोहा थाना क्षेत्र का मामला, चार बाइक क्षतिग्रस्त, कई लोग बाल-बाल बचे

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। निगोहा थाना क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। रायबरेली निवासी दो युवक लखनऊ से रायबरेली लौट रहे थे, तभी उनकी स्कॉर्पियो अचानक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

घटनाक्रम रायबरेली शहर के घंटाघर निवासी करण लोधी अपने साथी रामदुलारे के साथ स्कॉर्पियो से लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी मस्तीपुर गांव के पास पहुंची, तभी अचानक स्कॉर्पियो की स्टेरिंग रॉड टूट गया। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर बाइक सर्विस सेंटर के बाहर खड़ी चार मोटरसाइकिलों से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो करीब 50 मीटर सड़क पर पलट गई। हादसे के समय आसपास बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि वाहन की रफ्तार काफी तेज थी यदि समय रहते लोग हटते नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय निवासी रामसजीवन ने कहा कि गांव से गुजरने वाले बड़े वाहन अकसर तेज रफ्तार से निकलते हैं जो किसी दिन बड़ा खतरा बन सकते हैं प्रशासन को सख्ती करनी चाहिए। वहीं घटना की सूचना पाकर निगोहा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को सड़क से हटवाया। जिसके बाद यातायात बहाल कराया गया। घटना में दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो के पीछे विधायक लिखा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एंबुलेंस चालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

- अस्पताल के बाहर खड़ी एंबुलेंस में मिला शव

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। विभूतिखंड में डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के गेट नंबर-आठ के बाहर खड़ी एंबुलेंस में एक 42 वर्षीय शख्स का शव मिला। शव एम्बुलेंस चालक वीरेन्द्र कुमार का बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मूलरूप से सीतापुर के सदरपुर थाना क्षेत्र स्थित बन गौवा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा 42, अनिल कुमार बाल्मीकि की एंबुलेंस यूपी32एचएन-4503 चलाता था। बताया जा रहा है कि रोज की तरह वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के गेट नंबर-आठ के बाहर एंबुलेंस खड़ी किया था। बताया जा रहा है कि आसपास में खड़ी करने वाले एंबुलेंस चालकों ने देखा कि वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा काफी देर से एंबुलेंस से बाहर नहीं निकला। पास में जाकर देखा कि वह कुछ बोल नहीं रहा है। इस पर लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस आनन-फानन में एंबुलेंस से निकलवाकर वीरेंद्र को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त अपराध ने बताया इसकी सूचना परिजनों को दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगा कि एंबुलेंस चालक की मौत कैसे हुई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

अंग्रेजी शराब की दुकान में चोरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के खुजौली गांव में शनिवार की देर रात चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने यहां स्थित कंपोजिट अंग्रेजी और बियर की दुकान का शटर तोड़कर नकदी और शराब की बोतलें चोरी कर ले गए। रविवार सुबह जब सफाईकर्मी ने टूटा शटर देखा तो उसने तत्काल दुकान मालिक को सूचना दी। जिसके बाद पहुंची पुलिस छानबीन कर तहरीर लेकर कार्रवाई कर रही है।

दुकान का लाइसेंस राधा अवस्थी के नाम से प्राप्त है, जबकि संचालन उनके पुत्र आदित्य अवस्थी करते है। दुकान के सेल्समैन अनिल जायसवाल ने बताया कि वह रात करीब 10 बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब सूचना मिली तो दुकान से करीब दो लाख रुपये नकद और महंगी शराब की कई बोतलें गायब मिलीं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से शटर तोड़ा और अंदर घुसकर रैक व काउंटर से नकदी व शराब की बोतलें समेट ली। चोरी की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची मोहनलालगंज पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने रही। एसीपी रजनीश वर्मा भी घटनास्थल पर मौके पर पहुंचे और चोरी का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया।

मुनाफा देने का झांसा देकर व्यापारी दंपती ने हड़पे 22 लाख

- हर माह दो या तीन प्रतिशत मुनाफा देने का भी किया था वादा
- जांच के बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृष्णानगर कोतवाली में एक महिला ने पूर्व परिचित व्यापारी दंपत्ति पर कर्ज के रूप में 22 लाख रुपये ले हड़पने का आरोप लगाया। इस मामले में तहरीर मिलने पर पुलिस ने नामजद एफआईआर दर्ज की है।

कानपुर रोड हिंद नगर में रहने वाली पीड़िता अंजू अरविंद पत्नी प्रकाश अरविंद के अनुसार कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित एलडीए एस-7 सेक्टर-एफ एलडीए कालोनी निवासी मनीष गुलाटी व उनकी पत्नी रश्मि गुलाटी उनके पूर्व परिचित है। आरोप है कि वर्ष 2021 में उनके पूर्व परिचित मनीष गुलाटी व उसकी पत्नी रश्मि गुलाटी ने व्यापार में नुकसान की बात कह उनसे दस लाख रुपए बतौर कर्ज के रूप में लिए थे। उन्होंने वादा किया था कि दो प्रतिशत का मुनाफा प्रतिमाह देंगे और छ माह में पैसे वापस कर देंगे। शुरू के कुछ माह बीस हजार रुपए दिये, लेकिन फिर पैसे देना बंद कर दिया। यही नहीं मूल रकम भी वापस नहीं दिया। जिसके पश्चात उन्होंने वर्ष 2023 में पुनः तीन प्रतिशत पर दस लाख रुपए कर्ज के रूप में लिए लेकिन उनके रुपयों को जालसाजी से हड़प लिया। वहीं पीड़िता का कहना था कि उन्होंने अपने संग धोखाधड़ी का एहसास होने पर मामले की शिकायत पुलिस सहायक आयुक्त कृष्णानगर से की थी। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर जांच के बाद एसीपी के आदेश पर आरोपित दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी और रुपए हड़पने की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

महिला टप्पेबाज ने युवती का पर्स उड़ाया: आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित चंदन नगर मार्केट में टप्पेबाज महिला गैंग ने युवती का बैग उड़ा दिया। अपनी वार्डेन के साथ खरीदारी करने गई युवती को निशाना बना कर टप्पेबाज महिला भीड़ का फायदा उठाकर भाग खड़ी हुई। आलमबाग प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि मूलरूप से खीरी के रहने वाले दीपेंद्र मिश्र पुत्र रामाधार मिश्र के अनुसार उनकी बहन वर्षा रानी लखनऊ के हॉस्टल में रहती है। बीते 15 अगस्त को उनकी बहन वर्षा अपनी वार्डेन के साथ जन्माष्टमी की खरीदारी करने चंदन नगर मार्केट गई थी। आरोप है कि दुकान पर खरीददारी करते समय चार-छह महिलाओं का समूह दुकान में घुसा और उनकी बहन को धक्का देते हुए निकल गया। शक होने पर बहन ने देखा तो उसके कंधे पर टंगा बैग खुला था और उसमें रखा छोटा पर्स गायब था। बहन और वार्डन ने महिलाओं का पीछा भी किया लेकिन वह भीड़ में गुम हो गईं। वहीं पीड़िता के भाई का कहना था कि उसकी बहन के पर्स में दस हजार रुपये नकद, यूनियन बैंक का एटीएम कार्ड, समेत दस्तावेज मौजूद थे। जिसके चलते उसने स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर महिला गिरोह की तलाश की जा रही है।

तीन पीड़ितों के खातों से 1.55 लाख की ठगी

लखनऊ। साइबर अपराधियों ने लखनऊ में तीन अलग-अलग घटनाओं में लोगों के खातों से कुल 1.55 लाख की ठगी की है। इन मामलों में हजरतगंज और हुसैनगंज पुलिस स्टेशनों में शिकायतें दर्ज की गई हैं। बताया जा रहा है कि शातिरों ने कैंपा कोला की फ्रेंचाइजी के नाम पर ठगी की है। पहली घटना जानकीपुरम के वशिष्ठ पुरम निवासी आशु सिंह के साथ हुई। दूसरी घटना

हुसैनगंज के एपीसेन रोड के रहने वाले रवि वर्मा के बैंक खाते से भी 20,000 निकाल लिए गए। वहीं तीसरी घटना हजरतगंज के आर्यन होटल के कैशियर सतप्रीत सिंह के साथ हुई। मोबाइल चोरी होने के बाद, उनके खाते से 36,000 निकाल लिए गए। पुलिस ने तीनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

शराब पीकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, चले ईंट और पत्थर

महिला समेत आधा दर्जन लोग जख्मी, एफआईआर दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगराम के करोरा गांव में रविवार रात शराब पीकर गाली-गलौज करने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में हुई कहासुनी के बाद नौबत मारपीट तक पहुंच गई। एक-दूसरे पक्ष से इकट्ठा लोग लाठी-डंडों से मार-पीट करने लगे। मारपीट में महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार दोनों द्वारा एक दूसरे के विरुद्ध दी गई तहरीर पर मारपीट व बलवा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

नगराम के करोरा गांव में धीरज कुमार धोधी व राम सुमेर पाल के घर आस-पास हैं। धीरज कुमार लोधी ने बताया कि होरी लाल पाल उसके घर मजदूरी किए थे, जिसे मजदूरी का पैसा दिया गया था। होरी लाल मजदूरी के पैसों से शराब पीकर घर गया तो उसके घर के लोग जो पहले से ही शराब के नशे में थे, होरी लाल को शराब पिलाने का आरोप लगाते हुए टुक्कू पाल व होरी लाल उसके पिता से गाली-गलौज करने लगे। उसके पिता राजाराम द्वारा गाली गलौज का विरोध करने पर टुक्कू अपने परिवार के गुड्डू, बब्लू होरीलाल, सरवन पाल, मोलहे चाहत,ा बनवारी पाल, भारत पाल, लल्लू, अनुज पाल व शुभम पाल सहित तीन अन्य अज्ञात लोगों को बुला लिया। सभी लोगों ने गंदी-गंदी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडों व गुम्मा से उसके पिता को मारने लगे। इतने में नहर की तरफ से वह भी आ गया तो सभी लोगों ने उसे भी मारा। शोरगुल सुनकर बचाने आई उसकी भतीजी अल्का भांजी नम्रता, मां नन्हकई व भतीजे नरेंद्र को भी मारापीटा। मारपीट से सबके सिर व शरीर में काफी चोटें आई हैं। वहीं दूसरे पक्ष के राम सुमेर का आरोप है कि रविवार रात पड़ोसी राजाराम अपने लड़के सुधीर, धीरज व परिवार के सुरेंद्र, नरेंद्र, रूपेंद्र, सियाराम, दिनेश, सतीश व अलपित के साथ उसके दरवाजे आकर पथराव किया गया। जिससे वह व उसका भाई श्रवण कुमार, सर्वेश, राम दुलारी, फुलवासा, श्रीकांती आदि के शरीर में चोटें आई हैं। सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि एक पक्ष के धीरज कुमार लोधी व दूसरे पक्ष के राम सुमेर पाल द्वारा दी गई तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मार-पीट, बलवा सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है ।

इंस्पेक्टर से सीओ की डीपीसी हुई

लखनऊ। प्रदेश में 87 इंस्पेक्टर प्रमोशन पाकर पुलिस उपाधीक्षक बन गये। सोमवार को दोपहर बाद उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज में निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति की डीपीसी हुई। जिसमें वर्ष 1998 बैच व पूर्व में इस बैच के पहले के इंस्पेक्टर को पदोन्नति दी गयी है। जिसमें 78 सिविल पुलिस के निरीक्षक, नौ प्रतिसार निरीक्षक व कंपनी कमांडर शामिल है। डीपीसी के बाद जल्द ही लोकसेवा आयोग से प्रमोशन लिस्ट शासन को भेजी जायेगी। जिसके बाद पदोन्नति पाने वाले पुलिस उपाधीक्षकों की तैनाती डीजीपी कार्यालय से जारी किया जायेगा।

सिसेंडी कस्बे में जलभराव, टूटी सड़क और गंदगी से व्यापारी त्रस्त

- आक्रोशित व्यापारियों ने विकासखंड अधिकारी से की मुलाकात

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मोहनलालगंज विकास खंड क्षेत्र के कस्बा सिसेंडी की दुर्दशा ने व्यापारियों और स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है, जगह-जगह जलभराव टूटी-फूटी सड़कें नालियों का जाम होना और सड़कों पर कूड़े के ढेर से कस्बा नरक का दृश्य प्रस्तुत कर रहा है।

परेशान व्यापारियों और कस्बावासियों ने सोमवार को विकासखंड अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। वही कस्बा सिसेंडी की आबादी लगभग 12 हजार है, जहां मुख्य बाजार रानी बाजार और मनिहारन टोला की स्थिति बेहद खराब है। रानी बाजार की सड़क पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है, सड़क तालाब जैसी दिखाई दे रही है। बारिश के पानी और जाम नालियों के कारण बाजार का बड़ा हिस्सा लगातार पानी में डूबा रहता है। इससे न केवल व्यापारियों की दुकानें प्रभावित हो रही हैं बल्कि खरीदारी करने आने वाले लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सिसेंडी जैसे बड़े कस्बे में स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। सड़कें जगह-जगह से टूटी पड़ी हैं, नालियों की सफाई महीनों से नहीं हुई है और कूड़ा निस्तारण की कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं है। इससे बाजार के दोनों ओर गंदगी का अंबार लग गया है। सिसेंडी उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष इमरान खान, महामंत्री विरेंद्र शुक्ला सोनू, उपाध्यक्ष अंजनी शुक्ला, संगठन मंत्री अब्दुल हमीद, सईद अख्तर, प्रदीप गुप्ता, संजय सिंह सहित वरिष्ठ समाजसेवी एवं ललित दीक्षित ने बीडीओ से मुलाकात कर कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारियों को आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा। व्यापारियों की समस्या सुनने के बाद विकास खंड अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कस्बे की समस्याओं के निराकरण के लिए एडीओ पंचायत, जेई तथा सचिव डीपी सिंह की संयुक्त टीम गठित की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नालियों की सफाई, सड़क की मरम्मत और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था कराई जाएगी।

पूर्व प्रधान के बेटे का शव कमरे में मिला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बंथरा इलाके में पूर्व प्रधान के किसान बेटे का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। मृतका का उसकी पत्नी से विवाद का मामला न्यायालय में विचाराधीन चल रहा है।

ग्राम पंचायत भदोई की पूर्व प्रधान रामजानकी के 38 वर्षीय पुत्र कौशल किशोर रावत रविवार की रात कमरे में पंखे के हुक से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। रामजानकी के मुताबिक उनका बेटा खेती करता था। रविवार रात करीब 9 बजे बाजार से घर लौटा और खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया। सोमवार सुबह जब देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो करीब 9 बजे पिता राधेश्याम उसे जगाने पहुंचे। उन्हे कमल किशोर कमरे के अंदर पंखे के हुक से दुप्पटे के सहारे मृत अवस्था में लटका मिला। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। कौशल का उसकी पत्नी ममता से विवाद चल रहा है। दोनों के बीच विवाद का मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। ममता का हसनगंज के न्योतनी में मायका है, लेकिन इस दौरान वह दोनों बेटों के साथ पारा के बुद्धेश्वर चौराहे के पास किराये के मकान में रह रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

अखिल कुमार को केन्द्र में मिली तैनाती

लखनऊ। कानपुरनगर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनाती दे दी गयी है। श्री कुमार को डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन, मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक एण्ड इंफार्मेसन टेक्नालॉजी में मैनेजिंग डायरेक्टर के पद पर तैनाती दी गयी है। फिलहाल यूपी सरकार ने पूर्व में ही प्रतिनियुक्ति के लिए एडीजी अखिल कुमार एनओसी दे दी थी।

दो किशोर छात्र लापता

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके स्थित औरंगाबाद खालसा क्षेत्र आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले दो किशोर दो दिन पूर्व शाम समय अपने घर से बिना किसी को बताए लापता हो गए। जिनकी खोजबीन करने के बाद एक लापता किशोर छात्र के मामा ने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित औरंगाबाद खालसा निवासी सूरज गौतम के अनुसार उनका भांजा आयुष गौतम पुत्र संजय एक निजी स्कूल में आठवीं का छात्र है।

Notice

I, Nawaid Khan S/o Arif Khalil r/o Naya Dashaharabagh, Nawab ganj, Barabanki. Inform that Naved Khan is Written in Rida Khan's 8th Class Result Card, which is Wrong, Correct name is Nawaid Khan

न्यायालय सूचना

एच.सी.जे. फार्म नं. 33 पार्ट नं. 7
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी
महोदय कादीपुर सुलतानपुर
अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा.संहिता
ता. पेशी - 30.08.2025

मनोज प्रभाकर

बनाम

1. बीरेन्द्र बहादुर पुत्र रामरेख सिंह।
2. ज्ञानप्रकाश पुत्र रामरेख सिंह नि. ग्रा. सहतपुर पर. अल्देमऊ तह. कादीपुर सुलतानपुर।
3. ग्राम पंचायत द्वारा प्रधान ग्राम सहतपुर पर अल्देमऊ तह. कादीपुर सुलतानपुर।

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतः एवं आपकी एतत् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ करने के लिए 30.08.2025 के दिवस को पूर्वांह या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात है और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 25.08.2025 के दिवस को निकाली गयी।

न्यायालय

बाजार की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर होता है अतिक्रमण

- तीन दिन लगता है बाजार, लगता है लंबा जाम
- नगर पंचायत पर तीन दिन लगने वाला बाजार

प्रदीप सिंह

लखनऊ। नगर पंचायत बीकेटी में नगर पंचायत की भूमि पर सप्ताह में तीन दिन लगने वाली बाजार से मुख्यमार्ग पर अतिक्रमण हो जाता है। बाजार के हालत तो यह है कि बाजार की दुकानें मुख्यमार्ग के काफी हिस्से को अतिक्रमण कर लिया। जिसके चलते वहां लंबा जाम अक्सर ही रहता है। इस अतिक्रमण को हटाने में कोई पुलिस अफसर या स्थानीय पुलिस रूचि नहीं दिखा रही है जबकि कुछ ही दूर पर एक नवीन चौकी भी स्थापित कर दी गयी है।

ट्रैफिक व्यवस्था और अतिक्रमण के खिलाफ शहर भर में अभियान चलाया जा रहा है लेकिन सीतापुर रोड स्थित बीकेटी नगर पंचायत की भूमि से सड़क तक हुए अतिक्रमण को हटाने में कोई पुलिस अफसर रूचि नहीं ले रहा है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत की भूमि पर सप्ताह में तीन दिन बाजार लगती है। किंतु बाजार का अवलोकन करने पर कोई भी व्यक्ति भ्रमित हो जायेगा की बाजार मुख्यमार्ग पर है या मुख्यमार्ग ही बाजार में समा चुकी है। चुकी राष्ट्रीय राजमार्ग राजधानी से जोड़ने वाला सबसे पुराना और प्रचिलित मार्ग है। इस कारण मार्ग पर सदैव ही छोटे बड़े तमाम वाहनों का आवागमन होता है तीन साप्ताहिक बाजार के दौरान उक्त मार्ग पर लंबा जाम लगता है। जिसके चलते आमजन को दिक्कतों का सामना कारना पड़ता है। शायद इसी समस्या के निदान के लिए लगभग दो माह पूर्व अस्ती रोड रेलवे क्रॉसिंग पर एक नवीन पुलिस चौकी का निर्माण कराया गया था। चौकी के निर्माण से पूर्व व वर्तमान में पुलिस कर्मियों के अतरिक्त ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की तैनाती क्रॉसिंग पर होती रही है। चौकी के निर्माण बाद भी जाम के हालातों में कोई सुधार नहीं हुआ जबकि जाम की मुख्य वजह से पुलिस भली-भांति वाकिफ है। साप्ताहिक बाजार के दौरान मुख्य मार्ग पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो जाता है मात्र यही वजह होती है की लोगों को लंबे जाम का सामना कारना पड़ता है। दो पहिया वाहन तो गलियों के जरिये बाधा पार कर लेते किंतु अन्य वाहन चालक अपने आप को मजबूर और विवश पाते है जबकि उक्त मार्ग से ही लखीमपुर, सीतापुर व पीलीभीत जैसे जनपदों से लोगों का आना-जाना है। बीकेटी पुलिस जाम की मुख्य वजन को नजरअंदाज कर मात्र रश्म अदायगी कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते नजर आती है मुख्य वजन अतिक्रमण पर न जाने क्यों हाथ डालने से घबराती है। स्थानीय पुलिस गाहे विगाहे एडीसीपी, प्रभारी निरीक्षक व पुलिस कर्मी मुख्य मार्ग पर निरीक्षण करते तो जरूर नजर आते किंतु अभी तक जाम से छुटकारा नहीं दिला सके।

डग्गामार वाहनों से होता है जाम व अतिक्रमण: जानकारी के अनुसार लखीमपुर, सीतापुर सिधौली से लखनऊ आने वाले वाहनों की संख्या हजारों में है जिनका आवागमन प्रति रोज सुविधा शुल्क के आधार पर होता है। प्रति माह निर्धारित शुल्क अदाएगी के ही इन वाहनों के बे-रोक टोक चलने की इजाजत दी जाती है। छोटे वाहनों को यदि छोड़ दिया जाए तो उक्त मार्ग पर अवैध रूप से बसों का भी संचालन किया जाता है। जिसकी जानकारी सभी को है, यदि इन सब के बावजूद यदि पुलिस कर्मी या ट्रैफिक से जुड़े व्यक्तियों द्वारा अवैध वाहनों पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही, तो पुलिस व ट्रैफिक पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठना लाजमी है।

यह बहुत पुरानी समस्या है। जिसको लेकर उपजिलाधिकारी व कोतवाली प्रभारी को कई बार पत्र लिखकर अवगत कराया गया, किंतु समस्या का उचित निदान नहीं हो पा रहा है।

इंद्रभान
अधिशाषी अधिकारी

बाजार के दौरान प्रयास किए जाते है, साथ ही अतिक्रमण हटाने का भी प्रयास किया जाता है।

रणवीर सिंह
चौकी प्रभारी अस्ती रोड

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा सूचना निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई-निविदा की वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड कर दी गई हैः1. खुली ई-निविदा संख्या टी.-06/2025-26 विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, दिबियापुर एवं 220 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, भरथना पर सेंड पिट बनाने तथा फायर शेड (हट) इत्यादि बनाने का कार्य। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति /कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती है। **अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा।**

''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''

(पत्रांक 1331/दि. 25.08.2025)

अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनें आज रखेंगी हरितालिका तीज व्रत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का खास महत्व होता है। भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन इस व्रत को रखा जाता है। मान्यता है कि सुहागिन महिलाओं द्वारा इस व्रत को रखने से उन्हें अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। हरतालिका तीज के दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं और भगवान शिव व माता पार्वती की विधि-विधान से पूजा करती हैं। वहीं, इस बार का हरतालिका तीज और भी ज्यादा खास हो रहा है क्योंकि, इस दिन कई शुभ संयोग बन रहे हैं। ऐसे में इस साल इस व्रत को रखने से महिलाओं को भगवान की विशेष कृपा प्राप्त हो सकती है। आइए विस्तार से जानें की इस बार हरतालिका तीज कब पड़ रही है और इस दिन कौन-कौन से शुभ संयोग बन रहे हैं। इस साल हरतालिका तीज का व्रत 26 अगस्त, मंगलवार को रखा जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार तृतीया तिथि 25 तारीख को दोपहर में 12 बजकर 35 मिनट से शुरू हो जाएगी और इसका समापन अगले दिन 26 तारीख को दोपहर में 01 बजकर 55 मिनट पर होगा। तृतीया तिथि उदयकाल में 26 अगस्त को पड़ने के चलते हरतालिका तीज का व्रत इसी दिन रखा जाएगा। 26 तारीख, मंगलवार को तृतीया तिथि होने से इस दिन अंगारकी चतुर्थी और विनायकी चतुर्थी का भी शुभ संयोग बन रहा है। वहीं, इस दिन चंद्रमा कन्या राशि में मंगल के साथ धन योग का भी संयोग बनाएंगे। साथ ही, इस दिन हस्त नक्षत्र का भी संयोग बन रहा है। ऐसे में व्रत रखने वाली विवाहित महिलाओं के लिए यह दिन और भी खास बन रहा है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती के साथ-साथ गणेशजी की पूजा करना भी विशेष रूप से फलदायी रहेगा।

हरतालिका तीज पर शुभ योग और मुहूर्त: ज्योतिषियों के अनुसार इस साल तृतीया तिथि की शुरूआत 25 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजकर 34 मिनट से होगी। तिथि का समापन 26 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 54 मिनट पर है। ऐसे में 26 अगस्त 2025 को हरतालिका तीज मनाई जाएगी। इस दिन साध्य योग प्रातःकाल से लेकर दोपहर 12 बजकर 09 मिनट तक है। फिर शुभ योग प्रारंभ होगा। हालांकि रवि योग का संयोग पूरे दिन रहने वाला है। बात अगर पूजा के मुहूर्त की करें, तो हरतालिका तीज पर पहला मुहूर्त (ब्रह्म मुहूर्त) सुबह 4 बजकर 27 मिनट से सुबह के 5:12 मिनट तक रहेगा। फिर दूसरा (अभिजीत मुहूर्त) सुबह 11 बजकर 57 मिनट से दोपहर 12 बजकर 48 मिनट तक मान्य है। हालांकि तीसरा (विजय मुहूर्त) दोपहर में 2 बजकर 31 मिनट से दोपहर 3 बजकर 23 मिनट तक रहने वाला है। आप इस अवधि में शिव परिवार की उपासना कर सकती हैं।

मां पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए रखा था व्रत: पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को पहली बार मां पार्वती ने भगवान शंकर को प्राप्त करने के लिये रखा था। इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और अच्छे स्वास्थ्य के लिए और कुंवारी कन्याएं मनचाहा जीवनसाथी पाने के लिए इस व्रत को रखती हैं।

बाजारों में दिखा तीज का उल्लास, महिलाओं ने लगवायी मेहंदी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखंड सौभाग्य के लिए सुहागिनें मंगलवार को हरितालिका तीज का व्रत रखेंगी। पति की दीघार्यु के लिए रखे जाने वाले इस व्रत को लेकर उनमें खासा उत्साह है। सोमवार को बाजारों में खासी रौनक दिखी। जहां सजने संवरने से लेकर पूजा सामग्रियों की खरीदारी में महिलाएं पूरे दिन लगी रहीं। ब्यूटी पार्लरों में भी तीज को लेकर खासी रौनक छाई रही। वहीं, बाजारों से लेकर शॉपिंग मॉल में मेहंदी लगवाने के लिए महिलाएं बुकिंग कराने में व्यस्त रहीं। हरितालिका तीज सुहागिनों के लिए बेहद खास होता है।

महिलाएं निर्जल व्रत रखती हैं। कुंवारी लड़कियां भी तीज का व्रत रखतीं है। इस दिन शिव व गौरा माता की पूजा की जाती है। सुबह भोर में अल्पाहार करने के बाद पूरे दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखेंगी। कथा के साथ ही रात भर भजन कीर्तन के साथ जागरण करेंगी। सुहाग से जुड़े इस व्रत में महिलाएं खास तौर पर संजती-संवरती हैं। इस सोलह श्रृंगार की सभी चीजें नई होती हैं। ऐसे में साड़ी, चूड़ी, बिंदिया, पायल, बिछिया से लेकर साज-श्रृंगार की खरीदारी के लिए सोमवार को बाजारों में काफी भीड़ रहीं।

रात में भी करूंगी शिव-पार्वती की उपासना: इंदिरानगर की अपर्णा सिंह तीज की तैयारी कर चुकी हैं। पहली बार यह व्रत कर रही हैं, इसको लेकर वे पूजा में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। स्वाति कहती हैं कि पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत करेंगी, उनके दांपत्य जीवन में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो। पति का हमेशा साथ मिले और परिवार में खुशियां बनी रहे, इसी कामना को लेकर वह व्रत कर रही हैं। स्वाति कहती हैं कि घर के सभी लोग व्रत में पूरा सहयोग कर रहे हैं। खरीदारी के अलावा विधि-विधान की जानकारी दी जा रही है। इस दिन दोपहर में पूजा करूंगी और तीज व्रत की कथा सुनुंगी। रात में भी भगवान शिव और पार्वती की उपासना करूंगी। मेरा 24 घंटे का समय पूजा में ही बीतेगा।

लगवाऊंगी पिया के नाम की मेहंदी: इंदिरानगर निवासी शिल्पा ने बताया कि पिछले साल मेरी शादी हुई थी। इस लिए ये मेरा पहला हरतालिका तीज व्रत है। इस लिए मेरे लिए खास है। यह पहली बार होगा जब तीज व्रत पर पिया के नाम की मेहंदी लगवाऊंगी। तीज व्रत को लेकर मैंने पूरी तैयारी कर ली है।

पति के साथ की तीज की खरीदारी: अलीगंज निवासी अनीता बताती है कि मेरी शादी पिछले साल दिसंबर में हुई थी, शादी के बाद यह मेरी पहली तीज है। काफी उत्साहित हूं, पति के साथ मिलकर ही ड्रेस के साथ साज-श्रृंगार के सामानों की खरीदारी की है।

पहली तीज के लिए हूं उत्साहित: रेखा बताती हैं मेरी शादी दो महीने पहले जुलाई में हुई है। शादी के बाद पहली तीज के लिए ससुराल में तैयारी है। घर पर मेहंदी वाले को बुलाकर मेहंदी लगवाने के साथ दुल्हन की तरह श्रृंगार करूंगी।

हरतालिका तीज की पूजा विधि: इस विशेष दिन पर सुहागिन महिलाएं सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करें और नए या साफ वस्त्र धारण करें। इस बाद शुभ मुहूर्त में दीपक जलाकर व्रत का संकल्प लें और पूजा आरंभ करें। हरतालिका तीज व्रत के दिन माता पार्वतीए भगवान शिव और गणपति जी की विशेष उपासना की जाती है। पूजा से पहले भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की मिट्टी से बनी प्रतिमा स्थापित करें। फिर विधि.विधान से पूजा कर, व्रत कथा का पाठ करें। अंत में आरती जरूर करें। बता दें कि माता पार्वती की उपासना के समय ॐ उमायै नमः मंत्र का जाप करें और भगवान शिव की उपासना के समय ॐ नमः शिवाय मंत्र का निरंतर जाप करते रहें।

मिलेगा अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद : हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का पर्व विशेष महत्व रखता है। यह व्रत हरियाली तीज और करजी तीज के समान ही महत्व रखता है। हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज का व्रत किया जाता है। इस व्रत के दौरान महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की लंबी उम्र के लिए कामना करती हैं। इस दिन आपको पूजा के समय माता पार्वती की आरती जरूर करनी चाहिए।

अपने पिया की मैं तो बनी रे जोगनिया...गीत पर महिलाओं ने सज-धज कर किया डांस

तीज द ग्रीन मैजिक फैस्ट में लांच हुआ रत्ना डांस अकादमी का लोगो

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रत्ना डांस अकादमी की ओर से सोमवार 25 अगस्त को हरतालिका तीज के अवसर पर तीज द ग्रीन मैजिक फेस्ट मनाया गया। गोमती नगर के विनय खंड स्थित भवन संख्या, एम-4/76 में आयोजित इस तीजोत्सव के अवसर पर रत्ना डांस अकादमी का शुभंकर-लोगो भी लांच किया गया। इसमें एक सतरंगी भारतीय वेशभूषा पहने नृत्यांगना नृत्य करते दशार्यी गई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अकादमी की कला संरक्षिका शुभ्रा अस्थाना थीं। इसके साथ ही संस्था का थीम सांग रत्ना अकादमी का वादा, हर महिला में दिखेगी एक नई आभा, आओ अपने सपनों को पंख दो, हर कदम में नृत्य का जादू लो पर पावनी अस्थाना ने जोशीला भाव नृत्य किया। अकादमी में बेटियों से लेकर दादियां तक उपशास्त्रीय, लोक और फिल्मी नृत्य सीख रही हैं। बीते बीस वर्षों से सक्रिय अकादमी की प्रस्तुतियां लखनऊ महोत्सव, राजभवन, यूपी महोत्सव, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, सर्च फाउण्डेशन के बालोत्सव अंतरमन, डॉ. दरबारी लाल अस्थाना समारोह, नेशनल बुक फेयर जैसे विभिन्न मंचों पर हो चुकी है। अकादमी की एक बाल प्रतिभागी, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की प्रतियोगिता में अव्वल आयी हैं वहीं एक अन्य प्रतिभागी ने लुलु मॉल की प्रतियोगिता में प्रशंसनीय स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही वर्तमान में कई स्टूडेंट अपना ट्रेनिंग सेंटर संचालित कर रहे हैं।

अकादमी की निदेशिका और डांस गुरु रत्ना अस्थाना के संयोजन में हुए इस तीजोत्सव में उम्र के साठवें दशक में चल रही वयोवृद्ध पर जोशीली प्रतिभागी शशि वर्मा ने अपने पिया की मैं तो बनी रे जोगनिया पर नृत्य कर वाहवाही हासिल की। इस क्रम में रश्मि गुप्ता ने पिया ऐसो जिया में समाय गयो रे, नीलम गुप्ता और श्वेता मनराल ने मोरनी बागा मा बोले, बबीता साहू ने जारे जा ओ हरजाई, आरती मिश्रा ने चटक मटक, रीता मनराल ने तारों को मोहब्बत अम्बर से, पूजा वर्मा ने उनसे मिली नजर, प्रीति गुप्ता ने ये गोटेदार लहंगा, अंजू सिंह ने दिल दीवाना बिन सजना के, किरन त्रिवेदी ने कोई शहरी बाबू, अनुजा पाण्डेय ने मैंने पायल है छनकाई, रचना श्रीवास्तव ने ताल से ताल मिला पर मनभावन नृत्य किया। नीता दास और शिप्रा दास सहित अन्य ने भी अपनी प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर भजन और फिल्मी गायन के साथ-साथ पारंपरिक भारतीय वेशभूषा पर आधारित तीज फैशन शो का भी आयोजन किया गया।

तीज प्रतियोगिता में उजाला तिवारी को मिला पहला स्थान

- मानस सिटी में मां वेलफेयर सोसाइटी ने मनाया तीज महोत्सव

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मानस सिटी फेज-1 में मां वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विभिन्न सांस्कृतिक व मनोरंजक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरे परिसर को हरियाली व रंग-बिरंगे परिधानों से सजाया गया, जिससे माहौल और भी खुशनुमा हो गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनऊ की महापौर सुषमा खड़कवाल रहीं। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद कल्पना वर्मा भी रही उनके द्वारा विजेता महिलाओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में उजाला तिवारी ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि पूजा द्वितीय और चित्र सिकरवार तृतीय स्थान पर रहीं। महापौर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं को सामाजिक मंच प्रदान करते हैं और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

इस अवसर पर मां वेलफेयर सोसाइटी की पल्लवी सिंह ने बताया कि हरियाली तीज का यह पर्व महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। ॿहमारा उद्देश्य है कि घर की चारदीवारी में सिमटी महिलाएं भी समाज में अपनी प्रतिभा दिखा सकें और जीवन में उत्साह का अनुभव कर सकें,ॿ उन्होंने कहा। सोसाइटी के अनुजा, तृप्ति, स्मिता, स्नेहलता, सहित सभी पदाधिकारी व गणमान्यजन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने महोत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया। महिलाओं की सजधज, मेहंदी व झूले ने तीज महोत्सव को एक यादगार अवसर बना दिया।

साहित्यकारों और समाजसेवियों का हुआ सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। काव्यधारा फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित द्वितीय अधिवेशन कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के संस्थापक कवि विष्णु दुबे अमृत जी ने आए हुए सभी कवि एवं कवयित्री को अपने संस्था के बारे में बताकर सबका आभार व्यक्त किया ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्री पवन सिंह चौहान ने सत्र का उद्घाटन करके सबको सम्मानित किया जिसमें विशेष उपस्थिति में उपस्थित श्री सुशील कुमार बच्चा जो संस्कृति विभाग में लेखाधिकारी है उनको समाजसेवी सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में देश प्रदेश के महनीय कवियों का काव्य पाठ और उनका सम्मान किया गया।जिसमें कमलेश मौर्य मृदु एवं कमल किशोर भावुक जी को काव्यधारा साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। एवं श्री ज्ञान प्रकाश आकुल, श्री कमल आग्नेय, श्री शेखर त्रिपाठी, श्री अटल नारायण, श्री लोकेश त्रिपाठी जी को राम रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया, एवं सुश्री स्वेता शुक्ला, वंदना विशेष गुप्ता, दिव्या मीरा, वर्षा श्रीवास्तव, पूनम मिश्रा जी को नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान की इस कड़ी में ग्यारह लोगों को साहित्य रत्न से सम्मानित किया गया जिसमें प्रिया सिंह, जाह्नवी श्रीवास्तव, श्रुति श्रीवास्तव सतत, वंदना श्रीवास्तव वान्या, वरुण कुमार शुक्ला, आर्यन मिश्रा यश, शिवांश शुक्ला सरस, प्रशांत द्विवेदी मृदुल, निखिल तिवारी, धीरेन्द्र त्रिपाठी, विनय कुमार पाण्डेय को साहित्य रत्न से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही टीम के सदस्य गण जिसमें। आकाश उमंग प्रशांत गुप्ता, कुमार आस्तविक, सेजल वैश्य, अमन मिश्रा, हर्ष सिंह, अवनेंद्र सिंह अनुराग, जय अवस्थी, ईशा मिश्रा, गिरिराज मिश्रा, सूरज मिश्रा, अंकुर पाठक, मनीष पाण्डेय जी भी उपस्थित रहे। सभी को काव्यधारा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ओज कवि शिखर शर्मा रतन ने किया।

राम कथा में सती जी के त्याग का वर्णन किया

लखनऊ। श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा ब्यास आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी जी कहा कि अपना प्रभाव भूलकर भाव के द्वारा राम कथा का रसपान करना चाहिए उन्होंने सती प्रसंग का पावन वर्णन किया। भगवान शिव जी भाव में डूबे हैं और भाव मे ही देवता निवास करते हैं भगवान शिव कुंभज ऋषि के आश्रम में गए भगवान शंकर तो समुद्र है। कृपा सिंधु सिव परम अगाधा... समुद्र कथा सुनने घड़े के बेटे के पास जा रहे हैं, मगर शिव जी ने कहा इसमें कुंभज की ही महिमा है क्योंकि राम कथा का समुद्र घट में ही समा सकता हैं सती प्रसंग में सती जी के त्याग का वर्णन किया लेकिन अद्भुत त्याग है यह, भगवान शंकर का त्याग आचरण में है उच्चारण नही त्याग मन से होता है जिसका त्याग किया उससे द्वेष भी नहीं आगे शिव विवाह की कथा सुनाई कार्य भला और बुरा,इसका निर्णय तो प्रेरणा से होता है प्रेरणा किसकी है श्रीराम की या काम की भगवान शिव का विवाह अलौकिक है रामकथा में चार विवाह है, जिसमें दो पूर्ण दो अपूर्ण शिव जी का तथा श्री राम जी का विवाह पूर्ण है नारद जी और शूर्पणखा का विवाह अपूर्ण है कथा ब्यास आचार्य ज्ञानेश त्रिपाठी जी ने मानस के अनेक जीवन उपयोगी प्रसंगों का रस पान कराया वही मुस्लिम समाज के लोग भी बढ़ चढ़ के ले रहे है हिस्सा।

दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर में विराजेंगे मनौतियों के राजा

- झूलेलाल वाटिका पर 27 अगस्त से 6 सितम्बर तक होगा गणेश उत्सव
- ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल की गई ब्राम्होस्त्र मिसाइल की दिखेगी झलक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से 20 वां श्री गणेश महोत्सव का आयोजन 27 अगस्त से 6 सितम्बर तक झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु के पास किया जाएगा। मनौतियों के राजा के नाम से होने वाले शहर के सबसे बड़े श्री गणेश महोत्सव के लिए विशाल पंडाल तैयार हो रहा है। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी कार्यक्रम स्थल झूलेलाल वाटिका पर सोमवार 25 अगस्त को प्रेसवार्ता के दौरान संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पण्डाल बनाने के लिए कोलकाता के कुशल कारीगरों द्वारा पिछले करीब एक माह से पंडाल तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बप्पा का दरबार दिल्ली के अक्षरधाम मन्दिर की तर्ज पर बन रहा है इसकी ऊंचाई 85 फीट होगी। पंडाल करीब 15000 वर्ग फुट में वातानुकूलित वाटर प्रूफ तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पंडाल में आपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल की गई ब्राम्होस्त्र मिसाइल जो पाकिस्तान के छक्के छुड़ा दिये, उसकी भी की झलक दिखेगी। अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं व पुरुषों के अलग-अलग बैठने की व्यवस्था रहेगी। पंडाल के बाहर 14 हजार वर्ग फीट में कुर्सियां डाली जाएंगी। जिसपर लोग खुले में बैठकर बप्पा के भजनों व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेंगे। अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि इस बार आम भक्तों श्रद्धालुओं का 10 करोड का बीमा कराया गया है। मनौतियों के राजा भगवान श्री गणेश का 25 लाख रूपए का बीमा कराया गया है। महामंत्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि बप्पा की मूर्ति 6 फुट की मुंबई के सिद्धिविनायक की तर्ज पर तैयार की गई है। राजधानी के मूर्तिकार श्रवण प्रजापति श्री गणेश जी मुर्ति को तैयार कर रहे हैं। बप्पा की मूर्ति 26 अगस्त को पंडाल में पहुंचेगी। संस्था द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से 25 महिला व 25 पुरुषों सुरक्षाकर्मियों व्यवस्था देंखेंगे। इसके अलावा पूरे पंडाल मे 60 सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे है। उपाध्यक्ष व पार्षद रंजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में शासन प्रशासन, नगर निगम, पुलिस प्रशासन सभी का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम कोलकाता के प्रसिद्ध संजय शर्मा के नेतृत्व में होंगे। उन्होंने बताया कि इस बार बीकानेर के मशहूर भजन गायक श्री प्रवेश शर्मा 29 अगस्त को बप्पा के दरबार अपनी प्रस्तुति देंगे। खलीलाबाद के चर्चित भजन गायक श्री रोमी सरदार 31 अगस्त को बप्पा के दारबार भजनों की वर्षा करेंगे। ग्वालियर के भजन गायक श्री मनोज शर्मा 2 सितम्बर को भजन सुनायेंगे। इसी प्रकार देवघर के जानेमाने भजन गायक मनोज अजीत मनौतियों के राजा के दरबार में हाजिरी लागायेंगे। कमेटी के सदस्य योगेश बंसल व शरद अग्रवाल ने बताया कि हर साल करीब 82 हजार चिट्ठियां लिखी जाने वाले बप्पा के दरबार में इस बार लाखों भक्तों के आने की उम्मीद है। इसके अलावा काफी संख्या मे दुकानें चाट, फास्ट-फ्रूड एवं आइस्क्रीम की दुकाने व उनके पसन्द की सामग्री भी मिलेगी। पण्डाल के बाहर महोत्सव का र्स्प दिया जा रहा है। महिला एवं बच्चों के लिए विशेष प्रकार के झूले लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा फूड जोन, किड्स जोन, गेम जोन, शापिंग जोन, लाइव प्रोग्राम नृत्य नाटिका एवं भजन, सिंगर सेलेब्रिटी मुख्य आकर्षण रहेंगे। अखिलेश बंसल ने बताया कि बप्पा के दर्शन प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक, दोपहर 1:00 बजे से 5 बजे तक और सायं 6:00 बजे से रात 11 होंगे। विगत वर्षो की भांति इस बार भी मनोतियों के राजा श्री गजानन के नाम चिट्ठी प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6:00 बजे तक श्रद्धालु लिख सकते हैं।

शोभा यात्रा 6 को, मूर्ति का होगा भू विसर्जन

6 सितम्बर को मनौतियों के राजा की शोभा यात्रा झूलेलाल वाटिका से अपरान्ह 1 बजे प्रारम्भ होकर विश्वविद्यालय मार्ग, आईटी चौराहा, रामकृष्ण मठ, शंकरनगर, नजीरगंज, डालीगंज होते हुये झूलेलाल वाटिका पर समाप्त होगी। विसर्जन शोभा यात्रा निकलने के बाद गणेश प्रतिमा का झूलेलाल वाटिका के पास भू विसर्जन किया जायेगा। प्रेसवार्ता में श्री देशराज अग्रवाल, संजय सिंह गांधी, अतुल बंसल, रामशंकर वर्मा, गोपाल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, जयकरन, सुधांशु बाथम, नरेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, अतुल (सोनू), रोहित महानगर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बीएनए और नालंदा विश्वविद्यालय के छात्र एक दूसरे के संस्थान में करेंगे अध्ययन



लखनऊ। भारतेन्दु नाट्य अकादमी (बीएनए) और नव नालंदा महाविहार विश्वविद्यालय के छात्र एक दूसरे के संस्थान में प्रशिक्षण और अध्ययन कर सकेंगे। सोमवार को बीएनए और भारतेन्दु नाट्य अकादमी के मध्यम सांस्कृतिक आदान-प्रदान समझौता (एमओयू) हुआ। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सिद्धार्थ सिंह एवं भारतेन्दु नाट्य अकादमी के निदेशक बिपिन कुमार ने संयुक्त रूप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओयू नालंदा विश्वविद्यालय में साइन किया गया। बीएनए के निदेशक बिपिन कुमार ने बताया कि इस समझौते का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, नाट्यकला, रंगमंच, लोक परंपरा एवं साहित्य के विभिन्न आयामों पर शैक्षणिक, शोधपरक एवं कलात्मक सहयोग स्थापित करना है।

सितंबर में अनेक ट्रेनें रहेंगी निरस्त, कई के मार्ग में होगा परिवर्तन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोरखपुर-डोमिनगढ़ रेलखंड पर तीसरी लाइन के कार्य के लिए किये जा रहे नॉन इंटरलाकिंग कार्य के कारण अनेक गाड़ियां निरस्त रहने के साथ अनेकों के मार्ग परिवर्तित किये गये हैं।

निरस्त रहने वाली ट्रेनों में 12511 गोरखपुर-तिरुवनंतपुरम उत्तर 25 एवं 26 सितंबर को निरस्त रहेंगे। 12512 तिरुवनंतपुरम उत्तर-गोरखपुर राप्ती सागर एक्सप्रेस 28 व 30 सितंबर को रद रहेगी। जबकि 12537 मुजफ्फरपुर-प्रयागराज एक्सप्रेस 22 व 24 सितंबर को निरस्त रहेगी। 12538 प्रयागराज-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 22 व 24 सितंबर को निरस्त रहेगी। 12555 गोरखपुर-बठिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस 21 से 27 सितंबर तक निरस्त रहेगी। तो 12556 बठिंडा-गोरखपुर गोरखधाम एक्सप्रेस 22 से 28 सितंबर तक रद रहेगी। 12595 गोरखपुर-आनंद विहार टर्मिनल हमसफर एक्सप्रेस22, 23 व 25 सितंबर तक निरस्त रहेगी। 12596 आनंद विहार-गोरखपुर एक्सप्रेस 23, 24 व 26 सितंबर को निरस्त रहेगी। इसी क्रम में 12571 गोरखपुर-आनंद विहार हमसफर एक्सप्रेस 24, 26, व 27 सितंबर निरस्त रहेगी। तो 12572 आनंद विहार-गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस 15, 27 व 28 सितंबर को रद रहेगी। 12597 गोरखपुर-सीएसटीएम एक्सप्रेस 23 सितंबर को रद रहेगी। 12598 सीएसटीएम-गोरखपुर एक्सप्रेस 24 सितंबर को रद रहेगी। 15003 कानपुर-अनवरगंज-गोरखपुर एक्सप्रेस 24 से 28 सितंबर तक निरस्त रहेगी। 15004 गोरखपुर-कानपुर-अनवरगंज एक्सप्रेस 23 से 27 सितंबर तक रद रहेगी। 15017 एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस 24 से 28 सितंबर तक निरस्त रहेगी। तो 15018 गोरखपुर-एलटीटी एक्सप्रेस 21 से 28 सितंबर तक निरस्त रहेगी। 22537 गोरखपुर-एलटीटी एक्सप्रेस 23 से 27 सितंबर तक निरस्त रहेगी। तो 22538 एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस 23 से 30 सितंबर तक निरस्त रहेगी। जबकि 15029 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस 25 सितंबर को रद रहेगी। 15030 पणे-गोरखपुर एक्सप्रेस 27 सितंबर को रद रहेगी। 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस 25 सितंबर को रद रहेगी। 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस 28 सितंबर को निरस्त रहेगी। 15025 मऊ-आनंद विहार एक्सप्रेस 23 सितंबर को रद रहेगी। 15026 आनंद विहार-मऊ एक्सप्रेस 26 सितंबर को निरस्त रहेगी। 15065 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस 22, 23, 25, 26 व 28 सितंबर को निरस्त रहेगी। 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस 23, 24, 26, 27 एवं 29 सितंबर को निरस्त रहेगी। 15067 गोरखपुर-बांद्र एक्सप्रेस 24 सितंबर को रद रहेगी। तो 15068 बांद्र-गोरखपुर एक्सप्रेस 26 सितंबर को निरस्त रहेगी। 15705 कटिहार-दिल्ली एक्सप्रेस 22 व 25 सितंबर को रद रहेगी। 15706 दिल्ली-कटिहार एक्सप्रेस 23 एवं 26 सितंबर को निरस्त रहेगी। 18201 दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस24 सितंबर को निरस्त रहेगी। 18202 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस 26 सिंतबर को निरस्त रहेगी। 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस 25 सितंबर को निरस्त रहेगी। 18206 नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस 27 मई को निरस्त रहेगी। 22533 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस 22 सितंबर को निरस्त रहेगी। 22534 यशवंतपर-गोरखपुर एक्सप्रेस 24 सितंबर को निरस्त रहेगी। 22549 गोरखपुर-प्रयागराज एक्सप्रेस 23 से 26 सितंबर तक निरस्त रहेगी। 22550 प्रयागराज-गोरखपुर एक्सप्रेस 23 से 26 सितंबर तक रद रहेगी। 22583 छपरा-एलटीटी एक्सप्रेस 23 सितंबर को निरस्त रहेगी। 22584 एलटीटी-छपरा एक्सप्रेस25 सितंबर तक निरस्त रहेगी। 05305 छपरा-आनंद विहार एक्सप्रेस 22 एवं 25 सितंबर को निरस्त रहेगी। 0506 आनद विहार-छपरा एक्सप्रेस 24 व 27 सितंबर को निरस्त रहेगी। वहीं जिन ट्रेनों के मार्ग बदले जायेंगे उनमें 02563 बरौनी- नई दिल्ली एक्सप्रेस 22से 27 सितंबर तक परिवर्तित मार्ग छपरा, औड़िहार, वाराणसी, बनारस,प्रयागराज, कानपुर सेंट्रेन होकर चलेगी। तो 02564 नई दिल्ली बरौनी एक्सप्रेस 22 से 26 सितंबर तक कानपुर सेंट्रल, प्रयाराज, बनारस, वाराणसी, औड़िहार, छपरा होकर चलेगी। 02569 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस 22 से 27 सितंबर तक परिवर्तित मार्ग छपरा, औड़िहार, वाराणसी, बनारस,प्रयागराज, कानपुर सेंट्रेन होकर चलेगी। 02570 नई दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस 22 से 26 सितंबर तक कानपुर सेंट्रल, प्रयाराज, बनारस, वाराणसी, औड़िहार, छपरा होकर चलेगी। 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस 26 सितंबर को परिवर्तित मार्ग लखनऊ, सुल्तानपुर, वाराणसी, औड़िहार, छपरा होकर चलेगी। 12553 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस 23 से 27 सितंबर तक भटनी, मऊ, औड़िहार, वाराणसी, अयोध्या, कैंट, बाराबंकी होकर चलेगी। 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस 26 सितंबर को बाराबंकी, अयोध्या कैंट, वाराणसी, औड़िहार, मऊ और भटनी होकर चलेगी।

जालना-छपरा एवं धनबाद-गोरखपुर के बीच चलेंगी विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दशहरा, दीवाली, छठ आदि त्यौहारों पर होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 07651/07652 जालना-छपरा-जालना विशेष गाड़ी का संचलन जालना से 27 अगस्त से 26 नवम्बर तक तथा छपरा से 29 अगस्त से 28 नवम्बर तक 14 फेरों के लिए बढ़ाया जा रहा है।

07651 जालना-छपरा साप्ताहिक विशेष गाड़ी को 27 अगस्त से 26 नवम्बर तक प्रत्येक बुधवार को जालना से 23.35 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन औरंगाबाद से 00.20 बजे, मनमाड से 04.20 बजे, भुसावल से 06.40 बजे, खंडवा जं. से 08.55 बजे, हरदा से 10.02 बजे, इटारसी जं0 से 12.10 बजे, पिपरिया से 13.02 बजे, गाडरवारा से 13.27 बजे, नरसिंहपुर से 14.00 बजे, जबलपुर से 15.40 बजे, कटनी से 17.00 बजे, मैहर से 17.42 बजे, सतना से 18.25 बजे, मानिकपुर से 20.10 बजे, प्रयागराज जं. से 22.40 बजे, ज्ञानपुर रोड से 23.50 बजे तीसरे दिन बनारस से 00.55 बजे, वाराणसी से 01.20 बजे, औंड़िहार से 02.02 बजे, गाजीपुर सिटी से 02.50 बजे, बलिया से 03.45 बजे तथा सहतवार से 04.05 बजे छूटकर छपरा 05.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 07652 छपरा-जालना साप्ताहिक विशेष गाड़ी 29 अगस्त से 28 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को छपरा से 22.15 बजे प्रस्थान कर सहतवार से 23.00 बजे, बलिया से 23.25 बजे दूसरे दिन गाजीपुर सिटी से 00.25 बजे, औंड़िहार से 01.00 बजे, वाराणसी से 02.30 बजे, बनारस से 02.45 बजे, ज्ञानपुर रोड से 03.37 बजे, प्रयागराज जं. से 05.25 बजे, मानिकपुर से 07.37 बजे, सतना से 08.35 बजे, मैहर से 09.00 बजे, कटनी से 09.47 बजे, जबलपुर से 11.10 बजे, नरसिंहपुर से 12.12 बजे, गाडरवारा से 12.40 बजे, पिपरिया से 13.07 बजे, इटारसी जं. से 14.30 बजे, हरदा से 15.22 बजे, खंडवा से 17.37 बजे, भुसावल से 19.25 बजे, मनमाड से 22.00 बजे तथा तीसरे दिन औरंगाबाद से 01.05 बजे छूटकर जालना 04.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 11, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04 तथा एसएलआर के 02 कोचो सहित कुल 24 कोच लगाये जायेंगे। जबकि 03677/03678 धनबाद-गोरखपुर-धनबाद साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचलन 14 सितम्बर से 30 नवम्बर तक धनबाद से (21 सितम्बर को छोड़कर) प्रत्येक रविवार को तथा 15 सितम्बर से 01 दिसम्बर तक गोरखपुर से (22 सितम्बर को छोड़कर) प्रत्येक सोमवार को 11 फेरो के लिए किया जायेगा। 03677 धनबाद-गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी धनबाद से 20.45 बजे प्रस्थान कर नेताजी सुबास चन्द्र बोस जं.गोमो से 21.17 बजे, पारसनाथ से 21.32 बजे, हजारीबाग रोड से 21.53 बजे, कोडरमा से 22.22 बजे, गया से 23.45 बजे, दूसरे दिन अनुग्रह नारायण रोड से 01.02 बजे, डेहरी आन सोन से 01.24 बजे, सासाराम से 01.42 बजे, भबुआ रोड से 02.17 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. से 03.50 बजे, वाराणसी से 05.05 बजे, जौनपुर से 06.20 बजे, औड़िहार से 07.27 बजे, मऊ से 08.35 बजे, भटनी से 10.05 बजे तथा देवरिया से 10.37 बजे छूटकर गोरखपुर 12.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 03678 गोरखपुर-धनबाद साप्ताहिक विशेष गाड़ी गोरखपुर से 15.30 बजे प्रस्थान कर देवरिया से 16.32 बजे, भटनी से 17.00, मऊ से 18.35 बजे, औड़िहार से 19.47 बजे, जौनपुर से 21.35 बजे, वाराणसी 23.15 बजे दूसरे दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं0 से 00.25 बजे भभुआ रोड से 01.12 बजे, सासाराम से 01.42 बजे, डेहरी आन सोन से 02.04 बजे, अनुग्रह नारायण रोड से 02.27 बजे, गया से 05.20 बजे कोडरमा से 06.42 बजे, हजारी बाग रोड से 07.22 बजे, पारसनाथ से 07.47 बजे तथा नेताजी सुबास चन्द्र बोस जं. गोमो से 08.05 बजे छूटकर धनबाद 09.00 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, जनरेटर सह लगेजयान के 02, शयनयान श्रेणी के 06, साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकॉनामी के 06 कोचो सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

आईआरसीटीसी ने हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट को भेंट की एम्बुलेंस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग को सुलभ, सस्ती और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉपोरेशन (आईआरसीटीसी) के वित्तीय सहयोग से हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित नवीन एम्बुलेंस सेवा का लोकार्पण वित्त मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश कुमार खन्ना के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

वैदिक मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच नारियल फोड़कर तथा हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को विधिवत सेवा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार खन्ना, अजित कुमार सिन्हा, मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉपोर्रेशन लखनऊ, डॉ. हर्ष वर्धन अग्रवाल प्रबंध न्यासी, हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, ट्रस्ट की आंतरिक सलाहकार समिति के सदस्य, चिकित्सक, पैरामेडिक स्टाफ एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉपोरेशन और हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया यह प्रयास समाज के निर्धन और वंचित वर्गों के लिए जीवनदायिनी साबित होगा। अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित यह एम्बुलेंस स्वास्थ्य सेवा को हर जरूरतमंद तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगी। यह पहल माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व को मूर्त रूप देने का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। डॉ. हर्ष वर्धन अग्रवाल, प्रबंध न्यासी, हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट, ने इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉपोर्रेशन का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह एम्बुलेंस सेवा विशेष रूप से बलरामपुर जिले के ग्रामीण और उपेक्षित इलाकों में कार्य करेगी। हमारा संकल्प है कि कोई भी व्यक्ति केवल संसाधनों के अभाव में अपनी जान न गंवाए। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉपोर्रेशन के सहयोग से यह मिशन संभव हुआ है और भविष्य में भी हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट इसी प्रकार की और जनकल्याणकारी परियोजनाएँ समाज के लिए प्रारंभ करता रहेगा। डॉ. हर्ष वर्धन अग्रवाल ने एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की विशेषताओ के जानकारी देते हुए बताया कि यह चलता-फिरता मिनी-आईसीयू आधुनिक जीवनरक्षक उपकरणों से लैस है। हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम को हार्दिक बधाई। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉपोर्रेशन भविष्य में भी समाजसेवा और जनकल्याण के ऐसे प्रयासों में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

रेलवे कॉलोनियों में स्वच्छता अभियान चलाया

लखनऊ। रेलवे बोर्ड के निदेशों के अनुपालन में पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/ईएचएनएम महेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस से स्वच्छता अभियान का दूसरा चरण सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मण्डल के विभिन्न स्टेशनों लखनऊ जंक्शन, ऐशबाग, गोंडा, गोरखपुर, बस्ती एवं खलीलाबाद के साथ-साथ रेलवे कॉलोनियों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में स्वास्थ्य निरीक्षकों, अनुबंध कर्मचारियों और रेलवे कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वच्छता से संबंधित स्लोगन, पोस्टरों और बैनरों के साथ एक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी। जिसमें स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत और आओ, भारतीय रेलवे को स्वच्छ बनाने के लिए एक कदम और बढ़ें जैसे स्लोगनों के साथ स्वच्छता रैली में यात्रियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया तथा इसके अतिरिक्त यात्रियों और कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटकों का आयोजन भी किया गया।

स्टेशनों के परिसरों में नालियों की निकासी की गहन सफाई की गयी, ताकि स्वच्छता सुनिश्चित हो। स्टेशनों और ट्रेनों में कीड़े मकोड़ों तथा काकरोचों को समाप्त करने हेतु पेस्ट कन्ट्रोल पर विशेष बल दिया गया। मण्डल में स्वच्छता संबंधी जागरुकता के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से स्टेशनों तथा रेलवे परिसरों में गंदगी फैलने से होने वाले नुकसान को यात्री जनों एवं आम जनमानस तक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से संदेश पहुँचाया जा रहा है।

बीबीएयू की प्रो. मधूलिका दुबे को सौंपा गया भर्ती एवं पदोन्नति (फैकल्टी) का प्रभार

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की सांख्यिकी विभाग की प्रो. मधूलिका दुबे को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा भर्ती एवं पदोन्नति (फैकल्टी) का प्रभार सौंपा गया है। यह दायित्व उन्हें विश्वविद्यालय में शिक्षकों की भर्ती एवं पदोन्नति संबंधी सभी कार्यों के संचालन और देखरेख के लिए दिया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रो. मधूलिका दुबे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय प्रशासन को विश्वास है कि प्रो. मधूलिका दुबे के अनुभव और नेतृत्व से भर्ती एवं पदोन्नति की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी होगी तथा संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य जैसे शिक्षकगण, गैर शिक्षण कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भी प्रो. मधूलिका दुबे को शुभकामनाएं दीं।

लुआक्टा का प्रतिनिधि मंडल डॉ. दिनेश शर्मा से मिला, सौंपा ज्ञापन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) का प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा से लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा यूजीसी रेगुलेशन, 2022 की गलत व्याख्या करते हुए शोध अध्यादेश 2025 में यूजीसी रेगुलेशन के नियमों के विपरीत सह्युक्त महाविद्यालयों के स्नातक स्तर पर अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षकों को शोध से वंचित करने के 8 अगस्त 2025 को एकेडमिक कौंसिल द्वारा पारित प्रस्ताव के विरोध में मिला एवं ज्ञापन सौंपा। विश्वविद्यालय द्वारा की जा रहे मनमानेपन के समस्त तथ्यों से अवगत कराया और वार्ता किया। समस्या के समाधान न होने पर लुआक्टा द्वारा प्रस्तावित 28 अगस्त को सामूहिक अवकाश के साथ धरना एवं राजभवन मार्च तथा प्रस्तावित कार्य परिषद की बैठक की तिथि को विश्वविद्यालय में धरना दिये जाने एवं समस्त अग्रिम आंदोलन से अवगत कराया गया, डा दिनेश शर्मा द्वारा समस्या के समाधान के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। इस संबंध में राज्यपाल/कुलाधिपति सहित उच्च शिक्षा मंत्री को पत्र लिखने एवं वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया।

अटल बिहारी वाजपेयी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। अवध कॉलेजिएट के उभरते ताइक्वांडो के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो दिवसीय जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र, चौक में संपन्न हुए अटल बिहारी वाजपाई राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में लखनऊ शहर में 11 पदक अपने नाम किये। प्रतियोगिता के नतीजे के अनुसार प्रांजल 30 किलोग्राम एवं सार्थक 24 किलोग्राम सब जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने अनुभव का लोहा मनवाया। वहीं, आदित्य गुप्ता ने जूनियर 68 किलोग्राम वर्ग में जबरदस्त परफॉर्मेंस दिखाते हुए ब्रॉन्ज पदक पर कब्जा जमाया। नैतिक यादव ने सब-जूनियर 50 किलोग्राम वर्ग में प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक हासिल किया। आरुष सिंह ने सब-जूनियर 40 किलोग्राम वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। अवनी रावत (महिला) ने कैडेट 40 किलोग्राम वर्ग में जुनूनी खेल भावना के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं पुमसे में खुशी ने कैडेट कैटगरी में स्वर्ग एवं उन्नति मिश्रा ने सिल्वर मेडल जीत कर जिले का नाम बढ़ाया। इसी क्रम में नवीन ने 50 किलो की कैटेगरी में ब्रॉन्ज एवं धैर्य चतुर्वेदी 34 किलो ब्रॉन्ज, रक्षित मौर्य 40 किलो ब्रॉन्ज अपने नाम किया। जुनाया (2.5 साल) ने इन्फेंट कैटेगरी में 18 किलो में सिल्वर मेडल जीत कर लखनऊ की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनी। इस सुनहरे पल का जिक्र विद्यालय प्रबंधक सर्वजीत सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता से पूर्व कठोर प्रशिक्षण शिविर में पसीना बहाया था, जिसका असर मैट पर साफ नजर आया। निदेशिका जतिंदर वालिया ने कहा, हमारे एथलीटों ने तकनीकी कौशल और अनुशासन का शानदार संगम दिखाया। यह सफलता उनके समर्पण और परिवारों के सहयोग एवं कोच घनश्याम शर्मा का परिणाम है। प्रतियोगिता में प्रदेश-भर के सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्थानीय खेल विभाग ने पदक विजेताओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने की घोषणा की है। खिलाड़ियों का अगला लक्ष्य आगामी राष्ट्रीय खेलों में पदकों की संख्या दोगुनी करना है। भारत में ताइक्वांडो के संस्थापक और जनक डॉ. जीएम जिमी आर. जगतियानी भी मौजूद रहे, ।

छात्रों को उपलब्ध करायी जायेगी पेड इंटर्नशिप : नीरज सिंह

- भाषा विवि: इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय में इंडक्शन प्रोग्राम सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय द्वारा इंडक्शन प्रोग्राम 2025 का समापन समारोह सोमवार को विश्वविद्यालय के अकादमिक ब्लॉक में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फिक्की उत्तर प्रदेश के चेयरमैन नीरज सिंह रहे, जिन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को आश्वस्त किया कि उन्हें पेड इंटर्नशिप, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे वे अपने करियर को नई दिशा देकर उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कार्यक्रम के संरक्षक प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि यह तीन सप्ताह का इंडक्शन प्रोग्राम एआईसीटीई के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित किया गया। उन्होंने छात्रों को खरगोश और कछुए की कहानी को नए दृष्टिकोण से सुनाते हुए यह संदेश दिया कि अपनी मूल क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करना और टीमवर्क की शक्ति को अपनाना सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्मरण कराया कि आने वाले चार वर्ष केवल शैक्षणिक उन्नति के ही नहीं, बल्कि संघर्ष, विकास और समग्र व्यक्तित्व निर्माण के भी होंगे।

समारोह का समापन डॉ. ममता शुक्ला द्वारा औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। कार्यक्रम के संचालन एवं आयोजन में डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. शान-ए-फातिमा, डॉ. सुमन कुमार मिश्रा, इंजीनियर विवेक बाजपेयी तथा इंजीनियर कौशलेश शाह सहित संकाय के समर्पित शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। इस मौके पर डॉ महेश कुमार कुलसचिव, डॉ नीरज शुक्ल कुलानुशासक, डॉ मानवेन्द्र सिंह, डॉ अभय कृष्ण, तसलीम जमाल उपस्थित रहे ।

एकेटीयू में शिक्षक बना रहे रोबोट

- विवि में स्थापित प्रदेश की पहली इंफोसिस मेकर्स लैब में पहली बार शुरू हुआ पांच दिवसीय फैकल्टी इनैबलमेंट प्रोग्राम, रोबोटिक्स, थ्री डी प्रिंटिंग की दी जा रही ट्रेनिंग
- कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने किया शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय छात्रों को ही नहीं अपने शिक्षकों को भी नई तकनीकी में दक्ष बना रहा है। फिर चाहे वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हो या रोबोटिक्स की जानकारी शिक्षकों को मिल रही है। विश्वविद्यालय यह पहल अपने छात्रों तक तकनीकी को सही ढंग से पहुंचाने के लिए कर रहा है। इस क्रम में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज एवं इंफोसिस के सहयोग से सोमवार को पांच दिवसीय फैकल्टी इनैबलमेंट प्रोग्राम का कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने किया।

विश्वविद्यालय को प्रदेश की पहली इंफोसिस मेकर्स लैब की सौगात मिली है। इस लैब में प्रोजेक्ट, नवाचार आदि पर कार्य करने की उच्चस्तरीय सुविधा दी गयी है। इसी लैब में पहली बार कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ है।

पांच दिनों के इस एफईपी में शिक्षकों के अलावा शोधार्थी भी हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान इंफोसिस के विशेषज्ञ शिक्षकों को रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन, थ्री डी प्रिंटिंग एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। साथ ही इन पांच दिनों में शिक्षक इन तकनीकी का व्यवहारिक प्रयोग भी करेंगे। इस दौरान इंफोसिस के विशेषज्ञ शिक्षकों को रोबोट, थ्री डी प्रिंटिंग के बारे में न केवल जानकारी देंगे बल्कि उनसे रोबोट भी बनवायेंगे। रोबोट बनाने के लिए जरूरी सामग्री भी लैब में उपलब्ध है। इसी तरह थ्री डी प्रिंटिंग पर भी शिक्षक कार्य करेंगे।

फैकल्टी को दिया संदेश: एफईपी का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने फैकल्टी को संदेश दिया।

डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि यह अवसर भविष्य के लिए बहुत फायदेमंद है। कहा कि शिक्षकों को हमेशा नई तकनीकी से अपडेट रहना चाहिए। तभी वह छात्रों को भी अच्छे से तैयार कर सकेंगे। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम निश्चित ही काफी लाभप्रद होते हैं। इस दौरान डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा, एसो. डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, गौरव राय, अनुराग चौबे सहित शिक्षक एवं शोधार्थी मौजूद रहे।

एकता, कर्तव्य और समरसता राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी : प्रो. एस. राजपुरोहित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के परास्नातक के प्रवेशित छात्र-छात्राओं को लक्षित दीक्षारंभ 2025 की मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना तथा मुख्य वक्ता प्रो. (ब्रिगेडियर) जेएस राजपुरोहित रहे। इनके साथ अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. अरविन्द मोहन भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने नवागत छात्रों का दीक्षारंभ में स्वागत किया। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि सभ्यता के साथ आप अपने सुझाव दीजिए, सहयोग कीजिए और हम सब मिलकर विश्वविद्यालय की उन्नति के लिए कार्य करेंगे। भारतीय ज्ञान परम्परा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सदस्य, नेशनल टेस्ट एजेंसी, यूजीसी के अध्यक्ष एवं लद्दाख विश्वविद्यालय के विजिटिंग प्रोफेसर, प्रतिष्ठित विद्वान प्रो. राजपुरोहित ने राष्ट्र निर्माण और युवाओं की भूमिका विषय पर वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि आपके पास है एक विजन होना चाहिए। वह लीडरशिप और राष्ट्र निर्माण में उपयोगी होगा। उन्होंने पंचतंत्र की कथा कबूतर और बहेलिया को सुनाकर एकता की शक्ति को स्पष्ट किया तथा मेंटर्स, गुरुजन, माता-पिता की सलाह मानने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विविधता में एकता, एकता के संघर्ष, भारत की शक्ति, युवा शक्ति और संभावनाओं पर ओजपूर्ण बातें कीं। उन्होंने कहा कि हम सैनिक नाम, नमक और निशान इन तीन चीजों के लिए जीते हैं। उन्होंने संदेश दिया कि राष्ट्र में आप जिस भी संस्था से जुड़े हैं वहां आपको सर्वश्रेष्ठ देना है। यह 140 करोड़ भारतीयों का देश है जहां बाईस से अधिक क्षेत्रीय भाषाएं, विविध धर्म और रीति-रिवाज पाए जाते हैं। फिर भी एकता के सूत्र में बंधे होने से हम एक हैं। उन्होंने सूर्य को जल देने के वैज्ञानिक कारण पर बात की। उन्होंने कहा कि धर्म सबके लिए निश्चित है। राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब राष्ट्रीय एकता स्थापित हो। एकता आपको एक दृष्टि देती है।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का विस्तार

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा 22490/22489 मेरठ सिटी – लखनऊ जं. – मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा को दिनांक 27.08.2025 से वाराणसी स्टेशन तक बढ़ाया जा रहा है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

22490/22489 मेरठ सिटी - वाराणसी - मेरठ सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन (सप्ताह में 6 दिन)

रेलगाड़ी सं. 22490		स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 22489	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
--	06:35	मेरठ सिटी	21:05	–
07:08	07:10	हापुड़	20:10	20:12
08:35	08:40	मुरादाबाद	18:50	18:55
10:04	10:06	बरेली	17:13	17:15
13:45	13:55	लखनऊ जं.	13:40	13:50
15:53	15:55	अयोध्या धाम जं.	11:40	11:42
18:25	--	वाराणसी जं.	--	09:10

चलने की तिथि: 22490 मेरठ सिटी से और 22489 वाराणसी से दिनांक 27.08.2025 से प्रतिदिन मंगलवार छोड़कर।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें ।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

2578/25

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

तीन दिवसीय जनपद स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित

मथुरा। ग्राम विकास विभाग के लिपिक संवर्ग विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सत्र के प्रथम दिवस जिल प्रशिक्षण अधिकारी डा० प्रियंका शर्मा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रजवलन कर सत्र का शुभारंभ किया गया उन्होने अपने सम्बोधन में लेखा लिपिक, कनिष्ठ सहायकों की भूमिका, कार्य क्षेत्र एवं विभागीय उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी । आर. एस. गौतम पूर्व मु०वि०अधि० ने व्यक्तित्व विकास- लीडरशिप एवं टीम विलि्ंडग तनाव प्रवन्धक के वारे में जानकारी दी। विनोद कुमार गौतम, सुशील डिमरी, सतीश चंद शर्मा, माधव प्रसाद शर्मा ने प्रतिभागियों को आयकर की गणना, भविष्य निर्वाह निधि, सामूहिक बीमा योजना, जी0पी0एफ0, यात्रा भत्ता, 2005, आहरण वितरण सम्बन्धी, जेम पोर्टल आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बांसी व हिरण्यवती नदी का पुनरुद्धार पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारितः डीएम

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में सोमवार को जनपद के बांसी नदी एवं हिरण्यवती नदी के पुनरोद्धार हेतु एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

● मन, मनोयोग, मनोबल, मशीन एवं संबंधित विभाग सहित आमजन के सहयोग से नदी को पुनर्जीवित करना है : डीएम

पौराणिक बांसी नदी को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से बैठक दौरान बांसी नदी (कुल लंबाई 85 किमी) रेगुलेटर से पिपरा घाट तक के सर्व प्रथम रेवेन्यू टीम द्वारा चिन्हांकन किए जाने का निर्देश अपर जिलाधिकारी को दिए गए तथा कहीं अवैध कब्जा हो उसे मुक्त कराने का निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने रेवेन्यू संबंधित कार्य हेतु एडीएम वि0/रा0 को नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया गया कि एक टीम का गठन करते हुए चिन्हांकन संबंधी कार्य तत्काल शुरू कराएं उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि बांसी नदी के उद्धार हेतु विस्तृत कार्य योजना तैयार कर अलग अलग जिम्मेदारी तय करते हुए आगामी दस दिनों में दुबारा होने वाली बैठक में प्रस्तुत की जाय।जिलाधिकारी ने बिंदुवार चर्चा करते हुए कहा कि मजदूर /मशीनों /स्वयंसेवी संस्थाओं व आमजन के सहयोग से ही ये कार्य संभव हो पाएगा, इसके लिए सभी संबंधित अपने स्तर से प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिनके पास इस कार्य में जो मशीनें हों दे कर सहयोग करें, डीजल की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा कर लिया जाएगा, उन्होंने श्रमदान हेतु विभिन्न संगठनों एवं आमजन से सहयोग हेतु प्रेरित किए जाने पर बल देते हुए प्रभावी कार्यवाही किए जाने का निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यवाहियां पूर्ण होने पश्चात एक तिथि निर्धारित कर अभियान के रूप में इस कार्य को पूर्ण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड से बांसी नदी में हमेशा पानी बनाए रखने के दृष्टिकोण से विस्तृत चर्चा कर इसे विभिन्न रजवाहों तथा अन्य नदियों से जोड़ने पर विचार विमर्श भी किया गया। जिलाधिकारी ने नदी में पानी हमेशा बनाए रखने के प्लान को भी कार्ययोजना में शामिल किए जाने का निर्देश दिए। भरपुरवा रेगुलेटर को खोलने पर क्या प्रभाव पड़ सकता है इसके बारे में भी जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मन, मनोयोग, मनोबल, मशीन एवं मनरेगा, जन सहयोग को मूलमंत्र बनाकर इस नदी को पुनर्जीवित करने में मां0 जन प्रतिनिधि गणों, ग्राम प्रधान गण, विभिन्न संगठनों, एवं आमजन से सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य हेतु धन की कमी आड़े नहीं आएगी जिला प्रशासन धन की व्यवस्था करेगा, सभी विकल्पों को अमल में लाते हुए दिसंबर तक इस कार्य की पूर्ण कर लिए जाएगा।

कुशीनगर स्थित हिरण्यवती नदी की साफ सफाई एवं निरंतर जल प्रवाह बनाए रखे जाने की भी समीक्षा कर अधि0 अभि0 सिंचाई को कार्ययोजना तैयार किए जाने एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 को नोडल अधिकारी नामित कर कमेटी गठन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। तथा कार्य योजना में कितने सेक्शन बनेंगे कहां से कहां तक किसकी जिम्मेदारी दी जानी है सभी का उल्लेख किया जाएगा ।जिलाधिकारी ने कहा कि ये कार्य भी माह दिसंबर तक पूर्ण कर लिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि बांसी नदी एवं हिरण्यवती नदी के दोनों कार्यों हेतु लगभग रुपए डेढ़ करोड़ की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा कर लिया जाएगा, इसके अतिरिक्त और भी धन की जरूरत पड़ेगी तो व्यवस्था कर ली जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड, डीसी मनरेगा, डीपीआरओ, सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

सुभासपा जनता से करेगी सीधा संवाद

देवरिया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने अब जनता से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु नई पहल की शुरुआत की है। इसके तहत मुख्य प्रदेश प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि अब वह प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को अपने आवास / जन संपर्क कार्यालय में बैठकर जिले भर से आने वाले कार्यकर्ताओं व जनता की सुनवाई करेंगे जिससे लोगों को होने वाली परेशानी समाप्त होगी। श्री द्विवेदी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि जनसुनवाई के दौरान जनता व पार्टी पदाधिकारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जायेगा और संबंधित अधिकारियों को समाधान करने को कहा जायेगा इस जन सुनवाई का मकसद सुभासपा को जनता के और करीब लाना है। पार्टी का मानना है कि लोकतंत्र की ताकत नागरिकों की भागीदारी से बढ़ती है और इसके लिए पार्टी पदाधिकारियों का नियमित रूप से जनता के बीच उपलब्ध रहना आवश्यक है। भविष्य में यह मॉडल प्रदेश के अन्य जिलों में भी लागू किया जाएगा, जहां संगठन के पदाधिकारी माह में कम से कम एक दिन जनता से मुलाकात करेंगे साथ ही उनकी समस्या के समाधान हेतु अधिकारियों से संपर्क स्थापित करेंगे।

पूर्व प्रधानाचार्य रामस्वरूप गुप्त का निधन

बरहज, देवरिया। नगर पंचायत भलुअनी निवासी मद्धेशिया समाज के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ज्ञानप्रकाश इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी (यूथ ब्रिगेड) के संरक्षक रामस्वरूप गुप्ता का इलाज के दौरान रविवार को राम मनोहर लोहिया अस्पताल लखनऊ में निधन हो गया। उनके पोते अभिषेक गुप्ता द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से यह दुखद समाचार प्रसारित करते ही पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। देश के हर हिस्से से गमगीन उनके शुभचिंतकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दुख व्यक्त किया ।सोमवार को उनका अंतिम संस्कार विधि विधान से बरहज गौरा घाट बरहज में किया गया। पूर्व प्रधानाचार्य रामस्वरूप गुप्त ने शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के साथ साथ अपना पूरा जीवन समाज के लिए समर्पित कर दिए थे ।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में निष्ठा के साथ सेवा करते हुए देश के हर हिस्से में बड़े बड़े आयोजनों में मार्गदर्शन व सफल संचालन एवं व्यापार मण्डल संरक्षक के रूप में व्यापारियों के सहयोग सहित समाजहित में अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। समाजहित में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें विभिन्न प्रतिष्ठित विभूतियों ने सम्मानित किया था ।उनके अंतिम संस्कार में दलीय सीमाएं टूटती दिखी। हर पार्टी एवं हर वर्ग के लोग एक साथ दिखे। मुखाग्नि दिए जाने के दौरान उनको याद करते करते हुए सभी की आंखे नम हो गई ।इस दौरान पूर्व चेयरमैन रूद्रपुर सुबाषचंद मद्धेशिया, अविनाश सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष गेनालाल यादव, मुरली मनोहर जायसवाल, दिनेश गुप्ता, डा. योगेश गुप्ता, विनोद मद्धेशिया, मनोज कुमार मद्धेशिया, दुर्गेश कांदू, दिनबंधु मद्धेशिया, हरेराम गुप्ता सहित मद्धेशिया समाज के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी, शिक्षक संघ के विभिन्न संगठन, व्यापारी संगठन, सामाजिक संगठनों के साथ लोग मौजूद रहे।

मत्स्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत जन सामान्य को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन करने हेतु जिला स्तरीय समिति के समक्ष डीएलसी की कार्यवाही संबंधी आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई।

समीक्षा बैठक दौरान मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत पट्टे के तालाबों में मत्स्य पालन हेतु 66 आवेदनों को ऑनलाइन स्वीकृत होने, तथा अपात्र 19 आवेदनकताओं का विवरण भी प्रस्तुत किया गया जिसके अंतर्गत आवेदन निरस्त होने के कारणों का भी उल्लेख किया गया।इसी प्रकार मत्स्य बीज बैंक की स्थापना हेतु 4 आवेदनों को स्वीकृत एवं एक आवेदन का पोर्टल पर निरस्त होने की जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा दौरान पट्टा आवंटन संबंधी एक पत्रावली का अवलोकन भी किया गया, उन्होंने निर्देशित किया कि नियमों के अंतर्गत ही कोई भी लाभ देने का कार्य करें। उन्होंने अपात्रों की सूची पोर्टल पर अपलोड किए जाने का निर्देश दिए। सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित विगत मार्क्स का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार नंबर कटना नहीं चाहिए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा दौरान समितियों के गठन की जानकारी, केसीसी, विभाग द्वारा नई योजनाओं की जानकारी, जनपद में कितने का बीमा हुआ, आदि विस्तृत रूप से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जनपद में चेफुआ मछली एवं अन्य मांग वाली मछलियों के मार्केट को बढ़ावा दिए जाने संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए कहा कि नगर पंचायत छितौनी में ईओ से वार्ता कर दुकान बनवाए जाने के क्रम में पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि फीस मार्केट को मॉडर्न के रूप में विकसित किए जाएंगे, तथा फीस फूड के स्थापना के संबंध में भी चर्चा करते हुए इस पर कार्य किए जाने निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, डीएसटीओ श्रवण कुमार, उप निदेशक /सहायक निदेशक मत्स्य ब्रजेश कुमार, सहित अन्य सभी समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

समारोह पूर्वक मना विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस

देवरिया। विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस जिलाध्यक्ष उपेंद्र शाही की अध्यक्षता में देर रात संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रांत संगठन मंत्री राजेश जी और मंचासीन अतिथियों द्वारा भगवान रामदरबार व श्री कृष्ण के चित्र पर पूजन अर्चन के पश्चात हुआ। बाद में प्रांत संगठन मंत्री राजेश जी ने जिला उपाध्यक्ष दीपू जयसवाल, पूनम मिश्रा, अनिल जायसवाल, गुड्डू सिंह व प्रखंड अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, मनोज कुशवाहा, विकास मिश्रा, संध्या श्रीवास्तव को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री राजेश जी ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद समाज के स्वाभिमान को जगा कर देश धर्म संस्कृति के रक्षार्थ खड़ा किया है। जाति, वर्ग, संप्रदाय में बाटे हिंदू समाज को एकजुट कर राष्ट्र के प्रति गौरव निष्ठा एवं भक्ति की भावना पैदा करने का कार्य विगत 61 वर्षों से करता चला रहा है। प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख डॉ डीके सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मुंबई के सांदीपनि आश्रम में 1964 में हुई। जिसके फल स्वरुप समाज में समरसता एवं सद्भावना का विस्तार हो रहा है। प्रांत उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम मरोदिया ने कहा कि जिस संस्था का बीजारोपण 1964 में हुआ वह आज का एक विशाल बट वृक्ष बन गया है। जिसकी शाखाएं देश-विदेश तक फैली हुई है। विश्व हिंदू परिषद का कार्य 80 देश में हो रहा है। प्रांत धमार्चार्य संपर्क प्रमुख ने कहा की विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 29 अगस्त जन्माष्टमी के दिन मुंबई स्थित स्वामी चिमनी आनंद के सांदीपनि आश्रम में हुआ। भारत अग्रवाल ने कहा कि सरसंघचालक गुरु माधवराव सदाशिवराव गोलकर जी के निर्देश में संगठन स्थापित हुआ इसका उद्देश्य हिंदू समाज को मजबूत करना है। नगर अध्यक्ष डॉक्टर सुनील अग्रवाल ने कहा कि हिंदू जीवन दर्शन और अध्यात्म क्तालमेल रखकर हिंदू और हिंदुत्व की रक्षा के लिए उन्हें संगठित संगठन और मजबूत करना है।

यातायात पुलिस नेएमवी एक्ट में किया चालान

देवरिया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में सोमवार को यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर दोपहिया वाहनों पर बिना हेलमेट, बिना ड्राइवरी लाइसेंस व तीन सवारी चलने वालों तथा मालवीय रोड, सुभाष चौक, बस स्टैंड पर सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले अनुबंधित बस, ऑटो एवं ई-रिक्शा वाहनों पर एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी। जिसमें 89 वाहनों का ई-चालान किया गया और 8 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। इस प्रकार की कार्रवाई के माध्यम से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है। दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है। वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दो महीने बाद लापता शुभम लौटेगा घर

देवरिया। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला भटवलिया से दो महीने पूर्व 7 वर्षीय शुभम लापता हो गया था। परिवार ने काफी खोजबीन की मगर कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने सदर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। जहां बीते देर रात को दो माह पूर्व लापता हुए मासूम की जानकारी सिद्धार्थ नगर के समाजसेवी वरिंकू मिश्रा व देवरिया पुलिस में तैनात का सौरभ त्रिपाठी की पहल से मासूम बच्चे के सही सलामत होने की सूचना परिवार को मिली। जिसके बाद परिवार के खुशी का ठिकाना न था। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र मुहल्ला भटवलिया निवासी सुभम (7) पुत्र वीरेंद्र विगत दो माह पूर्व भटक कर कही चला गया ।जिसकी खोजबीन उसकी दादी सोहनी देवी ने दिन तक किया लेकिन जब उसका पता नही चला तो इसकी सूचना सदर कोतवाली की पुलिस को दी। जहाँ सदर कोतवाली की पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मासूम की तलाश शुरू कर दी ।वही शुभम किसी तरह राजस्थान पहुँच गया। जहां कोटा पुलिस के दिनेश ने शुभम से कुछ जानकारी हासिल करने की कोशिश की लेकिन उस वह डरा हुआ था। जिकसे चलते वह कुछ बता नही पाया। जिसको कोटा पुलिस के दिनेश व अजय ने बालक सुरक्षा के दृष्टि से

राजस्थान के एनजीओ ₹एक प्रयास घर वापसी का अभियान के संस्थापक रजनीश जैन के पास ले गए। कुछ दिन बाद जब शुभम कुछ सही हुआ तो उससे जब उसके घर के बारे में जानकारी पूछी गई तो उसने सब बताया । जिसके आधार पर कड़ियां जुड़ती गई।

जहां देर रात एक अहम सफलता मिली। देवरिया के सीओ सिटी कार्यालय में तैनात हेड कांस्टेबल सौरभ त्रिपाठी और सिद्धार्थनगर के समाजसेवी रिंकू मिश्रा ने उन्होंने मासूम की फोटो एक स्थानीय पत्रकार के मोबाइल पर भेजी। पत्रकार ने तुरंत बच्चे के परिजनों को सूचना दी। बच्चे के सकुशल मिलने की खबर से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने हेड कांस्टेबल सौरभ त्रिपाठी और समाजसेवी रिंकू मिश्रा का आभार व्यक्त किया। वर्तमान में परिवार के सदस्य सदर कोतवाली पुलिस से संपर्क कर बच्चे को वापस लाने की प्रक्रिया में जुटे हैं। पुलिस भी इस मामले में पूरा सहयोग कर रही

क्षेम जी की कृतियां करती हैं समाज का मार्ग दर्शन

जौनपुर। महान विभूतियां कभी नहीं मरती। उनके आदर्श, उनकी कृतियां उनके न रहने पर भी समाज का मार्गदर्शन करती है। उक्त विचार उ.प्र. लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य

● पुण्यतिथि पर याद किये गये डा. श्रीपाल सिंह क्षेम

प्रो. आरएन त्रिपाठी ने साहित्य वाचस्पति डा. श्रीपाल सिंह क्षेम की 14वीं पुण्यतिथि पर विकलांग पुनर्वास केन्द्र लाइन बाजार में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में व्यक्त किया। उन्होंने कहाकि डा. धर्मवीर भारती, हरिबंश राय बच्चन, महादेवी वर्मा, प्रो. रामकुमार वर्मा ने डा. क्षेम को अपने वात्सल्य से पाला-पोषा था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम ने अपने पिता स्व. डा. श्रीपाल सिंह क्षेम से संबंधित अनेक संस्मरण प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवयित्री डा. विभा तिवारी ने-छेड़ तू वीणा के तार हंसवाहिनी वीणा वादिनी गूंजे मधुर झनकार। वाणी वंदना से किया। कवयित्री कालोज पाठक ने-बाबा तेरी लाडली बिन तेर ब्याही जायेगी। करूण रस से ओत प्रोत गीत सुनाया तो श्रोताओं की आंखे नम हो गयी। ओज के कवि डा. रणजीत सिंह ने- जग है एक नाट्यशाला। यह जग जीवन का अंगना है। जग में कोई नहीं पराया, ना ही कोई अपना है।। मानस मराल डा. आरपी ओझा ने-राष्ट्र की भक्ति को तोलना चाहिये।

सीएम जनसुनवाई पोर्टल को डीआईओएस ने बनाया मजाक फर्जी रिपोर्ट लगाकर किया शिकायत का निराकरण

जिला संवाददाता

कुशीनगर। आम जनमानस की सुनवाई और उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शुरू किया गया मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल को कुशीनगर के जिला विद्यालय निरीक्षक ने बनाया मजाक। हुआ यह है कि शिकायत में बिना मौके पर

● श्रीगंगा बक्श कनोडिया इंटर कालेज के सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय, वीरेंद्र पाण्डेय व श्याम नरायण पाण्डेय द्वारा बिना कार्य किये दो वर्ष का एरियर निकालने का मामला

पहुंचे और साक्ष्यों का बगैर अवलोकन किये ही डीआईओएस ने कार्यालय में बैठे-बैठे फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायतों का निस्तारण कर दिया जा रहा।

नतीजतन दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही होने के कारण इनके हौसले बुलंद है।

बतादे कि दिनांक -6 अगस्त-2025 को शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल शिकायत संख्या-40018925022508 पर जनपद के कप्तानगंज स्थित गंगा बक्श कनोडिया इंटर कालेज के सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय, वीरेंद्र पाण्डेय तथा श्याम नरायण पाण्डेय के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। इन शिक्षको पर आरोप है कि यह तीनो अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय, वीरेंद्र पाण्डेय व श्याम नरायण पाण्डेय जुलाई - 2012 से मार्च - 2014 तक विद्यालय मे बगैर कार्य किये तथ्य गोपन व कूटरचित अभिलेख तैयार कर लाखो रुपये एरियर निकालकर सरकारी खजाना लूटने का कार्य किया है। शिकायतकर्ता ने अपने शिकायत मे कहा है कि विद्यालय के मूल उपस्थिति पंजिका मे इन अध्यापको का हस्ताक्षर नही है जिसकी जांच करा ली जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी साफ हो जायेगा। सीएम कार्यालय से जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त को इस प्रकरण की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था।

उपस्थिति पंजिका जांचे बगैर आरोपी शिक्षको को दे दिया क्लीनचिट

जानकारों का कहना है कि इस प्रकरण मे डीआईओएस को विद्यालय मे स्वंय जाकर वर्ष 2012 से 2014 का मूल उपस्थिति पंजिका की जांच करनी चाहिए, इसके बाद प्रकरण में अपनी आख्या लगानी चाहिए। किन्तु जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने ऐसा नही किया जो आरोपी शिक्षको से प्रभावित होकर उन्हे बचाने का प्रयास की ओर इशारा करती है। सूत्र बताते है कि डीआईओएस ने आरोपी शिक्षक देवेन्द्र पाण्डेय, वीरेंद्र पाण्डेय व श्याम नरायण पाण्डेय द्वारा तथ्य गोपन व तैयार कराये गये कूटरचित अभिलेखों को साक्ष्य मानकर इन्हे क्लीनचिट देते हुए प्रकरण का निस्तारण कर दिया।

शिकायतकर्ता ने किया रिमाइंडर

हालाकि डीआईओएस द्वारा प्रकरण को फर्जी तरीके से निस्तारण किये जाने के बाद शिकायतकर्ता ने तुरंत जनसुनवाई पोर्टल पर अपने शिकायत संख्या -40018925022508 पर रिमाइंडर दर्ज कराते हुए विद्यालय के मूल उपस्थिति पंजिका की जांच कराने की मांग की है।

बौद्ध भिक्षुओं ने बच्चों को भेंट शिक्षण सामग्री, किया पौधारोपण

कुशीनगर। थाई मॉनेस्ट्री से जुड़े बौद्ध भिक्षुओं ने नगरपालिका परिषद कुशीनगर वार्ड नंबर 4 अंबेडकर नगर मदनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में आयोजित कार्यक्रम बच्चों को शिक्षण सामग्री भेंट करते हुए उन्हें पढ़ने, लिखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पौधरोपण कर पर्यावरण के लिए पौधे लगाने की अपील शिक्षकों और बच्चों से की।

सोमवार को विद्यालय में वाट बोधिमोली राज्यबंडित ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत नेपाल के धम्म दूत और थाई मंदिर कुशीनगर के प्रमुख डॉ पी सोम पोंग और विशिष्ट अतिथि डॉ पी सों क्रान ने बच्चों को कापी, वर्ण माला की किताब, पेन, पेंसिल, स्केल और नकद राशि भेंट करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। भारत नेपाल के धम्म दूत और थाई मंदिर कुशीनगर के प्रमुख डॉ पी सोम पोंग ने कहा कि स्कूल अनुशासन और संस्कार की पाठशाला होते हैं। जहां बच्चे पढ़ाई, लिखाई करते हैं और सफल होकर अपना और देश का जीवन सुखमय बनाते हैं। बुद्ध भगवान ने उपदेश दिया था कि अप्प दीपो भव यानी कि अपना प्रकाश खुद बनें और दुनिया को आलोकित करें। इस अवसर पर अतिथियों ने पीपल का पौधा लगाया और लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने भिक्षुओं और अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक रुख सार, पीएन गोंड, शिक्षा मित्र प्रभु गोंड, सभासद प्रतिनिधि मनोज कुमार, शिक्षक अमिताभ त्रिपाठी, विवेक कुमार गोंड, ओम प्रकाश कुशवाहा, अभिषेक कुमार गोंड, मनोज कुमार प्रजापति आदि सहित बच्चे उपस्थित रहे।

पांच लाख, पांच साल, आलमगीर ने खड़ा किया रेडहिल रियल स्टेट का एम्पायर

कुशीनगर। धर्मांतरण व युवती के साथ जबरिया मुह काला करने का आरोपी रेडहिल कंपनी के मालिक आलमगीर के पक्ष में सोशल मीडिया पर तमाम लोग द्वारा कसीदे गढे जा रहे है, कोई गरीबो का मसीहा बता रहा है तो कोई जरूरतमंदों का रहनुमा। लेकिन जो लोग आलमगीर का गुणगान कर रहे है वह यह नहीं बता रहे

● आलमगीर के जमीन की दलाली से लेकर कम्पनी के मालिक बनने तक का सफर

है कि पांच लाख रुपये लेकर बिहार से आकर कारोबार शुरू करने वाला आलमगीर महज पांच वर्षो में इतना बडा एम्पायर खडा कर अरबपति कैसे बन गया? क्या आलमगीर के हाथ मे अलाउद्दीन का चिराग लग गया है? अगर नही तो इतने कम समय में अरबपति बनना अपने में एक बडा सवाल है, जिसकी जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी से होने के बाद ही स्पष्ट होगा।

गौरतलब है कि पडोसी राज्य बिहार के गोपालगंज जिले के निवासी आलमगीर पहले कमीशन पर जमीन की दलाली करता था । वर्ष 2019 मे उसने अपने गांव की एक जमीन पांच लाख रुपये में बेचकर रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी की स्थापना किया। कम्पनी के स्थापना के एक-दो वर्ष बाद आलमगीर के पास पैसो की बारिस होने लगी। नतीजतन जमीन की दलाली कर कमीशन के दम पर अपना जीविकोपार्जन करने वाला आलमगीर महज पांच वर्षो मे ही एक बडा एम्पायर खडा करके अरबपति बन गया। सवाल यह उठता है कि इतने कम समय में फर्श से अर्श तक की लंबी यात्रा को आलमगीर ने सिर्फ पांच वर्षो मे कैसे पुरा कर लिया? जानकारों का दाबा है कि ईमानदारी से किये गये किसी भी कारोबार में इस तरह की तरक्की नामुमकिन है। ऐसे में सवाल यह खडा होता है कि क्या आलमगीर के रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी के आड में कोई अवैध व गैरकानूनी कारोबार तो नही फलफूल रहा है? अगर नही तो फिर कही कोई आलमगीर को काला धन की फंडिंग तो नही कर रहा है? इसके पीछे चाहे जो भी तर्क-कुतर्क हो लेकिन मुद्दा निष्पक्ष जांच का विषय है। हालाकि पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा का सीधा आरोप है कि आलमगीर के रेडहिल कम्पनी मे शहाबुद्दीन के काला धन का फंडिंग होता है सच्चाई क्या है जांच का विषय है। लेकिन इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि आलमगीर के कारोबार में कही न कही लोचा जरूर है।

आलमगीर का इंकम आफ सोर्स का दावा, चार सौ कर्मचारी मे प्रतिदिन दो सौ एम्प्लॉई लाते है एडवांस

बीते दिनों आलमगीर से उनके इंकम आफ सोर्स के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उनके रेडहिल रियल स्टेट कंपनी मे युवक-युवतियां मिलाकर चार सौ से अधिक एम्प्लॉई है, प्रतिदिन दो सौ कर्मचारी बीस हजार रुपये ही प्लाट के एडवांस बुकिंग लाते है तो उनके रेडहिल कम्पनी को प्रतिदिन चालीस लाख रुपये की आय होती है। उन्होने बताया कि वह पांच लाख रुपये में अपने गांव की जमीन बेचकर कारोबार शुरू किया था।

खेती के जमीन को आवासी प्लाट की दर में बेचकर सरकार को लगाया जाता है चूना

जानकारों के मुताबिक प्लाटिंग करने से पहले खेती वाले जमीन को तहसील से आवासीय जमीन के रुप मे तब्दील कराने के बाद उस जमीन का प्लाटिंग करके बेचने का प्राविधान है। अब सवाल यह उठता है कि क्या रियल स्टेट कम्पनियां इस गाइडलाइन का पालन करती है? आलमगीर के मुताबिक उनके कंपनी मे कार्यरत कर्मचारियों के सापेक्ष दो सौ कर्मचारी प्रति दिन बीस हजार रुपये की धनराशि एडवांस के तौर पर मतलब चालीस लाख रुपये कंपनी मे जमा करते है। इस हिसाब से 12 करोड रुपये मासिक और सलाना 144 करोड रुपये कम्पनी मे सिर्फ एडवांस धनराशि जमा होती है, तो क्या कम्पनी इस धनराशि का टैक्स जमा करती है? जबकि जमीन की पुरी धनराशि अभी बाकी है जो उपभोक्ताओं द्वारा रजिस्ट्री के दौरान धनराशि जमा किया जाता है। इसका ट्रैक्स अलग है।

जाली नोट कांड मे रहे पुलिस के रडार पर

सूत्रो के माने तो जनपद में जाली नोट कांड में भी आलमगीर के नाम की चर्चा जोरो पर थी, यही वजह है कि रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी के मालिक आलमगीर पुलिस के रडार पर रहे। यह बात दीगर है इस प्रकरण मे वह साफ बच गये हालाकि सूत्रो का दावा है कि इस प्रकरण से बचने के लिए आलमगीर को लाखो रुपये पानी की तरह बहना पडा था। इसमे कितनी सच्चाई है मीडिया इसकी दावा नही कर रही है।

धर्मांतरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

बीते दिनो अनामिका नामक युवती ने तमकुहीराज थाना क्षेत्र के निवासी व जाली नोट के आरोप मे जेल की हवा खा चुके रफी उर्फ बबलू खान, नौशाद खान व रेडहिल के मालिक आलमगीर पर धर्मांतरण व दुष्कर्म किये जाने का आरोप लगाया था। पीडिता का आरोप है कि नौशान खान मुम्बई से लौटने बाद उसे काम दिलाने के लिए कसया नगर पंचायत के निवासी व रेडहिल रियल स्टेट कम्पनी के मालिक आलमगीर अंसारी के घर रखवा दिया, जहां से पीडिता को मिलने वाला वेतन नौशाद लेता था। पीडिता का आरोप है कि इस दौरान रियल स्टेट कारोबारी आलमगीर उसके साथ मुह काला करता रहा, जब पीडिता ने इस बात की जानकारी नौशाद को दी तो नौशाद ने यौन शोषण के बदले रेडहिल रियल स्टेट के मालिक आलमगीर अंसारी से मुआवजे के तौर पर मोटी रकम वसूल कर शान्त होगा। पीडिता के तहरीर पर पडरौना कोतवाली पुलिस ने रफी खान उर्फ बबलू खान, नौशाद खान उर्फ नाटा नबाब, जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा, नीतू रोहरा उर्फ नसरीन, कसया स्थित रेडहिल रियल स्टेट के मालिक आलमगीर अंसारी, हाशीम खान, जमालुद्दीन, साहिल अंसारी, रितेश मिश्रा, तनवीर, इम्तियाज खान दीवान, इजहारूल खान एंव इरशाद खान के खिलाफ धारा 376(1), 376डी, 377, 342, 323, 504, 120बी, 3, व 5(1) आदि संगीन धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है।

राजकीय इन्दिरा उद्यान का निरीक्षण

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी ने बताया कि उप निदेशक उद्यान, देवीपाटन मण्डल, गोण्डा श्रीमती गीता त्रिवेदी द्वारा राजकीय इन्दिरा उद्यान, बहराइच एवं कृषक प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।

संक्षेप

तालाब में मिला अधेड़ का शव

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के गांव हरदास पुर में एक अधेड़ का शव सोमवार को सुबह तालाब में उतराता मिला। मृतक के भाई की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाँव हरदासपुर निवासी शम्भू (45) पुत्र स्व० खेमराज 23 अगस्त को शाम घर से लापता हो गए थे। सोमवार को सुबह ग्रामीणों ने गांव के पास एक तालाब में शम्भू का शव उतराता देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के छोटे भाई श्यामसुन्दर ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व गाँव में विवाद हुआ था। झगड़े के बाद वह बहन के यहां बांगरमऊ चला गया था। 23 अगस्त को शाम घर आया था। माँ महादेई ने फोन से बताया कि शम्भू शाम को घर आए थे। खेत से वापस घर जाने पर शम्भू घर पर नही था। उनकी चप्पल पड़ी थी तो तलाश शुरू हुई। परिजन शम्भू की तलाश करते रहे। सोमवार को शव सुबह तालाब में उतराता मिला। मृतक अविवाहित था। दो भाई तीन बहनों में दूसरे नम्बर पर था। शम्भू की मौत से परिजन रो रोकर बेहाल हैं। मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताई है। एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के भाई की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

मरीजों को दवा वितरित की गयी

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय के अन्तर्गत बाढ चैकी बक्सर में प्रभावित ग्राम लालखेडा मिश्रणखेडा चहलहा मंझा, दुलीखेड़ा धरमपुर पसानिया आदि ग्रामों के पीड़ित परिवारों को स्वास्थ्य विभाग सुमेरपुर के डाक्टर आदर्श कुमार सिंह द्वारा मरीजों की देखभाल व दवाई वितरण की गई। इस मौके अजय सिंह, राजस्व निरीक्षक व क्षेत्रीय लेखपाल संजीव पांडेय गौरव मिश्र, आनंद सिंह मौजूद रहे।

मेले में दो पक्षों में हुआ विवाद और फायरिंग

सीतापुर। जिले के महोली नगर क्षेत्र में जन्माष्टमी मेले के दौरान दबंगई का नजारा देखने को मिला। दो गुटों में कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ा कि एक गुट के युवक ने अवैध असलहा निकालकर हवाई फायरिंग कर दी। इस घटना का वीडियो रविवार देर शाम को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक कस्बे में दशकों से बंद पड़ी श्रीलक्ष्मीजी शुगर मिल के केन यार्ड में मेले का आयोजन चल रहा है। शनिवार रात मेले में कस्बे के ही दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि एक युवक ने दूसरे पर असलहा तान दिया। जान बचाने के लिए युवक पास की एक गुमटी में घुस गया। थोड़ी देर बाद हमलावर वहां भी आ धमका और लोगों की चीख-पुकार के बीच हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। फायरिंग के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पूरी घटना गुमटी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस संबंध में कस्बे के अंश दीक्षित ने चार लोगों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है। अंश ने बताया कि शनिवार की रात वह मेले में डोसा खाने गया था, तभी चार लोगों ने उससे शराब के पैसे मांगे। मना करने पर डंडों से हमला किया गया और बाद में असलहे से फायर भी किया गया। रेलवे चैकी प्रभारी अशोक सिंह ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नरनी गांव पहुंचे धौरहरा सांसद, परिजनों को दी सांत्वना

जिला संवाददाता (vol)

महोली/सीतापुर विगत दिनों तहसील महोली के नरनी गांव में खेत देखने गये एक युवक को बाघ ने अपना निवाला बना लिया था। जिसके बाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों का जमावड़ा लगा हुआ है। परिजनों का दर्द बाटने के लिये धौरहरा सांसद आनन्द भदौरिया नरनी गांव पहुँचे।

सांसद के द्वारा मृतक सौरभ के परिजनों को 50 हजार की सहायता धनराशि दी गयी। सांसद आनन्द भदौरिया ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कई वर्षों से हमारे लोकसभा क्षेत्र व विधानसभा महोली में कई वर्षों से बाघ का आतंक है दर्जन भर जानवर इसके शिकार हो गए, लोग अपने खेत नहीं जा पा रहे है लोकसभा में हमारे द्वारा एक वर्ष पूर्व बाघ का मुद्दा उठाया गया था। मैंने लोकसभा इस समस्या को गंभीरता से उठाया था। मैंने कहा था अगर बाघ संसद भवन के अंदर घुस आये तो क्या होगा। केवल गांव के गरीब किसान ही इसका शिकार होते हैं लेकिन देश की सर्वोच्च पँचायत से भी इस समस्या का निस्तारण नहीं हो पाया घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उस नौजवान का कसूर क्या था वो खेत मे काम करने गया था। जिसको बाघ ने अपना निवाला बना लिया। मैं किसी सरकार जनप्रतिनिधि पर कोई आरोप नही लगाना चाहता जब पता था इस इलाके में बाघ है किसी न किसी को अपना निवाला बनायेगा ही तो क्या सरकार की जिम्मेदारी नही थी क्या जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी नही थी। क्या विधानसभा में इस मुद्दे को नही गूंजना चाहिए था। सरकार ने आखिर क्यों टॉस्क फोर्स नही बनाकर समस्या से क्षेत्रीय लोगो को मुक्त कराया हम लोगो की जिम्मेदारी अधिकारियों से इस घटना को लेकर बात हुई डीएफओ पूरी टीम के साथ मौके पर मौजूद है गांव वाले भी उनका सहयोग कर रहे हैं। हमे उम्मीद है कि जल्दी ही वो बाघ पकड़ा जाएगा। सरकार को भी पूरी ताकत लगाकर उसको पकड़ना चाहिए। हजारो जनता आज दहशत में है बच्चे विद्यालय नही जा पा रहे किसान अपने खेतों में काम करने नहीं जा पा रहे मन में डर बैठा हुआ है हम सब की नही इच्छा है कि आदमखोर बाघ पकड़ा जाए। डीएफओ से बात हुई है उन्होंने कहा है सभी संसाधन उनके पास उपलब्ध है जल्द ही आदमखोर बाघ पकड़ा जाएगा। मेरी भी अपील है जिम्मेदारों से की जल्द से जल्द बाघ पकड़ा जाए जिससे जनता में डर का माहौल खत्म हो। बाघ आधा दर्जन से ज्यादा लोगो को घायल कर चुका है। सैकड़ो मवेशी मर गए है। अधिकारियों का हम लोगो ने मनोबल बढ़ाया है। जल्द से जल्द बाघ पकड़ा जाएगा। मुआवजा राशि बहुत कम है सरकार को सहायता राशि बढ़ाकर 10 लाख करनी चाहिये।

विधायक ने परिजनों को सौंपी सहायता राशि की चेक

महोली/सीतापुर क्षेत्रीय विधायक शशांक त्रिवेदी एसडीएम महोली के साथ परिजनों के घर आकर सहायता राशि की चेक सौंपी साथ वन विभाग को जल्द से जल्द पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने के लिए निर्देशित किया।

डीएम व विधायक ने किया वन कमाण्ड सेंटर का निरीक्षण

महोली/सीतापुर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व विधायक शशांक त्रिवेदी के द्वारा वन विभाग के द्वारा आदमखोर बाघ को पकड़ने के लिए बनाये गये कमाण्ड सेंटर का निरीक्षण किया। साथ ही सभी वनकर्मियों व वन अधिकारियों को बाघ को जल्द पकड़ने के लिये निर्देशित किया।

करंट लगने से विद्युत संविदाकर्मी की मौत

सीतापुर। शहर कोतवाली इलाके में ट्रांसपोर्ट चैराहे पर खम्भे पर चढ़कर बिजली सही कर रहे संविदा कर्मी की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन निवासी विजय कुमार पुत्र बाबूलाल ट्रांसपोर्ट चैराहे के पास खंभे पर जम्फर जोड़ने का काम कर रहे थे। इस दौरान 11 हजार लाइन का शटडाउन लिया गया था लेकिन अचानक लाइन पर करंट दौड़ने से हादसा हो गया। बताया जाता है कि करंट लगते ही विजय कुमार सीढ़ी से नीचे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोग और विभागीय कर्मचारी उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस हादसे को लेकर परिजनों ने विद्युत विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि कर्मचारियों की लापरवाही के चलते ही यह घटना हुई है और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। वहीं विद्युत विभाग के एसडीओ नगर रवि गौतम ने बताया कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट होंगे। उन्होंने पीड़ित परिवार को आर्थिक मुआवजे के साथ ही एक सदस्य को नौकरी दिलाने का आश्वासन भी दिया है।

जल विहार कार्यक्रम संपन्न

बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पोरई में फूलमती मंदिर प्रांगण में आयोजित वर्षो पुराना श्रीकृष्ण जलविहार महोत्सव भारी धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का समापन इस वर्ष बेहद भव्य और ऐतिहासिक रहा। समापन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। पुष्प फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं समाजसेवी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, युवा समाजसेवी सूरज सिंह चौहान व

शिववीर सिंह चैनपुर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशासनिक और सामाजिक समरसता देखने को मिली। थाना प्रभारी बिहार राहुल सिंह, प्रधान डोकरई आशू सिंह, महेश तिवारी समेत अनेक सम्मानित अतिथियों ने पहुंच कर कार्यक्रम का दर्शन लाभ प्राप्त किया। जलविहार कमेटी पोरई की ओर से प्रधान प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, मोनू जादौन, मुकेश भदौरिया, मंजुल सिंह, अंकित सिंह, राहुल शर्मा आदि ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। गाँव में भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से ओत-प्रोत वातावरण गूँज उठा। पूरे क्षेत्र से हजारों श्रद्धालु एकत्र होकर इस अद्भुत आयोजन के साक्षी बने। समापन अवसर पर गाँव का माहौल धार्मिक उत्साह और सामाजिक एकता की मिसाल पेश करता नजर आया।

डीएम ने की यूरिया वितरण की समीक्षा

सीतापुर। कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में यूरिया उर्वरक के वितरण के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिये गये कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करते हुए सभी विक्रय स्थलों पर यूरिया का वितरण पॉश मशीन के माध्यम से कराया जाये तथा स्टॉक को अनवरत रूप से अद्यतन किया जाये। जिलाधिकारी ने यह निर्देश भी दिये गये कि यूरिया के साथ किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग न की जाये तथा निर्धारित मूल्य पर ही यूरिया का विक्रय कराया जाये।

सभी सम्बन्धित अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहते हुए वितरण व्यवस्था की गहन जांच करें तथा यदि कहीं अनियमितता पायी जाये तो सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने बताया जनपद में लगभग 2500 मै0टन यूरिया प्राप्त होना सम्भावित है। जनपद में 50 सहकारी समितियों एवं 150 निजी क्षेत्र की दुकानों पर भी यूरिया के वितरण की व्यवस्था करायी जा रही है। जिनसे किसान सुगमतापूर्वक अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक क्रय कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उर्वरक उपलब्ध है। जिसका वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने किसान भाइयों से अपेक्षा कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें। सहकारी समितियों के अतिरिक्त लगभग 150 निजी क्षेत्र की दुकानों के माध्यम से भी यूरिया उर्वरक क्रय किया जा सकता है। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त उर्वरक केन्द्रों पर राजस्व, कृषि एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों के सत्यापन के उपरान्त उनकी मौजूदगी में उर्वरक वितरण कराया जाये। बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार ने अवगत कराया गया कि आज जनपद में 2 हॉफ रैक यूरिया प्राप्त हो रही है। जिसमें से एचयूआरएल कम्पनी की यूरिया की रैक प्राप्त हो गयी है। जिसमें से 429 मै0टन यूरिया सहकारिता क्षेत्र के 24 केन्द्रों पर तथा 799 मै0टन निजी क्षेत्र के लगभग 78 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर कुल केन्द्रों पर 1228 मै0टन मात्रा प्रेषित की जा रही है। साथ ही चम्बल फर्टिलाइजर्स की 1 रैक आज शाम तक प्लेस हो जायेगी। जिसमें से 485 मै0टन यूरिया सहकारिता क्षेत्र तथा 901 मै0टन यूरिया निजी क्षेत्र के उर्वरक प्रतिष्ठानों पर आपूर्ति करायी जायेगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार, उप कृषि निदेशक सीतापुर डा0 एसके सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता नवीन चन्द्र शुक्ल सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

कैंप लगाकर की गयी धारकों के खाते में केवाईसी

कमलापुर (सीतापुर)। बैंक ऑफ इंडिया शाखा कमलापुर के द्वारा क्षेत्र में प्रचार प्रसार करवाकर सोमवार को गांव में कैंप लगाकर खाता धारकों के खाते में केवाईसी करवाने का कार्य किया गया। क्षेत्र के गांव ज्योती साहलमपुर में सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक की मौजूदगी में कैंप लगाकर बैंक के खाता धारकों के खाते में केवाईसी ऐड करने का काम को किया गया।

इस संबंध में बैंक के शाखा प्रबंधक पुष्कर रस्तोगी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन खाता धारकों के खाते में दस साल के अंतर से केवाईसी नहीं थी। उनके खाते में री केवाईसी करवाने का काम किया गया है। इस कैंप में लगभग डेढ़ सौ के करीब खाता धारकों के खाते में री केवाईसी की गई है। इसके लिए प्रचार प्रसार भी करवाया गया था। जिससे बैंक के खाता धारकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो ग्राहक हमारे लिए सर्वोपरि है हमेशा ग्राहकों की सुविधाओं के लिए समय समय पर कैंप लगाकर सुविधाएं प्रदान करने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर बैंक शाखा उप प्रबंधक कमलापुर राहुल कुमार, बीसी सुनील कुमार, सहित बैंक के कर्मचारी और खाता धारक मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए वेटिंग, मायूस होकर लौट रहीं महिलाएं

उन्नाव। जिला महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराना है तो आपको वेटिंग मिलेगी। ऐसे में मरीज या तो निजी लैब में महंगी जांच कराए या फिर नंबर आने का इंतजार करे। जिला महिला अस्पताल में रोजाना 400 महिलाएं पहुंचती हैं। इनमें औसतन 100 गर्भवती भी होती हैं। डॉक्टर इन्हें अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह देते हैं। लेकिन रेडियोलॉजिस्ट द्वारा 50 ओपीडी पर्चे पर अल्ट्रासाउंड करने पर दूर-दराज से आई महिलाओं को मायूस होकर लौटना पड़ता है। समय से अल्ट्रासाउंड कक्ष में रेडियोलॉजिस्ट डॉ वी.के.गुप्ता के ना पहुंचने से महिलाओं को घंटों इंतजार करना पड़ता है। दोस्ती नगर निवासी अंजू ने बताया कि अल्ट्रासाउंड देर से होने पर ओपीडी बंद हो जाती है और रिपोर्ट डॉक्टर को नहीं दिखा पाते हैं।

नाली निर्माण न होने से घरों में जा रहा गंदा पानी, संक्रमण का खतरा

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिहार के मजरा गनेशी खेड़ा में करीब 100 मीटर नाली न बनने की वजह से दर्जनों घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे बिसरामऊ, जालिमगंज, कुतुबपुर, बाबू खेड़ा, उसरहा, बेहटा, सहिला, मवइया, पोखरी, बसंत खेड़ा सहित कई गांवों के नागरिकों, स्कूली बच्चों, साइकिल, मोटरसाइकिल, बैटरी रिक्शा चालकों तथा ट्रांसपोर्ट वाहनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज व गिरिजा शंकर, सरला देवी स्कूल की बसों को भी रास्ते में फिसलन और जलभराव की समस्या झेलनी पड़ रही है। डामर रोड पर जमा गंदे पानी के चलते लोग गिर कर चुटहिल हो रहे है बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों से मौखिक रूप से शिकायत की गई लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जबकि की गई शिकायत पर यूपी जिला अधिकारी रनवीर सिंह क्षेत्रीय भी लेखपाल बा कानून गो को चल निकासी की व्यवस्था कराई जाने का निर्देश दिया था किंतु लगभग दोस्त मां का समय बीत गया एसडीएम के इस आदेश का अब तक अनुपालन में किए जाने से जल भराव की स्थिति पूर्व जैसी बनी हुई है और इसका शिकार हो रहे है। स्थानीय लोगों ने जल्द से जल्द नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है ताकि आवागमन सुगम हो सके और संक्रमण फैलने से बचा जा सके।

स्कूल की मरम्मत के लिए बीएसए को पत्र भेजा

पुरवा, उन्नाव। सोमवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने कटरा स्थिति प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में रजिस्टर में दर्ज 130 बच्चों में से केवल 120 बच्चे उपस्थित पाए गए। विद्यालय में कुल 6 अध्यापक हैं। उन्होंने कक्षा 4 के एक बच्चे से भारत के राष्ट्रपति का नाम प्रदेशों के नाम व उन्नाव के प्रसिद्ध स्थलो के बारें मे पूछा गया। जिसमे बच्चे द्वारा संतोष जनक उत्तर दिये गये। भवन जर्जर होने के कारण इसकी मरम्मत की आवश्यकता है जिसके कारण बी एस ए को पत्र भेजा जा रहा है। उपजिलाधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन से बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और शैक्षिक स्तर में सुधार लाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा।

खुली नपा की पोल, लोग जलभराव से गुजरने को मजबूर

उन्नाव, (वीओएल)। नगर पालिका परिषद भले ही बारिश के पहले जलनिकासी की समस्या को दूर करने के दावे करता हो लेकिन हकीकत सबके सामने है। थोडी बारिश में ही जलभराव के चलते समस्या उत्पन्न हो जाती है।

बरसात के मौसम में अगर जल जमाव की स्थिति बन जाए तो लोगो का जीवन नरकीय हो जाता है। लेकिन नगर पालिका को यह बात समझ नही आ रही है। बारिश के मौसम में अगर पहले की जल निकासी की व्यवस्था दुरुश्त कर ली जाती तो यह स्थिति न होती। एबी नगर तहसील कंपाउण्ड के रहने वाले विनोद कुमार, राज कुमार, संजीव, सूरज आदि ने बताया कि यह स्थिति बरसात के मौसम में बार बार होती है। मंदिर जाने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पडता है। कई बार पालिका के कर्मचारियों व अधिकारियों को भी समस्या से अवगत कराया गया लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाली कहावत निकला। रविवार की रात से शुरू हुई बरसात सोमवार को भी जारी रही। क्षेत्र में हो रही व्यापक वर्षा के चलते सामान्य जनजीवन प्रभावित होने लगा है। नगर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण जल भराव की समस्या उत्पन्न होने लगी है। कई दिनों से हो रही बारिश के चलते सामान्य जन जीवन प्रभावित होने लगा है। नगर में पानी की निकासी ठीक न होने के कारण जल भराव की समस्या खड़ी हो गई। आम रास्ते में जलभराव होने के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई। इसके बावजूद पालिका इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नही देती है।

छेड़छाड़ करने पर मामला दर्ज

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव निवासिनी पीड़िता के मुताबिक वह गांव के ही रजनीश से बात करती थी। परिजनों के मना करने पर उसने उससे बातचीत करना बंद कर दिया। बीते 12 अगस्त की शाम वह जानवरों को चारा लेने जा रही थी। जहां आरोपी ने उसे रोककर बातचीत करने का दबाव बनाने लगा। उसके मना करने पर वह जबरन उसका हाथ पकड़कर घसीटते हुए छेड़छाड़ करने लगा। उसके बचाव को शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की तहरीर बाद कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बाघ को पकड़ने पहुंची दुधवा पार्क की टीम

सीतापुर। बाघ के हमले में किसान की हुई मौत के बाद तीसरे दिन दुधवा से पहुंची बाघ पकड़ने वाली एक्सपर्ट की टीम और वन विभाग की टीम लगातार बाघ की तलाश में जुटी हुई है लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी बाघ की कोई लोकेशन और नए पगचिन्ह अभी तक नही मिले हैं। वारदात की जगह पर वन विभाग ने पिंजरा लगाकर उसमें बकरी बांधकर बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की योजना तैयार की गई है। इसके साथ प्रभावित इलाके में 10 ट्रैप कैमरे से भी बाघ की चहलकदमी की सुरागरसी करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

महोली कोतवाली का नरनी गांव इस समय वन विभाग का हॉटस्पॉट बना हुआ है। पीएचसी को वन विभाग ने कंट्रोल रूम बनाया हुआ है। खेतों में सुबह और शाम बाघ की लोकेशन के लिए कांबिंग की जाती है साथ ही ट्रैप कैमरे की भी तस्वीरें देखी जाती है लेकिन अभी तक वन विभाग को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। डीएफओ नवीन खंडेवाल ने बताया कि सोमवार को खेतों में मचान बनाकर उसके नीचे मवेशी बांधकर उसके ऊपर से वनकर्मियों द्वारा निगरानी की गई है। वन विभाग की टीम लगातार रात में भी कांबिंग कर रही है लेकिन अभी तक कोई सुराग न मिलने में ग्रामीणों में हताशा है। डीएफओ का कहना है कि नदी का किनारा होने के चलते बाघ को पकड़ने में काफी एहतियात बरतना पड़ रहा है। बाघ का यहां कोई स्थाई ठिकाना नहीं है यह बाघ मोहम्मदी खीरी और दुधवा से विचरण करते हुए पहुंचते है।

मिला सियार का शव

महोली इलाके में बाघ प्रभावित क्षेत्र ब्रह्मावली गांव से सियार का खून से सना शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। खेत के किनारे पड़े इस शव को देखने के लिए मौके पर भीड़ जुट गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई दिनों से सक्रिय बाघ ने ही सियार को अपना शिकार बनाया है। वहीं वन विभाग ने सियार की मौत सड़क हादसे में होने की आशंका जताई है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया सियार की मौत सड़क दुर्घटना में होने की आशंका है। हालांकि ग्रामीणों की आशंका को ध्यान में रखते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ताकि मौत की असल वजह की पुष्टि हो सके।

गोवंश पर जंगली जानवर का हमला

मिश्रिख इलाके के चंद्रावाल गांव में रविवार रात एक गोवंश पर जंगली जानवर के हमले की घटना सामने आई यहां गांव निवासी विनय मिश्रा के गोवंश का शव क्षत-विक्षत हालत में सुबह पाया गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पदचिन्हों के आधार पर बताया कि यह हमला लकड़बग्घे या किसी अन्य छोटे जानवर द्वारा किया गया प्रतीत होता है। तेंदुए या बाघ जैसे बड़े शिकारी जानवर का हमला नहीं लगता। जंगली जानवरों की बढ़ती सक्रियता से ग्रामीण भयभीत हैं। वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी है। ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है। संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन या वन विभाग को देने को कहा गया है। विभाग ने जंगली जानवर की पहचान होते ही आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कार्यों को निर्धारित अवधि में पूर्ण करायें: डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नगर पालिका परिषद सीतापुर में अवस्थित लालबाग शहीद पार्क में अवस्थापना सुविधाओं के विकास कार्य का निरीक्षण किया। योजना के अन्तर्गत शहीद स्तम्भ, मंच पर पत्थर लगाने का कार्य, सी0सी0 रोड एवं पाथवे, लैण्डस्केपिंग, प्लांटेशन, लाइट, साइनेज, बेंच एवं आर0ओ0 वाटर कूलर के साथ वाटर कियोस्क स्थापना का कार्य प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पूरी गुणवत्ता के साथ कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि महान शहीदों के नाम आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किये जायें तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाये। पार्क के निर्माण क्षेत्र में अतिक्रमण का तत्काल हटवाया जाये। कार्यों की धीमी प्रगति पर कार्यदायी संस्था शिवाय इफ्राटेक लखनऊ के प्रतिनिधि को फटकार लगाते हुये चेतावनी दी कि सुधार न होने पर नियमानुसार दण्ड लगाया जायेगा।

इसके उपरान्त नगर पालिका सीतापुर उपवन योजनान्तर्गत बिजवार में पार्क के विकास कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। पार्क में बाउन्ड्रीवाल, इंटरेंस गेट, बेंच, टॉयलेट एवं यूरिनल यूनिट, इंटरलाकिंग पाथवे, चौकीदार रूम, ओपेन जिम, बच्चों के खेलनें के उपकरण, हॉर्टिकल्चर का कार्य, सघन वृक्षारोपण, लाइटिंग एवं आर0ओ0 वाटर कूलर के साथ वाटर कियोस्क स्थापना का कार्य प्रस्तावित है। पार्क में मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण हेतु वन विभाग द्वारा कार्य कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान निर्देश किये कि कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाये तथा अवैध अतिक्रमण तत्काल हटवाये जायें। पार्क में सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाये। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। मिट्टी के समतलीकरण का कार्य ठीक प्रकार से कराया जाये। निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण न होने पर कार्यदायी संस्था शिवाय इफ्राटेक लखनऊ के प्रतिनिधि को फटकार लगाते हुये चेतावनी दी कि सुधार न होने पर नियमानुसार दण्ड लगाया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि ओपेन जिम की स्थापना का कार्य भी समय से कराया जाये। जिलाधिकारी ने हुसैनगंज वार्ड में स्थित तालाब का भी निरीक्षण किया एवं तालाब की साफ-सफाई तथा सौन्दर्यीकरण हेतु समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

सिधौली में खाद की किल्लत किसानों की बढ़ी परेशानियां

सिधौली (सीतापुर)। क्षेत्र में खाद की किल्लत लगातार बनी हुई है। सोमवार को महमूदाबाद चैराहा स्थित एक खाद केंद्र पर खाद वितरण को लेकर भारी भीड़ जमा हो गई। हालात बेकाबू होते देख पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। किसानों का कहना है कि कई दिनों से वे खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। जिस केंद्र पर खाद वितरण की सूचना मिलती है, वहां सुबह से ही लंबी कतारें लग जाती हैं, लेकिन अधिकांश किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। सरकार भले ही खाद की कमी न होने का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत नजर आ रही है। कुछ दिन पहले ही किसानों ने साधन सहकारी समिति पर खाद की मांग को लेकर हंगामा कर सड़क जाम कर दिया था। इसके बाद प्रशासन ने टोकन व्यवस्था लागू की थी। सोमवार को पहुंचे किसानों ने बताया कि चार दिन पुराने टोकन वालों को भी खाद उपलब्ध नहीं हो सकी। वहीं नए टोकन पाने वाले किसानों को अगले दिन आने के लिए कहा गया, लेकिन उनमें से भी कई मायूस होकर लौट गए। केंद्र प्रभारी ने बताया कि सोमवार को कुल 100 टोकन (50 पुरुष और 50 महिलाओं को) बांटे गए। जबकि सुबह किसानों को बताया गया था कि 150 टोकन बांटे जाएंगे। भीड़ को नियंत्रित करने पहुंचे अपराध निरीक्षक रममणी यादव ने फोर्स के साथ हालात संभाले। देर तक जद्दोजहद करने के बाद भी बड़ी संख्या में किसान खाद से वंचित रह गए और मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

संक्षेप

डीआईजी के आदेश पर बैंकों के पास सघन चेकिंग

बांदा। पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस के आदेश, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने और बैंकों, वित्तीय संस्थानों के आस-पास होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सोमवार को सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। बैंकों के आस-पास होने वाली लूट, छिनैती, टप्पेबाजी रोकने के लिए जिले के सभी थानाक्षेत्रों में पुलिस ने एटीएम, बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों, आपातकालीन अलार्म और अग्निशामक यंत्रों को देखा तथा 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे चालू रखने के निर्देश दिए। बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों से पुलिसकर्मियों ने बात कर बैंक सुरक्षा को सुचारू रूप से चलाने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था देने का भरोसा दिया। बैंकों में तैनात सुरक्षा गार्डों को निर्देश दिए कि यहां आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े हों ताकि आवागमन में किसी तरह की असुविधा न हो। चेकिंग के दौरान एटीएम, बैंकों के आस-पास संदिग्ध रूप से खड़े, घूम रहे लोगों और संदिग्ध रूप से खड़े वाहनों की भी जांच कर उन्हे कड़ी चेतावनी भी दी गयी।

घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

ललितपुर। बालाबेहट थाना क्षेत्र में एक युवक की मारपीट के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मारपीट के बाद युवक को गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के सिर एवं शरीर में गम्भीर चोटें बताई गई हैं। मृतक 28 वर्षीय रामगोपाल पुत्र प्रीतम बताया गया है। थाना प्रभारी अजीत सिंह ने इस मामले में मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई थी। युवक की मौत के बाद उसके परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर थाने का घेराव किया। परिजनों की मांग है कि आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश में टीमें लगाई गई हैं।

युवक के परिजनों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया गया है। बताया गया है कि मृतक खेत में दवाई डालने के लिए आया हुआ था इसी दौरान उस पर हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया।

बेहतर कार्य करने वाली आशाएं सम्मानित

बांदा। रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में सोमवार को आशा सम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि आशाएं स्वास्थ्य विभाग की मजबूत कड़ी हैं, वह सामाजिक दायित्वों के रूप में जुड़कर कार्य कर रही हैं, लोग उनकी आशा भरी निगाहों से देखते हैं। आशायें सजग प्रहरी की तरह ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य की देखभाल करती हैं और गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अस्पतालों तक ले जाती हैं। आशायें घर-घर जाकर बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों के स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी भी एकत्र कर उन्हें आवश्यकतानुसार चिकित्सा के लिए अवगत कराती हैं। आशाओं को स्वास्थ्य विभाग के कार्यों का काफी अनुभव भी है व अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करती हैं। जिलाधिकारी जेठरीश ने कहा कि आशाओं के दो महत्वपूर्ण कार्य हैं, जिसको वह दिल से सम्पादित करें। उन्होंने कहा कि आशा गर्भवती महिलाओं की चार एएनसी की जांच रजिस्टर बनाकर अवश्य करायें। जन्म से दो वर्ष तक के बच्चों के सभी टीकाकरण अवश्य करायें, जिससे बच्चे स्वस्थ्य रहें। यह कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेन्द्र ने कहा कि आशायें हेल्थ इंडीकेटर को अपने महत्वपूर्ण कार्यों के द्वारा बेहतर कर रही हैं। बाल एवं मातृ मृत्यु दर में कमी लाने तथा परिवार नियोजन के कार्य में भी बेहतर कार्य किया है। आशा सम्मेलन में आशाओं को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सभी आशायें इसी तरह और बेहतर कार्य करें, जिन्हें आज पुरस्कृत होने वाली आशाओं के साथ उन्हें भी पुरस्कार दिया जा सके। उन्होंने आकांक्षी विकास खण्डों की आशाओं को और बेहतर कार्य करने का सुझाव दिया। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाली प्रत्येक ब्लाक की आशाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, प्राचार्य डॉ0 एस के कौशल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बस रोककर ड्राइवर व परिचालक से दबंगों ने कर दी मारपीट

ललितपुर। मुख्यालय से धौरीसागर जा रही बस के ड्राइवर व परिचालक को बस रोकते हुये नीचे उतारकर दबंगों ने मारपीट कर दी। घटना का वीडियो यात्रियों ने अपने मोबाइल फोन से बना लिया। इसके बाद यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो के वायरल होने के बाद हरकत में आयी पुलिस ने प्रकरण में जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं मारपीट के बाद बस परिचालक ने लिखित शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है।

● दबंगों की मारपीट का वीडियो हुआ सोशल मीडिया पर वायरल

थाना मड़ावरा अन्तर्गत ग्राम गोराकलां निवासी संतोष पुत्र गोविन्दसिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह महाकाल बस नम्बर यू.पी.93 ए.टी. 7311 में परिचालक पद पर कार्यरत है। बताया कि बीती 24 अगस्त 2025 को अपराह्न करीब 3.40 बजे का नम्बर लेकर उसकी बस ललितपुर से धौरीसागर के लिए जा रही थी। बताया कि बस जैसे ही गल्ला मण्डी के आगे रिलाइंस पेट्रोल पम्प के पास पहुंची, तो वहां पहले से मौजूद मोहल्ला झांसीपुरा जेल चैराहा निवासी रोहित पुत्र विजय अहिरवार, अभिषेक अहिरवार, अभय अहिरवार, उदय अहिरवार व उगे अहिरवार ने एकराय होकर बीच रोड पर बस को रोक लिया। बस रूकते ही उक्त लोगों ने ड्राइवर अशोक पुत्र रामू कुशवाहा एवं परिचालक गोपाल के साथ गालियां देते हुये लात-घूसों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने ड्राइवर अशोक को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गये। यह भी आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके पैसे और बस ड्राइवर का मोबाइल फोन कहीं गिर गया, जो कि नहीं मिला। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ पड़ताल शुरू कर दी है।

डीएम ने वीवी पैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

बिजनौर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सोमवार को ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम के मासिक निरीक्षण के बाद झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा से धीर सिंह, बसपा मोहम्मद सिद्दीक, कांग्रेस से अनिल त्यागी तथा सपा से अखलाक उर्फ पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

नेशनल हाईवे पर ई-रिक्शों के संचालन पर रोक लगने से हादसों पर लगेगी लगाम

धामपुर, बिजनौर। यातायात पुलिस प्रभारी संजीव कुमार हाईवे पर हो रही दुर्घटनाओं को लेकर गंभीर बने हुए है। उन्होंने कहा कि अब नेशनल हाईवे पर ई-रिक्शाओं में सवारियों को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही अधिक संख्या में ई-रिक्शा में स्कूली बच्चों को बैठाने पर भी कार्रवाई की जाएगी। धामपुर थाना परिसर में आयोजित बैठक में यातायात पुलिस प्रभारी संजीव कुमार ने ई-रिक्शा एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं चालकों के साथ बैठक की। बैठक में चालकों से ई-रिक्शाओं के सत्यापन, फिटनेस और नियम पूर्वक ई-रिक्शा चलाने सहित कई अन्य बिंदुओं पर वार्ता की गई। यातायात प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर शासन व उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार अब धामपुर में हरिद्वार-काशीपुर नेशनल हाईवे पर ई-रिक्शा में सवारियां ढोने पर पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि हाईवे पर सवारियां ले जाने पर कार्रवाई की जाएगी। हाईवे पर ई-रिक्शाओं व अन्य वाहनों से कई हादसों के हो चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्र से यदि चालकों को धामपुर में ई-रिक्शा चलाने आना है तो वह खाली ला सकते हैं। इसके अलावा ई-रिक्शा में अधिक संख्या में स्कूली बच्चों को बैठाने की अनुमति नहीं होगी। नियम के अनुसार अब ई-रिक्शा में केवल आठ बच्चे ही बैठाए जा सकेंगे। उन्होंने सभी चालकों से नियमानुसार ई-रिक्शा चलाने की अपील की साथ ही सभी चालकों से ई-रिक्शाओं का रजिस्ट्रेशन और फिटनेस आदि समय से करा लें।

छात्र नेताओं का मेडिकल कॉलेज पर वसूली का आरोप

बांदा। जिले की चिकित्सा व्यवस्था, रोजगार, छात्र संघ चुनाव, कृषि व व्यापरियों की समस्याओं को लेकर छात्र नेताओं ने अशोक लाट तिराहे में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कमिश्नर को सौंपा। स्टूडेंट यूनियन के छात्र नेता शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि जिले के प्राशासनिक अधिकारियों ने निजी संस्थानों से सांठ-गांठ कर धन का बंदरबांट करने के साथ ही मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर भ्रस्टाचार कर रहे हैं। यह पूरी तरह अवैध है। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के छात्र नेता लव सिन्हा एडवोकेट ने कहा कि प्रदेश में छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाएं और बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय में परीक्षा परिणाम में अव्यवस्था व भ्रस्टाचार में अंकुश लगाया जाए। देवेश कुमार मोनू ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में दलित मरीजों के साथ अन्याय हो रहा है और कई जगह आरक्षण के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। छात्र नेता यशराज गुप्ता ने कहा कि मुख्य बाजार में अव्यवस्था का आलम है। इस पर सुधार किया जाए। विधि छात्र नेता साजिद अली व दीपक गुप्ता ने कहा कि रोजगार के अवसर तलाशने के लिए यहाँ के छात्र परेशान घूम रहे हैं। यहां फैक्ट्री लगाकर रोजगार दिलाया जाए। छात्रों की माँगों पर संगठनों एवं राजनीतिक पार्टी के नेताओं ने छात्रों की माँगों का समर्थन किया। ज्ञापन सौंपने वालों में लव राहुल सिंह, अमित तिवारी, शैलेन्द्र वर्मा, आमिर खान आदि बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

स्मार्ट मीटर के खिलाफ आधे दिन बाजार रहा बंद

ललितपुर। स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रस्तावित आधे दिन का बाजार बंद रहा। सुबह से ही बुन्देलखण्ड विकास सेना के कार्यकताओं ने ललितपुर शहर के बाजारों में घूम घूम कर बाजार बंद कराया गया। बाजार बन्द के दौरान रेलवे स्टेशन से लेकर कृष्णा टाकीज, वर्णी चैराहा घंटाघर सावरकर चैक, मवेशी बाजार की दुकानें पूरी तरह बंद रही। इस दौरान सावरकर चैक पर एक सभा आयोजित की गई। सभा में बु. वि. सेना के विभिन्न वक्ताओं ने संबोधित करते हुए स्मार्ट मीटर का पुरजोर विरोध किया। सभा उपरांत कार्यकताओं ने

● सावरकर चैक पर मीटिंग के उपरांत जलूस की शक्ल में मवेशी बाजार से कलेक्ट्रेट पहुँच कर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

सावरकर चैक से मवेशी बाजार होते हुए कलेक्ट्रेट तक दोपहिया वाहन रैली निकाली। बु. वि. सेना के कार्यकताओं के गगनभेदी नारों से कलेक्ट्रेट परिसर गुंजायमान हो गया। कलेक्ट्रेट पहुँच कर एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। संगठन प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाये जाने की मनमानी का गम्भीर असर आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में पड़ सकता है क्योंकि तेज गति से भाग रहे स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं की जेबों पर सरेआम डाका डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, सूखा, अतिवृष्टि और उद्योग शून्यता का दंश झेलना वाला बुन्देलखण्ड पहले से ही बदहाली के आंसू बहा रहा था अब और रही सही कसर ये स्मार्ट मीटर पूरा कर रहे हैं। ललितपुर शहर में विद्युत विभाग द्वारा नियुक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाली कंपनी पहले से गोवा में ब्लैकलिस्टिड है। उक्त कंपनी ने विगत दिनों सर्वे पूरा करके ललितपुर शहर में अनेक स्थानों पर प्रीपेड मीटर आवासों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर लगाने का काम शुरू कर दिया है। टेक्नीकली ब्लैकलिस्टिड उक्त स्मार्ट प्रीपेड मीटर कई गुना तेजी से भागते है जिस कारण जनता की जेबों पर भारी बोझ पड़ेगा। स्मार्ट मीटर शहर में हजारों जगह पर लग चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि स्मार्ट मीटर पर तत्काल रोक नहीं लगाई जाती है तो बु. वि. सेना एक बड़े आन्दोलन छेड़ने के लिए बाध्य हो जायेगी। उन्होंने बंद का समर्थन करने के लिए व्यापारी बंधुओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजमल बरया, महेन्द्र अग्निहोत्री, राजेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, मगन सोनी, बबली सुडेले, जिला कमांडेंट सुधेश नायक, विजय कॉफी, विजय कटपीस, सुदेश सोनी, सुदीप मोहनी, मनोज छप्पन भोग, सिद्धार्थ शर्मा, मुकेश मुडरा, हेमन्त रोड़ा, कन्हैया नामदेव, अशोक शिवाजी, संजीव जैन सी एस सी, संजीव सोरया, खेमचंद, बृजेन्द्र पारासर, सेतू यादव, राजू ममता, राजीव पटवारी, विवेक चैपड़ा, मुन्ना त्यागी, संजू नीलकमल, राजीव पहलवान सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सडक हादसे में सास-बहू की मौत, बेटा और ड्राइवर घायल

बिजनौर। गजरौला से नजीबाबाद अपने घर लौट रहे परिवार की कार की रविवार की रात्रि लगभग 11 बजे ग्राम गंज कटारिया फिलिंग स्टेशन के पास लाला जग्गू क्रेशर के सामने 18 टायर ट्रक की आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई।

मरने वालो में एक ही परिवार की दो महिलाएं बाला वर्मा पत्नी आनंद प्रकाश वर्मा (50 वर्ष) मानसी वर्मा पत्नी शुभम वर्मा (25वर्ष) निवासी कस्बा जलालाबाद थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर शामिल है, जबकि शुभम वर्मा पुत्र आनंद प्रकाश वर्मा एवं कर का ड्राइवर अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक दोनों महिलाएं आपस में सास बहू थी दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस चैकी के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंच गए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। ट्रक का ड्राइवर दुर्घटना स्थल पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों महिलाओं के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है।

कार्यालय आवंटन को लेकर प्रेस क्लब ने डीएम के नाम थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

स्योहारा, बिजनौर। प्रेस क्लब स्योहारा के बैनर तले नगर के पत्रकारों ने जिलाधिकारी बिजनौर को संबोधित एक ज्ञापन थाना प्रभारी स्योहारा को सौंपा। प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में नगर के पत्रकारों की सुविधा के लिए स्वतंत्र कार्यालय की मांग की है। प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने सोमवार को थाना प्रभारी स्योहारा को जिलाधिकारी बिजनौर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि लोकतंत्र के चैथे स्तंभ के रूप में पत्रकार समाज जनहित के मुद्दों को प्रशासन तक पहुँचाने और सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने में अपनी अहम भूमिका निभाता है। लेकिन इतना योगदान देने के बावजूद स्योहारा में पत्रकारों के पास अभी तक कोई निर्धारित स्थान नहीं है, जहाँ वे सामूहिक रूप से बैठकर अपनी पत्रकारिता गतिविधियों को अंजाम दे सकें। ज्ञापन में मांग की गई कि जिला पंचायत की दुकानों में से किसी एक दुकान को प्रेस क्लब स्योहारा को कार्यालय हेतु आवंटित किया जाए। इस मौके पर प्रेस क्लब के संरक्षक डॉ0 मनोज कुमार वर्मा, डॉ0 वीरेंद्र कुमार पुष्पक, फहीम जैदी, अध्यक्ष शारिक जैदी, महामंत्री नजम सिद्दीकी, मौ0 आलम, नसीम अहमद, इमरान अहमद, दिलशाद अहमद, प्रशांत रस्तोगी, सर्वेंद्र रस्तोगी, अमीन अहमद, कामिल हसन उर्फ टिंकू, संजय शर्मा समेत कई पत्रकार मौजूद रहे।

नपा प्रशासक ने वार्डों में किया निरीक्षण

ललितपुर। एसडीएम सदर/प्रशासक मनीष कुमार विश्वकर्मा ने आगामी त्यौहार गणेश चतुर्दशी, जल बिहार पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सुम्मेरा तालाब, वार्ड नंबर 19 आजादपुरा, वार्ड नंबर 25 चैबयाना, विमान का रूट मार्ग सहित नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। प्रशासक ने वार्ड के नागरिकों से वार्ता की गई व उन्हें साफ-सफाई रखने एवं कूड़ा नगर

● दो कर्मचारियों को तत्काल हटाने के निर्देश

पालिका की डोर टू डोर कचरा वाहन में ही कचरा डालने हेतु निर्देशित किया गया, वहीं कार्य में लापरवाही पाये जाने पर एक कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से हटाया गया। प्रशासक ने वार्ड नंबर 19 मुहल्ला आजादपुरा ईदगाह के सामने स्थित शौचालय का निरीक्षण किया, जहां शौचालय में गंदगी पाई गई तथा कर्मचारी अनुपस्थित पाया गया, जिस पर प्रशासक द्वारा उक्त कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उक्त स्थल पर दूसरा कर्मचारी तैनात किये जाने हेतु प्रभारी एसआई महेन्द्र सिंह यादव को निर्देशित किया गया, वहीं शौचालय में नियमित रूप से साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु कहा गया। इसके उपरांत प्रशासक द्वारा वार्ड वासियों से वार्ता की गई, जिसमें उन्होंने कहा कि अपने-अपने घरों का कचरा नालियों में न डाले, नगर पालिका चलाये जा रहे डोर टू डोर कचरा वाहन में ही कचरा डाले। प्रशासक ने संबंधित प्रभारी सफाई निरीक्षक को निर्देश दिये कि टीमों को लगाकर वार्डों की उन गलियों व भवन स्वामियों को चिन्हित करें जो पालिका के डोर टू डोर कचरा वाहन में कचरा नहीं डालकर इधर-उधर कचरा डाल रहे है व वार्ड में गंदगी फैला रहे है, ऐसे भवनस्वामियों के विरूद्ध नोटिस जारी करते हुए जुमार्ना वसूली की कार्यवाही करें। वहीं प्रशासक ने वार्ड नंबर 20 में स्थित सुम्मेरा तालाब का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान घाटों की मरम्मत एवं रंगाई पुताई किये जाने हेतु अवर अभियंता खुशबू खांन को निर्देशित किया गया। वहीं एसआई महेन्द्र सिंह यादव को तालाब पर नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखनें, घाटों पर समुचित लाइटिंग व्यवस्था सहित समस्त स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत हेतु टीमों को लगाकर उनकी तत्काल मरम्मत कराई जाए। इसके उपरांत प्रशासक ने तालाबपुरा रामलीला मैदान का निरीक्षण किया गया, जिसमें मैदान में मटैरियल गुम्मा, गिट्टी, बजरी आदि डली पाई गई, जिस पर उन्होंने संबंधित संचालक को उक्त मटैरियल सामग्री तत्काल प्रभाव से हटाते हुए 02 दिवस के अंदर मैदान की साफ किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। वार्ड नंबर 25 मु. चैबयाना में बड़ा मंदिर का निरीक्षण किया गया व विमान रूट मार्गों का भी निरीक्षण किया। रूट मार्ग के निरीक्षण में प्रशासक द्वारा अवर अभियंता खुशबू खांन को रूट पर सड़कों की मरम्मत कराने गड्ढों को भरवाये जाने सहित प्रभारी सफाई निरीक्षक को मार्ग की विशेष सफाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरांत प्रशासक ने सुबह 10 बजे नगर पालिका परिषद, ललितपुर कार्यालय का निरीक्षण किया गया व कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका को देखा गया, जिसमें कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों को प्रशासक द्वारा हिदायत दी गई। निरीक्षण में ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अवर अभियंता खुशबू खांन, कर अधीक्षक राजेश जैन, प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, गैरिज प्रभारी अमित कुमार सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

देवगढ़ में हुई जिला स्तरीय पांच किमी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

ललितपुर। जिला स्तरीय 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन तीर्थ क्षेत्र व पर्यटन स्थल केन्द्र देवगढ़ में किया गया। दौड़ प्रतियोगिता का उद्घाटन फीता काटकर जिला पंचायत सदस्य बालाबेहट धनंजय यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संचालक डिफेंस फिजिकल अकैडमी ललितपुर के बिल्ला रहे। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में कुल 120 धावकों ने भाग लिया जिसमें 119 युवक व एक युवती शामिल रही जो कि ग्राम नाराहट की रहने वाली है।

प्रथम स्थान पर कपिल परिहार रहे जिन्होंने 16 मिनिट में 5 किलो मीटर दौड़ पूरी की। द्वितीय स्थान पर सचिन यादव, तृतीय स्थान पर कोमल पड़वा, चैथे स्थान पर विशाल कुशवाहा, पांचवें स्थान पर आकाश परिहार, छटवें स्थान पर चंद्रपाल राजपूत, सातवां स्थान नीलेश पटेल, आठवां स्थान साकेत रजक, नौवा स्थान अर्जुन यादव, दसवें स्थान पर सत्येंद्र कुमार, ग्यारहवें स्थान पर जीशु चैरसिया रहे। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपये नगद मेडल व प्रमाण पत्र, द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपये नगर मेडल व प्रमाण पत्र, तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये नगद मैडल व प्रमाण पत्र, चैथे से 11 नंबर तक प्रतिभागी रहे। धावकों को 1100 रुपये नगद मैडल और प्रमाण पत्र दिए गए तथा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में शामिल रहे अन्य सभी धावकों को भी आयोजन समिति द्वारा मेडल व प्रमाण पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की गई। मुख्य आयोजनकर्ता अजय यादव, सहयोगी बलभद्र यादव और समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

तालाब में अज्ञात शव मिला

ललितपुर। मुख्यालय से करीब पांच किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत बुढ़वार के एक खेत में बने तालाब में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से हड़कम्प मच गया।

अपराध होगा बेनकाब, मिला आधुनिक फारेंसिक वाहन

बांदा। जिले में वैज्ञानिक तरीके से अब अपराध बेनकाब हो सकेगा। अपराधों की जांच को तेज गति, सटीक और वैज्ञानिक बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने नये फारेंसिक वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस आधुनिक फारेंसिक वाहन के उपलब्ध हो जाने से अपराध, घटना स्थलों का वैज्ञानिक परीक्षण, साक्ष्यों का सुरक्षित संकलन और उनका विश्लेषण और अधिक बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। यह वाहन फिंगर प्रिंट किट, डीएनए सैंपलिंग किट, हाई-रेजोल्यूशन कैमरा, ब्लड व सैंपल कलेक्शन उपकरण, लैपटॉप और अन्य आधुनिक जांच उपकरणों से सुसज्जित है। इससे जांच की गुणवत्ता में वृद्धि होगी और अपराधियों के विरूद्ध ठोस साक्ष्य एकत्र करने में पुलिस को बेहद महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से नए फारेंसिक वाहन को रवाना करने के दौरान प्रतिसार निरीक्षक बेलाश यादव, परिवहन शाखा प्रभारी उप निरीक्षक रामबहादुर यादव तथा पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी दबोचे

ललितपुर। ललितपुर पुलिस ने मथुरा की एक विवाहिता से दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी भोलू शर्मा और राम कुशवाहा को बुंदेलखंड वैभव ढाबा एण्ड फैमिली रेस्टोरेंट के सामने हाईवे से पकड़ा गया। घटना 22 अगस्त की रात की है। 19 वर्षीय पीड़िता राजस्थान की रहने वाली है, जिसकी शादी मथुरा के बरसना में हुई थी। वह एक महीने पहले ललितपुर के जमालपुर गांव के एक युवक के साथ आई थी। पीड़िता के अनुसार, जब वह ललितपुर में खड़ी थी, तब जखौरा थाना क्षेत्र के बांसी निवासी 50 वर्षीय भोलू शर्मा और श्रीराम कुशवाहा उसे जमालपुर छोड ? का झांसा देकर ले गए। रात करीब 11रू45 बजे दोनों उसे हाईवे 44 पर स्थित काली पहाड़ी के पास एक खेत में ले गए। वहां दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। 23 अगस्त को पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। सीओ सदर अजय कुमार के अनुसार, दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। दुष्कर्मियों को पकड ? वाली पुलिस टीम में निरीक्षक मुनेश भारती, उ.नि. बृजेश कुमार, का.उदय, का. कुलदीप, का.संतोष कुमार शामिल रहे।

एच.आई.वी. एड्स स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से किया जागरूक

ललितपुर। जिला एड्स नियंत्रण समन्वय समिति ने उ.प्र.राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ द्वारा चलाये जा रहें एच.आई. वी. एड्स सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजकीय स्वसासी चिकित्सा महाविद्यालय में एक दिवसीय स्वस्थ शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डा.मयंक शुक्ला, सीएमएस डा.गजेंद्र सिंह मौजूद रहे। एच.आई.वी. के प्रति समुदाय के व्यक्तियों ने लोक कला के माध्यम से लोगो को जागरूक किया। इस दौरान डिप्टी डी.टी.ओ. डा.धीरेन्द्र वैध ने टीवी के नियंत्रण हेतु चलाए जा रहें कार्यक्रमों की जानकारी दी। सुरक्षा क्लिनिक कॉउंसलर अतुल ने गुप्त रोगों के फैलने के कारणों पर चर्चा की गयी। स्थानीय संस्था के परियोजना प्रबंधक हरेंद्र रिछारिया ने एच.आई.वी. के चार की बात पर चर्चा की गयी। चिकित्सालय के आई.सी.टी.सी.कॉउंसलर राजकुमारी, लेब तकनीशियन अरविन्द शर्मा, अंकित कौशिक ने एच.आई.वी., वी.डी.आर.एल. और हेपेट्याटिस्ट जांच की। इस दौरान डा.पवन सूद, डा.मुकेश सेठ, फार्मेसिस्टर नन्दलाल यादव, रानी, गोविन्द उपस्तिथ रहे।

गुडवर्क! पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ 2 नाबालिग सहित 3 को दबोचा, एक फरार

नगीना, बिजनौर। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर बीती 22 अगस्त से मोटरसाइकिल पर अवैध तमंचे के साथ 04 किशोरों की तेजी से वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने दो नाबालिग सहित तीन को गिरफ्तार किया है।

नगीना थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार तोमर द्वारा वायरल वीडियों का संज्ञान लिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार तोमर ने तत्काल टीम बनाकर आरोपियों की धर पकड के दिशा निर्देश दिये। पुलिस जांच में वायरल वीडियो में नवाजिश पुत्र अतीक अहमद निवासी अलीपुर जट थाना नगीना, कदीर पुत्र ऐनुल हसन निवासी गाम जट नंगला उर्फ गढी थाना नगीना देहात व 02 बाल अपचारी के नाम प्रकाश में आये। रविवार को थाना नगीना पुलिस ने उपरोक्त प्रकरण से संबंधित आरोपी नवाजिश व दो बाल अपचारीयों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा 12 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा संबंधित प्लेटिना मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है जबकि फरार आरोपी कदीर की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सरवेज खां, मुख्य आरक्षी विजेन्द्र कुमार, आरक्षी राहुल शामिल रहे।

कृषि, पशुपालन एक-दूसरे के पूरकः बैस

बांदा। अमृतकाल लाइव स्टॉक फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी के तत्वावधान में उत्पादक किसान गोष्ठी का आयोजन गिरवां इंटर कालेज में हुआ। मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी संजय कुमार ने किसानों को एफपीओ एवं एफपीसी के लिए शुरू की गयी अनेक योजनाओं की जानकारी दी। किसानों से अमृतकाल लाइव स्टॉक फार्मर्स प्रोड्यूसर से जुड़े कार्यक्रमों में भागीदारी करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एस के बैस ने पशुपालन विभाग की चल रही योजनाओं की जानकारी दी। इनमें निःशुल्क कृमि नाशक व टीकाकरण अभियान प्रमुख हैं। कहा कि कृषि और पशुपालन एक-दूसरे के पूरक हैं और इस प्रकार की एफपीसी से दोनो को एकीकृत करना एक अभिनव पहल है। उन्होने कंपनी प्रबंधन को इस सोंच के लिए बधाई दी। कंपनी के निदेशक मोहम्मद अस्लम ने ए के एल एफ पी सी एल के उद्देश्यों, नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी दी। किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने को मैत्रीपूर्ण व्यावसायिक दृष्टिकोण पर बल दिया। प्रबंधन निदेशक उपनीत राजोरिया ने कंपनी के पारदर्शी वित्तीय मॉडल, प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली और व्यावसायिक नीतियों पर विस्तार से जानकारी दी। किसानों के पूंछे गये प्रश्नों का समाधान किया। गोष्ठी में राहुल अवस्थी, रामहित कुशवाहा, दीनदयाल सोनी, शैलेन्द्र कुमार सिंह, परशुराम द्विवेदी, के के अवस्थी व वैजनाथ प्रजापति आदि किसान मौजूद रहे।

चर्चा कम, हंगामा ज्यादा

यह सवाल बार-बार उठता है कि आखिर जब संसद का अधिकांश समय हंगामे में चला जाता है, महत्वपूर्ण विधेयकों को बिना बहस के पास कर दिया जाता है, तब आखिर सांसदों को क्यों उस अवधि का वेतन-भत्ता और अन्य सुविधाएं दी जाती हैं। क्यों दिल्ली में आलीशान घर और अन्य सुविधाओं पर देश के करदाताओं का पैसा खर्च किया ताता है। मानसून सत्र का अधिकांश समय हंगामें में निकल गया। लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गईं। यानी संसद का मॉनसून सत्र समाप्त हो गया। यह संसद सत्र न भी होता, तो कोई फर्क नहीं पड़ता। कोई राष्ट्रीय नुकसान नहीं होता, केवल सांविधानिक प्रावधानों के कारण सत्र आयोजित किया गया और अरबों रुपया यों ही खर्च हुआ। हम यह बहुत भारी मन से लिख रहे हैं, व्यथित महसूस कर रहे हैं। हालांकि यह कहना देशहित में नहीं है, क्योंकि संसद हमारा सर्वोच्च और गरिमामय लोकतांत्रिक मंदिर है। लेकिन बार-बार यह महज एक कथन, आदर्श वाक्य लगता है, क्योंकि संसद एक अखाड़ा बन कर रह गई है। संसद सत्र के दौरान करीब 190 करोड़ रुपये खर्च हुए। संसद की सार्थक कार्यवाही नहीं चल सकी। एक दिन की



संसदीय कार्यवाही पर औसतन 9 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। यह राशि सांसदों की नहीं, बल्कि देश के करदाताओं की है। हंगामे, शोर-शराबे और कार्यवाही के बार-बार स्थगन के लिए जनता पैसे क्यों दे? सदन चले अथवा स्थगित हो जाए, लेकिन सांसद को 2500 रुपये का रोजाना भत्ता जरूर मिल जाता है। इस बार कुछ सांसदों ने ही यह मुद्दा उठाते हुए कहा है कि सदन के स्थगन से जितना आर्थिक नुकसान हुआ है, उतनी राशि सांसदों से ही वसूल की जाए। सांसदों के वेतन और भत्तों में कटौती की जाए। विपक्ष ने सत्र के दौरान एसआईआर के मुद्दे पर हंगामा जारी रखा, जबकि उन्हें भी जानकारी थी कि संसद के भीतर चुनाव आयोग पर बहस नहीं की जा सकती। मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण चुनाव आयोग का संवैधानिक विशेषाधिकार है, लेकिन विपक्ष ने सदन के भीतर और बाहर लगातार हंगामा किया और उसे अपना संवैधानिक अधिकार बताया। विपक्षी नेता बार बार पूर्व वित्तमंत्री दिवंगत अरुण जेटली के उस बयान को उद्धृत करते हैं कि जिसमें उन्होंने इसे विरोध का वैद्य तरीका कहा था। यदि संवैधानिक अधिकार के कारण ही संसद की कार्यवाही बाधित होती रहे और अंततः उसे स्थगित करना पड़े, तो उसके नुकसान की भरपाई कौन करेगा? यह कहना अर्द्धसत्य है कि सदन की कार्यवाही चलाना सत्ता पक्ष का ही दायित्व है। यह कथन तब सही है, जब कार्यवाही में विपक्ष भी लगातार भागीदार बने। तभी बहस और चचाएं संभव हैं, तभी विधेयकों पर सामूहिक चर्चा कर उन्हें पारित करना संभव है। कहने को लोकसभा में 12 बिल और राज्यसभा में 14 बिल पारित किए गए। उन्हें ध्वनि मत से पारित किया गया, इन पर कोई विशेष चर्चा नहीं हुई। इंडियन पोर्ट्स बिल 2025 और नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल महत्वपूर्ण बिल थे, लेकिन वे भी बिना चर्चा के पारित कर लिए गए। यदि संसद में ऐसा ही चलना है, तो सत्र बुलाने की क्या आवश्यकता है? लोकसभा की उत्पादकता 31 फीसदी और राज्यसभा की 35 फीसदी रही। ऑपरेशन सिंदूर पर जरूर व्यापक बहस हुई और प्रधानमंत्री ने बहस के अंत में अपना 102 मिनट का सबसे लंबा भाषण दिया, लेकिन कई पहलू छूट गए। युद्धविराम किसने कराया, प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में जवाब नहीं दिया। कई बिल बिना चर्चा के पास होना कुछ सवाल खड़े करता है और गंभीर सवा है। जब सियासी महौल इतना गर्म हो और हंगामे लगातार होते रहें, तो बैठक अयोजित करने की क्या आवश्यकता। बेहतर यह होगा कि सरकार और विपक्ष पहले से ही तय कर लें की सदन चलेगा या हंगामा होगा, उसके बाद ही बैठकें आयोजित हों। संसद 1.40 भारतीयों की आकांक्षाओं का केन्द्र हैं और इसलिए यह जरूरी है कि हमारे सांसद और पार्टियों अपने की गंभीरता को समझें। संसद में संवाद करें, विवाद का केंद्र न बनायें।

विचार

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

संसार रूपी इस वाटिका में फूलों के अतिरिक्त कुछ नहीं है। अपना भ्रम ही एक कांटा है।

–स्वामी रामतीर्थ.

वह मनुष्य सचमुच बुद्धिमान है जो क्रोध की हालत में भी बुरी बात मुंह से नहीं निकालता।

–शेख सादी.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

जब दुख अपनी चरम सीमा पर पहुंच जाता है, तब हमसे सुख ज्यादा दूर नहीं होता है।

–महात्मा गांधी.

दर-बदर नहीं होंगे गलियों के निराश्रित कुत्ते

विजय कपूर

> इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट का नवीनतम आदेश वैज्ञानिक व व्यावहारिक है और पूर्णतः स्वागतयोग्य। क्योंकि यह मुख्य मुद्दे का समाधान करने के अतिरिक्त एबीसी नियमों के अनुरूप है, जिनका हाल ही में एक संसदीय उत्तर में भारत सरकार ने पुनः अनुमोदन किया है।

सुप्रीम कोर्ट की दो न्यायाधीशों वाली खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए 11 अगस्त 2025 को दिल्ली व एनसीआर के अधिकारियों को आदेश दिया था कि वह आवारा कुत्तों को पकड़ें, उन्हें पट्टे से बांधें, बाड़ों में बंद करें और उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर दोबारा न जाने दें। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश का देशभर के पशु प्रेमियों ने जबर्दस्त विरोध किया था। नतीजतन भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने इस मामले पर विचार करने के लिए तीन सदस्यों की एक नई खंडपीठ का गठन किया, जिसने 14 अगस्त 2025 को सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश पर स्टे देने से तो इंकार कर दिया था, लेकिन अपना आदेश सुरक्षित रखा और आवारा कुत्तों की समस्या के लिए स्थानीय प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया था। अब 22 अगस्त 2025 को इस नई खंडपीठ ने दो सदस्यों वाली खंडपीठ के आदेश पर रोक लगा दी है और दिल्ली व एनसीआर के नगरपालिका अधिकारियों से कहा है कि वह आवारा कुत्तों को तो उठाएं, उनकी नसबंदी करें, उनका टीकाकरण करें व उनका कृमिनाशन करें, लेकिन उन्हें उसी जगह पर पुनः छोड़ दें जहां से उन्हें उठाया था।

आवारा कुत्तों की एक अन्य समस्या सड़कों व रिहायशी सोसाइटीज के अंदर उन्हें कुछ खाने के लिए देने से संबंधित है। इसे संबोधित करते हुए न्यायाधीश विक्रम नाथ, न्यायाधीश संदीप मेहता व न्यायाधीश एनवी अंजारिया की खंडपीठ ने कहा कि स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही आवारा कुत्तों को कोई चीज खाने के लिए दी जा सकती है और जो व्यक्ति भी उन्हें सार्वजनिक स्थलों पर फीड करेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी। अदालत का मानना है कि पिछली खंडपीठ ने जो आवारा कुत्तों को बाड़ों में रखने का आदेश दिया था, उसे इन्फ्रास्ट्रक्चर के अभाव में लागू नहीं किया जा सकता और कुत्तों को दोबारा उन्हीं स्थानों पर छोड़ना जहां से उन्हें उठाया गया था, 'दयापूर्ण व्यवहार' होगा तथा एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) नियमों के अनुरूप भी। गौरतलब है कि एबीसी नियम एकदम स्पष्ट कहते हैं कि जब

एक बार आवारा कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण व कृमिनाशन कर दिया जाये, तो उन्हें उसी स्थान पर फिर छोड़ना है, जहां से उन्हें उठाया गया था। यह नियम 11(19) का प्रावधान है, जो वैज्ञानिक दृष्टि से एकदम दुरुस्त है और अदालत के अनुसार दो महत्वपूर्ण उद्देश्यों की पूर्ति करता है। एक, कुत्तों के बाड़ों में भीड़ बढ़ने की संभावना कम हो जाती है। दो, नसबंदी, टीकाकरण व कृमिनाशन के बाद कुत्तों को उनके परिचित स्थान पर छोड़ना उनके साथ हमदर्दी का व्यवहार करना होगा। एक सदी से अधिक तक भारत की नगरपालिकाएं आवारा कुत्तों से छुटकारा पाने के लिए उनकी हत्याएं करती रहीं- अक्सर भयावह तरीके अपनाते हुए जैसे बिजली के करंट से या जहर देकर हत्या करना या गाड़ी से कुचल देना। इन क्रूर अभियानों के बावजूद कुत्तों की संख्या कभी कम न हुई और रेबीज के मामले भी बढ़ते ही रहे।

सामयिक

इस सिलसिले में परिवर्तन 1990 के दशक में आया जब अदालतों, सामाजिक कार्यकताओं व विशेषज्ञों ने मानवीय, वैज्ञानिक विकल्पों पर बल दिया। एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) कार्यक्रम विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) द्वारा मान्यता प्राप्त मॉडल पर आधारित है, जिसमें कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी व टीकाकरण किया जाता है और फिर उनको उनके गृह क्षेत्रों में छोड़ दिया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह साबित हो चुका है कि कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने का यह एकमात्र तरीका है, जिससे उनका काटना भी बंद हो जाता है और रेबीज पर भी विराम लग जाता है। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने एकदम स्पष्ट किया कि जो आवारा कुत्ते संक्रमित हैं या उनमें रेबीज होने का संदेह है या जो आक्रामक व्यवहार प्रदर्शित करते हैं, उन्हें बाड़ों या शेल्टर होम्स में ही रखा जाये। चूंकि आवारा कुत्तों की समस्या दिल्ली व एनसीआर तक सीमित नहीं है बल्कि पूरे देश में व्याप्त है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय नीति होनी चाहिए।

इसी वजह से अदालत ने अपनी सुनवायी का दायरा बढ़ाते हुए सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया, यह जानने के लिए कि उन्होंने आवारा कुत्तों के संदर्भ में क्या कदम उठाये हैं। अपने पिछले आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कुत्ता प्रेमियों व पशु अधिकार समाजसेवियों से आग्रह किया था कि वह आवारा कुत्तों को गोद लें व उन्हें घर उपलब्ध कराएं। इसी आग्रह को दोहराते हुए तीन न्यायाधीशों वाली खंडपीठ ने कहा कि पशु प्रेमियों को संबंधित नगरपालिका से कुत्ते गोद लेने की आजादी होगी, लेकिन उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि गोद लिए कुत्ते सड़कों पर न लौटें। अदालत ने व्यक्तियों/एनजीओ से कहा कि आवारा कुत्तों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण करने हेतु व आर्थिक योगदान करें और जिन व्यक्तियों व एनजीओ ने अदालत में दस्तक दी है, उन्हें सात दिनों के भीतर क्रमशः 25,000 रुपए व दो लाख रुपए अदा करने होंगे ताकि अदालत में उनकी सुनवायी हो सके। यह पैसा आवारा कुत्तों के कल्याण के लिए इस्तेमाल किया जायेगा। अदालत का यह आदेश पूर्णतः स्वागत योग्य है। इससे यह मालूम होगा कि लोग व एनजीओ वास्तव में आवारा कुत्तों के कल्याण के लिए गंभीर हैं या केवल सुर्खियों में आने के लिए लफ्फाजी करते हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि आवारा कुत्तों के बारे में कोई भी महत्वपूर्ण फैसला तभी दिया जा सकता है, जब आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध हो और नगरपालिकाओं के पास पर्याप्त मानव संसाधन हों। इनके लिए पैसे की जरूरत होती है। जिन्हें आवारा कुत्तों की चिंता है, उन्हें अपनी जेबें भी ढीली करनी चाहियें। वर्तमान इन्फ्रास्ट्रक्चर का मूल्यांकन किये बिना, सभी आवारा कुत्तों को बाड़ों में बंद करने के आदेश से ऐसी असंभव स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसे लागू करना असंभव हो सकता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2025 के आदेश पर रोक लगायी।

इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि सुप्रीम कोर्ट का नवीनतम आदेश वैज्ञानिक व व्यवहारिक है और पूर्णतः स्वागत योग्य। क्योंकि यह मुख्य मुद्दे का समाधान करने के अतिरिक्त एबीसी नियमों के अनुरूप है, जिनका हाल ही में एक संसदीय उत्तर में भारत सरकार ने पुनः अनुमोदन किया है। अदालत के तर्क व दया पर आधारित आदेश का अब दिल्ली व एनसीआर की नगरपालिकाओं को सख्ती से पालन करना चाहिए ताकि एबीसी नियमों के तहत वह आवारा कुत्तों की संख्या को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर सकें। सुप्रीम कोर्ट ने एबीसी लागू करने पर सभी राज्यों से परफॉरमेंस रिपोर्ट की मांग भी एकदम सही की है। समीक्षा खंडपीठ के आदेश से लोगों के बीच में टकराव व आवारा कुत्तों पर क्रूरता से दो ही सूरतों में बचा जा सकता है। एक, 'आक्रमक' आवारा कुत्तों की पहचान करने के लिए जो प्रोटोकॉल मौजूद है, उसका प्रशासनिक अधिकारी सख्ती से पालन करें। दो, आवारा कुत्तों की फीडिंग के लिए जो जगह निर्धारित की जायें वहां किसी किस्म का कोई अवरोध उत्पन्न न हो यानी जगह इतनी तंग न हो कि भीड़ हो जाये।

सोशल मीडिया

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला जी ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में बिताये अविस्मरणीय अनुभवों को साझा किया आप युवा पीढ़ी की प्रेरणा हैं। सीएम योगी.

वाराणसी में कानून व्यवस्था डबल इंजन मिलकर भी संभाल नहीं पा रहे हैं, ये गोली सिर्फ एक व्यक्ति की हत्या नहीं है बल्कि पूरे शासन प्रशासन की भी हत्या है। अखिलेश यादव.

जम्मू में जम्मू मेडिकल कालेज का दौरा किया, किश्तवार के चिशोटी में बादल फटने और बाढ़ के कारण घायल लोगों से मुलाकात की, घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य की प्रार्थना है। राजनाथ सिंह.

इच्छाओं पर नियंत्रण

अंतर्दृष्टि

आत्म निग्रह में अस्वाद व्रत, उपवास, ब्रह्मचर्य, मौन, सर्दी-गर्मी के ऋतुप्रवाह का सहन, सादगी, मितव्ययता, दिनचर्या निर्धारण और उसका कड़ाई से पालन। जैसी शरीर और मन की पुरानी अवांछनीय आदतों पर रोक थाम के लिए बरती हुई कड़ाई तप के साधना के तितीक्षा वर्ग में आती है। दान, पुण्य, सेवा, सहायता, सामूहिक सत्कर्मो में सहयोग, लोक कल्याण की प्रवृत्तियों में रस लेना और उसके लिए समय, श्रम एवं धन का एक अंश नियमित रूप से लगाना। अनीति के विरूद्ध संघर्ष करने में लगने वाली चोटों को सहने के लिए साहस एकत्रित करना। उदारता के कारण अपनी सुविधाओं में कमी के लिए तैयार रहना। इसमें अप्रतिष्ठता एवं संबंधियों के स्वार्थों में कमी आने से उनकी नाराजगी सहने को प्रस्तुत रहना। लोक प्रवाह से विपरीत चलने के कारण उपहार अपमान, विरोध एवं प्रहार की संभवना मान कर चलना और उनका धैर्य पूर्वक सामना करना। इस प्रकार की कष्ट सहिष्णुता तप साधना का दूसरा चरण है। तीसरे तप वर्ग में विभिन्न प्रकार के साधनात्मक कर्मकाण्ड आते हैं। जप, ध्यान, प्राणायाम, देवपूजा, संध्या अनुष्ठान, पुरश्चरण आदि अनेकों सम्प्रदयों में प्रचलित अनेकों विधि विधान इसी उपासना वर्ग में आते हैं। योग साधना के चार और तप साधन के तीन कुल मिलाकर अध्यात्म के सात सोपान हैं। इन्हीं को सप्तलोक, सप्तऋषि, सप्तमहाव्रत कहा गया है। सप्त द्वीप, सप्त समुद्र सप्त शिखर, सप्त रत्न, सप्त धातु, सप्त सूर्य किरणें, सप्ताह आदि की संगति इन्हीं सात सोपानों से मिलती है। विभिन्न अलंकारों के साथ इन्हीं सात तथ्यों को मनीषियों ने विभिन्न प्रतिपादनों के साथ प्रतिष्ठिापित करने का प्रयास किया है। आध्यात्म के ज्ञान पक्ष और विज्ञान पक्ष को समझने के लिए जो अनेकानेक शास्त्र पढ़ाने को और विद्वानों के प्रवचन प्रतिपादन सुनने को मिलते हैं, उनमें इन सात महातथ्यों के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि उन्हें सही रीति से समझा और अपनाया जा सके तो मनुष्य में देवत्व का अवतरण हो सकना सुनिश्चित है। विज्ञान पक्ष की साधना में तपश्चर्या को केन्द्र मानकर चलने वाले विधि विधानों का उद्देश्य- प्रसुप्ति से निवृत्ति मूर्छना से मुक्तिद्ध इसके लिए गर्मी उत्पन्न करनी पड़ी है। गर्मी पाकर प्रसुप्ति से मुक्ति मिलती है। सूर्योदय की बेला निकट आने पर प्राणियों की निद्रा टूटती है और वे जागते उठते एवं कार्यरत होते हैं। रात्रि में कलियां सिकुड़ी पड़ी रहती हैं, पर जैसे ही सूर्य निकलता है वे हंसने खिलने लगती हैं। मानवी सत्ता के अन्तर्गत बहुत कुछ है। अत्युक्ति न समझी जाये तो यह भी कहा जा सकता है कि सब कुछ है। किन्तु है वह मूर्छित। इस मूर्छना को जगाने के लिए धूप, आग, बिजली आदि से उत्पन्न बाहरी गर्मी से काम नहीं चलता।

सज चुकी है नेता मंडी!

व्यंग्यलोक

हां जी भाई साहब! ये गाड़ी पांच मिनट में चलने वाली है। पांच मिनट बाद हम कहां और आप कहां लेकिन भाई साहब आप मेरी बात सुन लीजिए! बहन जी मेरी बात सुन लीजिए! आप सरकारी नौकरी करते हैं! आपकी बॉस से खटपट है! आप ऑफिस नहीं जाना चाहते हैं! आप ऑफिस का कमीशन खाना चाहते हैं! आपको हर कदम पर अपनी नौकरी खतरे में नजर आती है, तो घबराइए मत! एक बढ़िया कंपनी का नेता खरीद लीजिए। खरीदें! खरीदें! खरीदें! एक बढ़िया कंपनी का नेता खरीद लें। नेता आप के ट्रांसफर पर काम आता है। नेता आपको कोटा परमिट दिलाता है। नेता आपको कचरा उठाने का ठेका दिलाता है। नेता आपको बगैर लाइन में धक्के खाये रेल यात्रा के लिए टिकट दिलवाता है। आप अस्पताल जाते हैं आपको नेता की जरूरत। आप ऑफिस जाते हैं आपको नेता की जरूरत। आप थाने में रपट लिखाने जाते हैं तब भी आपको नेता की जरूरत। तो फिर उठिये। एक नेता खरीद लीजिए। फिर उसे पालतू बना लीजिए। यही सब कुछ है इस किताब में। भाइयो! बहनो! मेरे हाथ में किताब है नेता कैसे खरीदें? इस किताब में नेता खरीदने का चित्र सहित वर्णन है। चुनाव के अवसर पर कंपनी ने आपके भले के लिए इसे छापा है। अभी ये किताब खरीदिए। शाम को नेता खरीदकर खूब मजे कीजिए। चुनाव के टैम पे, नेता जी है सेल पे! किताब में हर एक बात का विवरण है। नेता खरीद क्यों? नेता खरीद कब? नेता खरीद कैसे? लीजिए एक अनोखी किताब! जो आपके जीवन में खुशियां ही खुशियां भर देगी। कीमत! कीमत आप पान खाकर थूक देंगे! चार दोस्तों में चाय पी कर खत्म कर देंगे! कीमत सिर्फ पांच रुपैया! पांच रुपैया! पांच रुपैया! नेता कैसे खरीदें की कीमत पांच रुपैया! जिस सज्जन को खरीदना है, हाथ खड़ा कर लें! जिस किसी बहन जी को खरीदना है, हाथ खड़ा कर लें। इस किताब के साथ चमचे की खरीद कैसे करें कि एक छोटी किताब फ्री में दी जा रही है! नेता की खरीद के साथ एक चमचा फ्री! नेता के साथ चमचा एकदम मुफ्त! बाजार में इन्हीं दोनों किताबों की कीमत पूरे हजार रुपये है। किंतु बस में कंपनी ने प्रचार के लिए छपाई का मूल्य पांच रुपये रखा है। नेता की कीमत पांच रुपया। देख लीजिए भाई साहब! देखने का कोई दाम नहीं है। कंपनी का प्रचार है आपका फायदा है। चुनावी समय में रेट एकदम डाउन है। लीजिए! हर संसद में, हर सड़क पे, हर होटल में, हर मॉटल में, बारह महीनों चौबीसों घंटे, हरदम काम आने वाली किताब! चुनाव के समय में अनोखी असरदार! आज ही खरीदिए कोई बढ़िया कंपनी का नेता! नेता कुलमुला रहा है बिकने के लिए। नेता मंडी सज चुकी है।

रामविलास जॉगिड़

जीव-जन्तुओं पर बढ़ता ग्लोबल वार्मिंग का संकट

जैव-विविधता

कनाडा के मॉन्ट्रियाल में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन (सीओपी 15) में सदस्य देशों ने जैव प्रजातियों के तेज और स्थिर नुकसान को रोकने के लिए एक नए ढांचे पर सहमति जतायी थी। यह सम्मेलन इस मायने में महत्वपूर्ण था कि भारत समेत सभी 196 देशों ने पास्थितिकी तंत्र को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए एक नए लक्ष्य की जरुरत पर बल दिया था। इसे ध्यान में रखते हुए ही इस सम्मेलन में कुनमिंग-मॉन्ट्रियाल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क को अपनाने की बात कही गयी जो कि 2050 के लिए 4 और 2030 के लिए 23 लक्ष्यों को निर्धारित करता है।

2030 के इन लक्ष्यों में निम्नीकृत क्षेत्रों के लिए सुरक्षा, जैव संरक्षण के लिए संसाधनों की उपलब्धता, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और समुद्र के अम्लीकरण को कम करना, आक्रामक विदेशी प्रजातियों के प्रसार को कम करना और जैव विविधता समर्थक विविधयों को अपनाना इत्यादि प्रमुख है। इसी तरह 2050 के लिए जिन चार लक्ष्यों को निर्धारित किया गया उनमें विलुप्त होने वाले पारिस्थितिकी तंत्र की अखंडता और स्वास्थ्य को बनाए रखने के साथ जैव विविधता द्वारा प्रदान की जाने वाली पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को मापना व मूल्यांकन करना इत्यादि पर जोर दिया गया। भारत ने इस सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया था कि विकासशील देशों को जैवविविधता को हुए नुकसान को रोकने के लिए 2020 के बाद की वैश्विक रुपरेखा को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए एक नया समर्पित कोष बनाया जाए। भारत ने तर्क रखा कि जैव विविधता का संरक्षण साझा लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं पर आधारित होना चाहिए। इस सम्मेलन में सदस्य देशों ने वर्ष 2030 तक पृथ्वी के 30 फीसदी हिस्से को प्रकृति के लिए संरक्षित करने की हामी के साथ दुनिया भर में दी जा रही उन सब्सिडी में सालाना 500 अरब डॉलर कमी लाने पर भी सहमति जतायी जो पर्यावरण के लिहाज से बेहद नुकसानदेह है। ध्यान दें तो मौजूदा समय में सिर्फ 17 फीसद हिस्सा ही प्रकृति के लिए संरक्षित है। ऐसे में सात वर्षों के दरम्यान 30 फीसद हिस्सा प्रकृति के लिए संरक्षित करना बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को साधने के लिए सभी देशों को अपनी-अपनी नीतियों और विकास संबंधी परियोजनाओं में आमुलचूल परिवर्तन लाने होंगे जो कि ऐसा होता नहीं दिख रहा है। विकसित देशों के लिए तो यह आसान है लेकिन विकासशील देशों को इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई समस्याओं से जूझना होगा। मसलन उन्हें अपनी प्रकृति आधारित विकास परियोजनाओं पर ब्रेक लगाना होगा। इसके लिए वे फंड की डिमांड की बात करते हैं। सवाल लाजिमी है कि यह फंड कहां से आएगा। फिलहाल संयुक्त राष्ट्र के जैव विविधता वित्तीय कोष के तहत कुछ रकम इकठ्ठा किया जा सकता है। लेकिन यह रकम ऊंट के मुंह में जीरा साबित होगा। विकासशील और गरीब देशों के लिए सबसे बड़ी चुनौती कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण की है। एक अरसे से सभी देशों द्वारा कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण का संकल्प व्यक्त किया जाता रहा है। लेकिन सच्चाई है कि इस मसले पर कभी भी गंभीरता नहीं दिखायी गयी। दरअसल विकास को लेकर सभी देशों की अपनी-अपनी प्राथमिकताएं और अपेक्षाएं हैं। नतीजा सामने है।

अभी गत वर्ष ही वर्ल्ड वाइल्ड फंड एवं लंदन की जूओलॉजिकल सोसायटी की रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि दुनिया भर में हो रही जंगलों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले चार दशकों में वन्य जीवों की संख्या में भारी कमी आयी है। इस रिपोर्ट में 1970 से 2012 तक वन्य जीवों की संख्या में 58 प्रतिशत की कमी बतायी गयी। जलीय जीवों के अवैध शिकार के कारण 300 प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। जलीय जीवों के नष्ट होने का एक अन्य कारण फफूंद संक्रमण और औद्योगिक इकाईयों का प्रदूषण भी है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं, विभिन्न प्रकार के रोग, जीवों की प्रजनन क्षमता में कमी भी एक प्रमुख कारण हैं। इन्हीं कारणों की वजह से यूरोप के समुद्र में ह्वेल और डॉल्फिन जैसे भारी-भरकम जीव तेजी से खत्म हो रहे हैं। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक भीड़ बकरियों जैसे जानवरों के उपचार में दिए जा रहे खतरनाक दवाओं के कारण भी पिछले 20 सालों में दक्षिण-पूर्व एशिया में गिद्धों की संख्या में कमी आयी है। भारत में पिछले एक दशक में गिद्धों की संख्या में 97 प्रतिशत की कमी आयी है। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। **अरविन्द जयतिलक.**

आपकी बात

आर्थिक विषमता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है।

एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी।

मधुकर वर्मा, लखनऊ.

सामाजिक कल्याण

देश में सबसे अधिक मदद की जरूरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को है। इनसे काम तो कई गुना लिया जाता है लेकिन इनके सुख-दुख और भविष्य का ख्याल कोई नहीं रखता है। इसलिए सरकार को इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सभी संस्थान अपने लिए इस्तेमाल करते हैं। उनके श्रम का लाभ उठाते हैं लेकिन उनके स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा आदि का कोई प्रबंध नहीं रहता है। सरकार अपने कर्मियों के लिए सारी सुविधाएं देती हैं। लेकिन यही बात जब गरीब श्रमिकों को देनी की आती है, तो सबकी जेब तंग हो जाती है।

प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

30 सितम्बर तक संचालित होगा राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान

बहराइच। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच विराट शिरोमणि ने बताया कि मा. कार्यपालक अध्यक्ष, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं मिडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वाधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में 01 जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम में न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण कराया जाना है।

श्री शिरोमणि ने बताया कि अभियान अन्तर्गत वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउन्स के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय आपराधिक मामले, सम्पत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, मामले सुलह समझौता के माध्यम से निस्तारण करा सकते हैं।

संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों की जान से खिलवाड़, बदली जांच रिपोर्ट

जिला संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज की पैथोलॉजी से सनसनीखेज रिपोर्ट आने के बाद प्रसव पीड़ित महिला मरीज सहित उसके परिवार में हड़कंप मच गया था। हालांकि किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ स्थित ब्लड बैंक के डॉक्टरों की तत्परता से जहां पैथोलॉजिस्ट की ओर से उन्हें उनके ब्लड ग्रुप को ठ नेगेटिव बताते हुए रिपोर्ट दे दी गई। प्रसव पीड़ा होने के उपरांत संयुक्त चिकित्सालय के डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया वहां पर भी डॉक्टरों ने संयुक्त चिकित्सालय की जांच रिपोर्ट को सही मानते हुए बिना जांच कराए लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर महिला प्रसव पीड़ा से

- केजीएमयू के चिकित्सकों की तत्परता से बची महिला मरीज की जान
- पैथोलॉजी के कर्मियों के खिलाफ पीड़ित ने की शिकायत

चलते प्रसव पीड़ित महिला की जान बच सकी।

संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज के पैथोलॉजी में कार्यरत कर्मियों के खिलाफ महिला के पति ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है प्राप्त जानकारी के अनुसार खण्डासा थाना क्षेत्र के रायपट्टी गांव निवासी आशीष सिंह अपनी पत्नी नंदिनी सिंह का इलाज संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज से करवा रहे थे अस्पताल के चिकित्सक ने बीते 1 अगस्त को प्रसव पीड़िता नंदिनी सिंह के ब्लड की जांच कराई कराहती रही। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर ने दो यूनिट ब्लड की डिमांड की इसके बाद ब्लड बैंक की ओर से महिला के ब्लड की जांच की गई। जहां रिपोर्ट में महिला का ब्लड ग्रुप O पॉजिटिव निकलने के बाद मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों सहित महिला के तीमारदारों में हड़कंप मच गया हालांकि महिला का डॉक्टर द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया जहां जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। मेडिकल कॉलेज लखनऊ से अपने घर वापस लौटने के उपरांत महिला के पति आशीष सिंह सोमवार को संयुक्त

चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचे और उन्होंने समूचे घटनाक्रम का हवाला देते हुए शिकायती पत्र अस्पताल के सीएमएस को सौपा जहां उन्होंने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उधर पैथोलॉजिस्ट डॉ प्रशांत वर्मा का कहना है कि उनकी जानकारी में नहीं था, अस्पताल के अन्य दो कर्मी भी रिपोर्ट तैयार करते हैं। फिलहाल अब देखना है कि अस्पताल प्रशासन इतने बड़े मामले में कौन सी कार्यवाही अपने मातहतों के खिलाफ करता है।

डाकघर का सर्वर डाउन लोगों के काम बाधित

मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज परिसर स्थित उप डाकघर पर सर्वर समस्या के चलते लोगों का कार्य पूरी तरह से विवादित हो गया है। वहीं दूसरी ओर पोस्टमैन का काम देख रहे युवक द्वारा पोस्ट ऑफिस पहुंचने वाले लोगों से अभद्रता किए जाने की भी बात सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि विश्व विद्यालय परिसर में उप डाकघर स्थित है। जहां बीते शनिवार से लोगों का कार्य पूरी तरह से नहीं हो पा रहा है। कार्य बाधित होने का कारण डाक कर्मी सर्वर डाउन होना बता रहे हैं। सोमवार को करीब 1:30 बजे पोस्ट ऑफिस पर दर्जनों लोगों की भीड़ डाक संबंधी कार्य निपटाने के लिए लगी हुई थी। इसी बीच लोगों की भीड़ देख पोस्टमैन पद पर तैनात जोक डाकघर में लिपिक का काम देख रहा है, डाककर्मी संदीप कुमार आपा खो बैठा और वह पोस्ट ऑफिस पहुंचे लोगों से अभद्रता करने लगा। जिसको लेकर मौके पर मौजूद लोगों ने गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए नाराजगी जाहिर की। मौके पर मौजूद लोगों ने मामले की शिकायत इंस्पेक्टर अमित कुमार से की। सब पोस्टमास्टर आर के यादव ने बताया कि विगत शनिवार से यह समस्या चल रही है जिसके चलते ऑनलाइन रजिस्ट्री सहित समस्त कार्य बाधित हो गया है। जिले के विपणन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि पूरे जिले के लगभग सभी पोस्ट ऑफिस में सरवर डाउन होने के चलते यह समस्या आ गई है।

रालोद जिलाध्यक्ष अखिलेश वर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

बाराबंकी। लखपेड़ाबाग स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अखिलेश वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि रालोद राष्ट्रीय महासचिव/पूर्व विधायक शिवकरन सिंह व विशिष्ट अतिथि अवध क्षेत्र अध्यक्ष चैधरी राम सिंह पटेल ने बीती 14 अप्रैल से चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव श्री सिंह ने कहा कि हर बूथ पर कम से कम 10 सदस्य बनाकर दल को मजबूती प्रदान करे। अवध क्षेत्र अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि हमारे दल की पहली प्राथमिकता सदस्यता अभियान के साथ-साथ किसानों की समस्याओं को प्रमुख रूप से उठाना है। जिलाध्यक्ष श्री अखिलेश वर्मा ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद न मिलना, इसको ध्यान में रखते हुए कालाबाजारी पर रोक लगाकर उन पर उचित कार्यवाही करने को लेकर जिला प्रशासन से अपील की। बैठक में दयानंद नगर निवासी कलीम खान ने दर्जनो साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल के सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर रमेश चंद्र द्विवेदी, बृजेश सोनी, सूर्यबक्श चैहान, राम अचल गौतम, अवध राम वर्मा, कैलाश वर्मा, बृजेश वर्मा, राम समुझ, दिलीप वर्मा, हनुमान शरण, परशुराम सिंह, रामदेव, जमीरुल रहमान, नसीर अहमद, मैनुद्दीन मौजूद रहे।

लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

बहराइच। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार 13 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।

श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एनआईएक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा।

जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्धः जिला कृषि अधिकारी

बहराइच। जनपद में उर्वरक की उपलब्धता की जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया है कि वर्तमान में जनपद में 5003 मैट्रिक टन यूरिया, 5286 मैट्रिक टन डीएपी, 2789 मैट्रिक टन एनपीके एवं 11510 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी सहकारी समिति पर 31412 बोतल नैनो डीएपी एवं 18247 नैनो यूरिया उर्वरक भी उपलब्ध है। जिले की सभी समितियों पर उर्वरक उपलब्ध है।

उर्वरक वितरण की जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि अभी तक जनपद में 56430 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हो चुका है। उन्होंने बताया कि 24 अगस्त 2025 को 701 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण हुआ था उन्होंने बताया कि 24 अगस्त 2025 को जनपद में 1239 मैट्रिक टन यूरिया बफर गोदाम में उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी, ए.आर. को-आपरेटिव के साथ प्रतिदिन जिला प्रबंधक पीसीएफ एवं इफको के प्रतिनिधि के साथ बैठक कर उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की जाती है तथा जिन समितियों पर पांच मैट्रिक टन से कम यूरिया उपलब्ध होती है वहां भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जनपद में उर्वरक की कमी नहीं है। जनपद को लगातार यूरिया रैक प्राप्त हो रही है, प्राप्त उर्वरक को सहकारी समितियां एवं प्राइवेट दुकानदारों के यहां भेजा जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को सुझाव दिया है कि यूरिया उर्वरक को एडवांस में खरीद कर भंडारण ना करें।

एमओयू से व्यावसायिक शिक्षा व शोध को मिलेगी गति

जिला संवाददाता

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मात्स्यिकी महाविद्यालय एवं आईसीएआर- सीआईएफई, मुम्बई और आईसीएआर-सीआईएफआरआई, बैरकपुर, कोलकाता के बीच एक एमओयू हुआ। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति कर्नल डा. बिजेंद्र सिंह व दोनों संस्थानों के निदेशकों ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। आईसीएआर-सीआईएफई मात्स्यिकी शिक्षा के क्षेत्र में एक उच्च शिक्षा संस्थान है, जो कि विश्वविद्यालय और संस्थान के मध्य शिक्षा, शोध एवं प्रसार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभायेगा। वहीं दूसरी तरफ दूसरा समझौता ज्ञापन मात्स्यिकी महाविद्यालय एवं आईसीएआर-सीआईएफआरआई, बैरकपुर, कोलकाता के मध्य हुआ।

इस समझौता ज्ञापन से मात्स्यिकी के क्षेत्र में प्राकृतिक जल स्रोतों सहित अन्य शोध विषयों और प्रसार को बढ़ावा मिलेगा दोनों संस्थानों के मध्य हुए समझौता ज्ञापन से मात्स्यिकी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ किसानों तक इसका लाभ पहुंचेगा। छात्र-छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के प्रति उन्मुखीकरण एवं विभिन्न कौशल प्रशिक्षण का मौका मिलेगा। छात्र-छात्राओं के लिए नई शिक्षा नीति से जोड़ने एवं बच्चों की बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। वहीं दूसरी तरफ मात्स्यिकी महाविद्यालय शोध कार्यों में मदद के साथ-साथ शिक्षण गतिविधियों के विकास एवं मूल्यांकन तकनीक विकसित करने में इस शिक्षण संस्थान का सहयोग करेगा। दोनों पक्ष एक दूसरे के भौतिक एवं मानवीय संसाधनों का उपयोग कर छात्र-छात्राओं के हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर निदेशक प्रशासन डा. सुशांत श्रीवास्तव, कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह, अधिष्ठाता डा. सी.पी सिंह, निदेशक शोध डा. सुशील कुमार, निदेशक प्रसार डा. राम बटुक सिंह, महाविद्यालय के शिक्षक डा. दिनेश कुमार, डा. शशांक सिंह एवं डा. सुमन डे उपस्थित रहे।

अपने अधिकारों के लिए बुलंद करेगा पसमांदा समाजः वसीम राईन

बाराबंकी। आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज कार्यालय पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने कहा कि अब पसमांदा समाज अपने अधिकारों के लिए पूरी ताकत से आवाज बुलंद करेगा और केवल उसी का साथ देगा जो हिस्सेदारी की साफ-साफ बात करेगा। अब तक धर्मनिरपेक्षता की आड़ में राजनीतिक दलों ने केवल समाज का इस्तेमाल किया है। श्री राईन ने कहा कि वर्षों तक पसमांदा समाज को हाशिए पर रखा गया और सिर्फ चुनावी मोहरा बनाकर छोड़ा गया। लेकिन अब वह समाज जाग चुका है और अपने फैसले खुद करेगा। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि वे संगठित रहें और उस आवाज के साथ खड़े हों जो सच में उन्हें उनका अधिकार दिलाने का काम करे। बैठक में जावेद राईन, महमूद चैधरी, निसार राईन, अनीस राईन, रऊफ राईन, रिजवान राईन, हसमत राईन, शकील राईन, राजू खान, बबलू राईन, शफीक राईन, जावेद जमाल, लाला राईन, मोमिन राईन, खलील अहमद राईन, कारी मकबूल, गुड्डू खान, इस्माईल राईन, मुनीर राईन, गुफरान नाना राईन, जैनुल राईन, जावेद मसूरी, आसिफ कुरैशी, इसरार उर्फ भूरे गद्दी, शादाब, रोबिन, सन्नू, मो0 इमरान मौजूद रहे।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने किया भ्रमण

बाराबंकी। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का भ्रमण करते हुये पीड़ितो से मुलाकात की। तथा हर सम्भव मदद कराने का आश्वासन दिया। कांग्रेस सांसद श्री पुनिया ने हेतमापुर, बिझला, बल्लोपुर आदि इलाकों का दौरा कर समस्त बाढ़ पीड़ितों को आश्वासन देते हुये कहा कि पूर्व सांसद पी0एल0 पुनिया ने जिस प्रकार 54 किलोमीटर का विशाल बांध बनवाया था। जोकि सीतापुर के बार्डर से अयोध्या की सीमा तक विशाल निर्माण किया गया था जिससे बाराबंकी में सरयू नदी से गावों को बाढ़ से राहत मिली। उसी तरह मैं इन बाढ़ग्रस्त इलाकों को भविष्य में बाढ़ से बचाने का कार्य करूंगा। इससे संबंधित मैं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को पत्र के माध्यम या

मिलकर समस्या के समाधान के लिये चर्चा करूंगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, आर0डी0 राव, के0सी0 श्रीवास्तव, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, आदर्श पटेल, मो0 सद्दाम, सौरभ पाण्डेय, सुरेन्द्र वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा, अकील इदरीसी, मो0 जिशान, मोहम्मद अहमद पठानी, अनूप सिंह, नेकचन्द त्रिपाठी, संजीव मिश्रा मौजूद रहे।

शिक्षा जीवन की अमूल्य निधिः प्रो. आशुतोष सिन्हा

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में सोमवार को को नवागत छात्रों के लिए ओरिऐंटेशन कार्यक्रम का आयोजन कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला एवं मानविकी संकाय के अध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में इतिहास विषय का अध्यन महत्वपूर्ण कदम है। भौतिक कक्षाओं और शिक्षकों से नियमित संवाद सफलता की कुंजी होती है। उन्होंने कहा कि जीवन में शिक्षक से जो कुछ सीखने को मिले, तत्परता से ग्रहण करें। शिक्षा जीवन की अमूल्य निधि होती है। प्रो. आशुतोष सिन्हा ने स्मार्ट फोन की उपयोगिता और नुकसान पर भी प्रकाश डाला और कहा कि स्मार्ट फोन का उपयोग व्यक्तिगत विकास के लिए किया जाए किन्तु उसको स्वयं पर हावी मत होने दें। ऋषभ देव शोधपीठ के डा. देव नारायण वर्मा ने छात्र छात्राओं को इतिहास अध्ययन पर प्रकाश डाला। डा. वर्मा ने इतिहास मे स्रोतों के महत्व पर बताया कि बिना साक्ष्य के इतिहास, इतिहास नहीं रह जाता। शोध आधारित इतिहास की पुस्तकों से ही अध्ययन करने का मंत्र दिया। इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के विभागाध्यक्ष डा. संजय चैधरी ने परास्नातक स्तर पर इतिहास अध्ययन की विशेषताओं को बताया। उन्होंने बताया कि इतिहास का अध्ययन व्यक्तित्व को निखारता है। इतिहास अध्ययन आपको तार्किक बनाता है। ओरिऐंटेशन कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी शिक्षकों का डा. संजय चैधरी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए वरिष्ठ छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

बाराबंकी। रोटरी क्लब व आरोग्य रिसर्च फाउंडेशन के सहयोग से सफेदाबाद स्थित मातृ पितृ सदन वृद्धाश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं पौधारोपण का आयोजन किया गया। शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ0 अविनाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम द्वारा लगभग 80 बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ0 सुधीर वर्मा ने कहा कि क्लब सामाजिक सरोकार के तहत जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहता है। कार्यक्रम का समन्वय रोटरी क्लब सदस्य राजेश अरोड़ा बब्लू ने कहा कि यह आयोजन पूरी तरह वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को समर्पित है। पौधारोपण अभियान के तहत लगाए गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी क्लब के पदाधिकारी निभाएंगे। इस मौके पर डॉ. राजेश मोहन, महावीर प्रसाद जैन, डॉ विमल बैसवार, सुनील वर्मा, सम्पन्न कुमार निगम, शिखा श्रीवास्तव, रजनी वर्मा, कुसुम जैन, कमलेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, राजलक्ष्मी, ममता, अनुज कुमार मौजूद रहे।

नवागंतुक छात्रो के लिए दीक्षारम्भ ओरिऐंटेशन प्रोग्राम का प्रबंधक ने किया शुभारंभ

सतरिख,बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज में बीएएलएलबी के नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारम्भ 2025-26 (ओरिऐंटेशन प्रोग्राम) का शुभारम्भ मुख्य अतिथि वैद्य आईसीएस लखनऊ के निदेशक डा0 प्रत्युष मणि त्रिपाठी एंव विशिष्ट अतिथि प्रबन्धक/शासी निकाय अध्यक्ष डा0 सुजीत चतुर्वेदी ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त छात्र जितेन्द्र शाह द्वारा सरस्वती वन्दना व अनुराग सिंह द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि डा0 त्रिपाठी ने कहा कि समाज में एक अधिवक्ता की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है।

जिस प्रकार एक शल्य चिकित्सक शल्य क्रिया द्वारा रोगी को रोगमुक्त करता है उसी प्रकार एक अधिवक्ता समाज में व्याप्त अपराध एवं अन्याय से मुक्ति दिलाता है। उन्होंने विधि की शिक्षा के आधार पर भारतीय विधिक सेवा, पीसीएस(जे), एपीओ, लॉ अफसर एवं शासकीय एवं निजी क्षेत्र की संस्थाओ में अवसरों के बारे में बताया और सफलता प्राप्त करने के गुर सिखाए। साथ ही तैयारी करने वाले टीआरसी कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए अपनी संस्था में 50 प्रतिशत शुल्क छूट देने की घोषणा की।

प्रबंधक डा0 चतुर्वेदी ने सभी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आपके सर्वागीण विकास के लिए संस्था कटिबद्ध है और उपलब्ध संसाधनों को नियमानुसार प्रयोग कर सकते हैं।

प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कार्यक्रमों को विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर डा0 दीपमाला श्रीवास्तव समेत शिक्षक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

पांच इंटर कॉलेजों में किशोर स्वास्थ्य पर स्नेह एआई आउटरीच कार्यशाला आयोजित

बहराइच 25 अगस्त। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से जरवल के आरपीएस मॉडर्न पब्लिक इंटर कालेज में किशोरों के स्वास्थ्य और कल्याण विषय पर अभिमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। लगभग दो घंटे तक चले इस प्रशिक्षण सत्र में कक्षा 10वीं और 12वीं के 89 छात्र-छात्राओं को स्नेह-एआई चैटबॉट की गतिविधियों से परिचित कराया गया। इस दौरान छात्रों ने अपनी-अपनी मोबाइल फोन पर चैटबॉट का उपयोग करते हुए सवाल टाइप किए और तुरंत उनके जवाब पाए। चैटबॉट के माध्यम से उन्हें स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी सही और भरोसेमंद जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

डिजिटल माध्यम होने के कारण छात्र-छात्राएं बिना किसी झिझक के प्रश्न पूछ सके और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सके।

प्रशिक्षण सत्र का संचालन दिल्ली से आए पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया टीम के तेजविंदर सिंह आनंद

और सौविक बंधापाध्याय ने किया। तेजविंदर सिंह आनंद ने कहा किशोरावस्था जीवन का एक संवेदनशील दौर है। इस उम्र में स्वास्थ्य, पोषण और प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी सही जानकारी का मिलना बहुत आवश्यक है। डिजिटल चैटबॉट स्नेह- एआईह के जरिए हम चाहते हैं कि छात्र-छात्राएं बिना किसी हिचकिचाहट के सवाल पूछ सकें और उन्हें वैज्ञानिक, भरोसेमंद और उपयोगी जानकारी मिले। इस तरह के कार्यक्रम किशोरों को जागरूक, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने में मददगार साबित होंगे। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रतिनिधि रामबरन यादव ने बताया कि जरवल के चार और विद्यालयों फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज, जय जवान जय किसान इंटर कॉलेज, ठाकुर भगौती सिंह किसान इंटर कालेज, गवर्मेंट गर्ल्स इंटर कालेज बसहिया पाते में भी कार्यशाला आयोजित कर 310 छात्र-छात्राओं को स्नेह- एआई चैटबॉट की गतिविधियों से परिचित कराया जा चुका है। शिक्षकों और प्रशासन की सक्रिय भागीदारी से कार्यशाला और अधिक प्रभावी बनी। अंत में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने सभी प्रतिभागियों और विद्यालयों को उनके सहयोग और उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान आरपीएस मॉडर्न पब्लिक इंटर कालेज के प्राचार्य प्रवीन श्रीवास्तव, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया जरवल परियोजना के प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर अजय कुमार शुक्ला सहित स्कूल शिक्षक और छात्र/छात्राएं उपस्थित रहीं।

गायन व नृत्य ऑडिशन सम्पन्न

बाराबंकी। 56वां शारदीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर यूथ एसोसिएशन द्वारा नगर पालिका प्रांगण में गायन व नृत्य ऑडिशन का आयोजन किया गया। जिसमे जूनियर वर्ग मे 284 व सीनियर वर्ग के 157 प्रतिभागियो ने आडिशन दिया। इस सम्बन्ध मे यूथ एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता ह्वाकिन्स ने बताया कि संस्था विगत 55 वर्षों से लगातार दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन कर रही है। और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गायन और नृत्य के माध्यम से उभरती प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान किया जाता है। इस बार जूनियर वर्ग में कुल 284 और सीनियर वर्ग में 157 प्रतिभागियों ने ऑडिशन में भाग लिया। नृत्य वर्ग के निर्णायक मंडल में अनिमेष सिंह और विदुषी शुक्ला व गायन के निर्णायक के रूप में मधुकर तिवारी, अभिनंदन कुमार द्वारा प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। चयनित प्रतिभागियों को आगामी शारदीय नव दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर शेफाली निगम, स्मृति राज, अमन त्रिवेदी, आशुतोष शुक्ला, ऋषभ श्रीवास्तव, शिवेंद्र सिंह, अभिषेक मिश्र, लतिका सिंह, प्रखर कपूर, आर्यवीर राज, महासचिव राजन शर्मा, शरदराज सिंह, अजय शुक्ला, प्रीति सिंह, अर्पित गुप्ता, रामेंद्र गुप्ता, सिद्धार्थ कनौजिया मौजूद रहे।

संक्षेप

अरुणाचल प्रीमियम लीग बीसीसीआई टूर्नामेंट में हर्ष पांडेय का हुआ चयन

सुलतानपुर (वीओएल)। जयसिंहपुर क्षेत्र के बिरईपुर गांव के युवा क्रिकेटर हर्ष पांडेय ने महज 17 वर्ष की उम्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका चयन बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त अरुणाचल प्रीमियम लीग टूर्नामेंट के लिए हुआ है। यह चयन उनकी कड़ी मेहनत, लगन और क्रिकेट के प्रति समर्पण का परिणाम है। फिलहाल हर्ष एयरपोर्ट अथॉरिटी टीम के साथ खेल रहे हैं और कई अहम ट्रॉफियां अपने नाम कर चुके हैं। हर्ष एक शानदार विकेटकीपर और बल्लेबाज हैं, जिन्होंने अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में बेहतरीन प्रदर्शन कर क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा। इसके बाद उन्हें अंडर-23 सीनियर टीम में खेलने का अवसर मिला। दिल्ली के सोनिया विहार में अपने माता-पिता सरिता पांडेय और दिनेश पांडेय के साथ रहने वाले हर्ष दिल्ली क्रिकेट कोल्ट क्लब में अभ्यास करते हैं। उनके कोच रंजीत सिंह ने उनकी सफलता में अहम भूमिका निभाई है। हर्ष की इस सफलता से उनके परिवार, बिरईपुर गांव और पूरे जनपद में खुशी की लहर है। दादा रामलाल पांडेय और मामा संजय तिवारी (शास्त्री) ने हर्ष को शुभकामनाएं दीं और कहा कि बचपन से ही उसमें क्रिकेट को लेकर गहरी रुचि थी। हर्ष की यह उपलब्धि न सिर्फ जनपद, बल्कि प्रदेश और देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

परिषदीय विद्यालयों की साफ-सफाई व दवा का कराया छिड़काव

रायबरेली ।जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह द्वारा समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 2301 परिषदीय विद्यालयों की साफ-सफाई कराये जाने हेतु 25 से 30 अगस्त 2025 तक माईक्रोप्लान तैयार कर सफाई कर्मचारियों से रोस्टर के अनुसार साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं ।जिसके क्रम में आज सफाई कर्मचारियों द्वारा जनपद में कुल 158 परिषदीय विद्यालयों की साफ-सफाई, झाड़ी की कटाई एवं दवा का छिड़काव कराया गया। जिनमें से विकास खण्ड डलमऊ की ग्राम पंचायत में स्थित प्राथमिक विद्यालय मलियापुर, भगवानपुर तपेतेरूखा विकास खण्ड ऊँचाहार की ग्राम पंचायत ऊँचाहार देहात, रामसाण्डा, हुरैसा, सरायभान, किशुनदासपुर, बहेरवा विकास खण्ड- सतांव की ग्राम पंचायत-शेखापुर, कल्याणपुर रैली, गोझरी, पूरे घासी, सलारपुर आदि ग्राम पंचायतों में स्थित विद्यालयों में साफ-सफाई का कार्य कराया गया।

बैठक आयोजित

अमेठी । सोमवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा व्यापारी बंधुओं के साथ मीटिंग की गयी, जिसमें जनपद अमेठी के व्यापारी बन्धु उपस्थित हुए ।बैठक में व्यापारी बन्धुओं को ,ऑपरेशन दृष्टि, के तहत जागरुक कराते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु अपील की गई एवं व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया ।

राना बेनी के बेटे हैं, इतिहास अमर कर सकते हैं...

- कवियों में डर रहा नीले ड्रम का डर, खूब खुदखुदाया और हंसाया
- राना की 221वीं जयंती की शाम पर सजी गीत, गजलों और शायरी की महफिल

रायबरेली। अवध के छत्रमहाराणा प्रताप अमर सेनानी 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक व अवध केसरी राना बेनी माधव बख्श सिंह की 221वीं जयंती की शाम राना बेनी माधव भगत सिंह स्मारक समिति रायबरेली द्वारा आयोजित गीत, गजलों और शायरी की महफिल से सजी। देश और दुनिया में अपना नाम करने वाले कलमकारों से सजी महफिल का ताज श्रोताओं में कुछ इस कदर चला की रात के दूसरे पहर तक लोग फिरोज गांधी कॉलेज के सभागार में जमे ही रहे। कवि सम्मेलन का आगाज नागपुर से आई कवयित्री श्रद्धा शौर्य की सरस्वती वंदना के साथ हुई। नागपुर से कवयित्री श्रद्धा शौर्य द्वारा रचित सरस्वती वंदना शशारदे सुरेश्वरी, भारती स्वरेश्वरीये में, अखंड ज्योति को अनंत ज्ञान तार दे, देय खण्ड ज्योति को अंत ज्ञान प्राण दे पढ़कर कवि सम्मेलन की शुरूआत की। गाजियाबाद से आए वीर रस के कवि मोहित शौर्य ने पढ़ा, घोट लिमिट में उम्मीदों की एक किरण ले आते हैं, कोई देर नहीं करते हैं एक ही क्षण में आते हैं, जब इस भरत भूमि का मान हरण होता है तब, लाज बचाने को हर युग में माधव रण में आते हैं। उन्होंने पढ़ा राना बेनी के बेटे हैं, इतिहास अमर कर सकते हैं, गांधी के बंदर मत समझो...। मुम्बई से आए, फिल्मी दुनिया के गीतकार, लेखक और कवि प्रबुद्ध सौरभ ने पढ़ा न समझो कि कुछ भी अजब कर रहे हैं, न समझो कि ये सिर्फ प्रण कर रहे हैं, इक आदत पुरानी चली आ रही है, गजब ही किया है, गजब कर रहे हैं। बालमोहन पाण्डेय ने पढ़ा मैं जुगनू हूं उजालों में भला क्या अहमियत मेरी, वहां ले जाइए मुझको जहां पर रौशनी कम है। छत्तीसगढ़ के कोरबा से आए हीरामणी वैष्णव ने लोगों को अपनी कविताओं से खूब गुदगुदाया। उन्होंने एक प्रेमी पर पढ़ा कि तेरे लिए शीशे का महल बनवा के हम, पड़ोसन को जला-जला के मार डालेंगे। जो-जो हंसते थे कल मेरा हाल देख, उनको कसम से रूला के मार डालेंगे। डरना नहीं पुरानी हो चुकी कहावतों से, डर को भी डर दिखला के मारे डालेंगे। पत्थर जो फेके कोई भूल से भी घर में तो, बाबा बुलडोजर चलाके मार डालेंगे। हरियाणा के पलवल से आए विष्णु विराट ने पढ़ा जुनूओं ने शराब पी ली है, अब ये सूरज को गालियां देंगे। किसी ने प्यार जताकर छोड़ा, हवा ने मुझको उठाया उठा के छोड़ दिया। नागपुर से आई ओज की कवयित्री श्रद्धा शौर्य ने पढ़ा सुना के कैसे जली पद्मिनी, शील बचाने की खातिर, तुमने सारी शर्म बेच दी, रील बनाने की खातिर। बरेली से आए गजलकार अंशु मिश्रा ने पढ़ा तुम्हारे जाने पे दिल का दफ्तर समेट लेंगे, फिर इस सड़क पर कोई सवारी नहीं चलेगी, हम अपनी मर्जी से उसके दिल में रहा करेंगे, हमारे घर में भी क्या हमारी नहीं चलेगी। जिला कोषाधिकारी व बनारस से आने वाली श्रृंगार रस की कवयित्री डॉ. भावना श्रीवास्तव ने पढ़ा जरा देखिए तो गजब ढा रहे हैं, गजल के बहाने सुना क्या रहे हैं। करें कैसे चारागरों पे भरोसा, मरज कौन सा है बता क्या रहे हैं। उन्होंने पढ़ा, जब दिखाई दे रहा था खुदकुशी का रास्ता, तब अचानक ही मिला ये शायरी का रास्ता, रात वो नेमत है जो रौशन है अपने नूर से वो भला कब देखती है रोशनी का रास्ता। बाराबंकी से आए कवि अभिसार गीता शुक्ला ने पढ़ा दश्त किनारे इश्क पुकारे और कहें ये तुम ही हो, हर मरहम का घाव लगा ले और कहें ये तुम ही हो। सब ने क्या क्या रूप गढ़े हैं तेरी हुस्न-बयानी में, हम दरिया से चाँद निकालें और कहें ये तुम ही हो। उन्होंने अपने छंद स्कीन है रामप पढ़ने के साथ ही कृष्ण के प्रेम पर कविताएं पढ़ी देह पिघल गई मथुरा भर की, देह पिघल गई यमुना कर की...की बनवारी की राह जोहते। उदासी चखती रहती है दुःखों को धार देती है। मोहब्बत कुछ नहीं करती है लड़के मार देती हैं। मध्य प्रदेश के चंदौसी शहर से आए गजलकार और कवि चराग शर्मा ने पढ़ा तुम्हारा क्या है तुम्हें सिर्फ ज्ञान देता है। हमारी सोचो, हमें इम्तिहान देना है। उन्होंने अपने मुताबिक सजा सुना दी है, हमें सजा के मुताबिक बयान देना है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रेम के कवि स्वयं श्रीवास्तव ने अपने काव्यपाठ की शुरूआत संघर्ष कर रहे नौवजानों को लेकर की। उन्होंने पढ़ा ऐसा नहीं सारा फलक मांग रहे हैं, हम सिर्फ अपने हिस्से का हक मांग रहे हैं, सरकार तुम चला लो हमको नौकरी तो दो, रोटी के लिए थोड़ा नमक मांग रहे हैं। इसके अलावा पढ़ा जीत में न हार ही जाने में मजा है, मैं जानता हूं दांव लगाने में मजा है, इस जिंदगी की जंग में हारे जुआरियों, जो जीत गए उनको चिढ़ाने में मजा है....अपनी चित परचित कविता मुश्किल थी संभलना ही पड़ा घर के वास्ते...पढ़कर खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, हरिहर सिंह, मदन चैहान, जेपी सिंह, रवींद्र सिंह, सभासद एसपी सिंह, राजा हर्षेंद्र सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, विवेक विक्रम सिंह, करणी सेवा के जिला अध्यक्ष राहुल सिंह, क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष अमित सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

5 मीटर चौड़ी होगी राना के पैतृक गांव उड़वा की सड़क

रायबरेली। अमर सेनानी राणा बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति रायबरेली द्वारा आयोजित भाव समर्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए लोग निर्माण विभाग के राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने घोषणा की कि राना के गांव की सड़क को 3 मीटर से बढ़ाकर 5 मीटर किया जाएगा।

सपा कार्यालय में मनाई गयी बीपी मंडल की जयंती

अमेठी। सोमवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सामाजिक न्याय के पुरोधा बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद (बी.पी.) मंडल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नेताओं ने कहा कि बी.पी. मंडल ने पिछड़े, दलित और वंचित समाज के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके विचारों से समाजवादी पार्टी लगातार प्रेरणा लेती है। जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय के पुरोधा बी.पी. मंडल ने पिछड़े, दलित और वंचित समाज को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। आज उनकी जयंती पर हम संकल्प लेते हैं कि समाजवादी पार्टी उनके आदर्शों और विचारों पर चलकर समानता व सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाती रहेगी। प्रवक्ता राजेश मिश्र ने कहा कि बी.पी. मंडल ने सामाजिक न्याय और समानता की नींव रखी थी। आज जब समाज को पिछड़ों, दलितों और वंचितों के हक की लड़ाई लड़नी पड़ रही है, तब उनके विचार और अधिक प्रासंगिक हो जाते हैं। समाजवादी पार्टी मंडल साहब के सपनों को साकार करने के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष राम उदित यादव, श्रीराम बौरासी, विजय पासी, शिव प्रताप यादव, अरविंद कुमार, मनीराम वर्मा, दीपू तिवारी, घनश्याम सिंह, डॉ. सी.पी. यादव, मनु पाल, सर्वेश कुमार, अरशद अहमद, महामंत्री रामप्रसाद यादव सहित अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अमेठी में किसानों को खाद की किल्लत

- पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह ने सीएम को लिखा पत्र

अमेठी ।खाद के लिए किसानों को मुसीबत का सामना पसंद करना पड़ रहा है ।जिसे लेकर जनप्रतिनिधि भी अब किसानों की मदद के लिए सामने आए हैं। पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जिले में पर्याप्त खाद की उपलब्धता करने का निवेदन किया है। धान की फसल के लिए किसानों को खाद की अत्यधिक आवश्यकता है ।खाद बिक्री केंद्रों पर किसानों की लंबी लाइन लग रहे हैं लेकिन किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद नहीं मिल पा रही है। कई घंटे के इंतजार के बाद किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद नहीं मिल पा रहा है ।अब किसानों की मदद के लिए जनप्रतिनिधि भी सामने आए हैं। पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य विजय विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर कहा है किसानों को डीएपी के बाद यूरिया की बहुत आवश्यकता है ।समय से खाद नहीं मिलने के कारण किसानों की फसल पर बुरा असर पड़ रहा है ।खाद के लिए किसानों की लंबी लाइन दुकानों पर लग रही है लेकिन किसानों को उनके आवश्यकता के अनुसार खाद नहीं मिल पा रहा है। इसलिए किसानों की समस्या को देखते हुए जल्द से जल्द जिले में पर्याप्त खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए जिससे कि किसानों को आसानी से खाद मिल सके।

छात्रा को शिक्षक ने प्रदान की साइकिल

रायबरेली ।शिक्षक जीवन के सरोकार से जुड़ा रहता है जब भी गरीब असहाय धनहीन परिवार के बच्चों को शिक्षा प्राप्त प्राप्त कराने की जिम्मेदारी मिलती है तो शिक्षक बखूबी उठाता है ।महात्मा गाँधी इंटर कॉलेज रायबरेली में समाज शास्त्र के प्रवक्ता आशुतोष मिश्रा ने कक्षा 9 की निराश्रित छात्रा खुशी को नई साईकिल प्रदान की है !इसके पूर्व आशुतोष मिश्रा ने इस छात्रा का प्रवेश शुल्क एवं समस्त पुस्तकें अपनी निजी आय से प्रदान की है। ज्ञात हो कि मनिका सिनेमा के पास रहने वाली कक्षा 9 की छात्रा खुशी के माता पिता जीवित नहीं है। खुशी के चाचा उसका पालन पोषण करते हैं। वे धनाभाव के कारण छात्रा को शिक्षा नही दिला रहे थे शिक्षक आशुतोष मिश्रा के संज्ञान में जब यह बात आई तो उन्होंने इस छात्रा को प्रवेश शुल्क, पुस्तक एवं एक साईकिल प्रदान किया है। विद्यालय के सभी सदस्यों ने आशुतोष मिश्रा को इस नेक कार्य के लिए विद्यालय के लोगों ने शुभकामनाएं दी ।

खराब सड़कों को लेकर हुआ धरना- प्रदर्शन

लालगंज रायबरेली। लालगंज बाईपास का रेलवे पुल बंद होने और खराब सड़कों के बाबत लालगंज ऐहार टोल प्लाजा को बंद कराने के लिए भाजपा किसान नेता रमेश सिंह सोमवार सुबह धरने पर बैठ गए, धरना 5 बजे तक चलता रहा ।सूचना मिलने पर पहुंचे नेशनल हाईवे के इंजीनियर आयुष्मान श्रीवास्तव ने लोगों की मांगों को उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने और लालगंज बाईपास के रेलवे पुल को 5 सितंबर तक चालू करने की बात कही। उन के आश्वासन पर रमेश सिंह ने धरना समाप्तकर दिया।

पूर्व घोषणा के अनुसार सोमवार सुबह रमेश सिंह टोल प्लाजा पर पहुंच गए और दरी बिछाकर जमीन पर बैठ गए ।उन्होंने कहा कि लालगंज ऐहार टोल प्लाजा में लगातार टोल की वसूली चल रही है लेकिन सुविधाओं के नाम पर आम जनमानस को कोई भी सुविधा नहीं मिल पा रही हैं शिवाय खराब सड़को के, वही जनता के सुविधा के लिए जो लालगंज बाईपास बनवाया गया था वह कई सालों से क्षत्रिग्रस्त है जिससे आए दिन लालगंज कस्बे में भीषण जाम की समस्या बनी रहती है ।रमेश बहादुर सिंह का कहना है कि जब बाईपास सही नहीं है और लालगंज की सारी सडके गड्ढा युक्त हैं तो आखिर क्यों टोल वाहनों से वसूला जा रहा है। जब तक सड़क और बाईपास नहीं सही हो जाता ,तब तक टोल ना वसूला जाए। वास्तव में रमेश सिंह की मांग है कि पहले यह सारी समस्याएं दूर करी जाएं तभी टोल वसूला जाए अन्यथा जब तक यह समस्याएं सही नहीं होती है तो टोल स्थगित किया जाए। आखिरकार दिन भर चले धरना प्रदर्शन के बाद नेशनल हाईवे के इंजीनियर आयुष्मान श्रीवास्तव के आश्वासन पर शाम 5बजे धरना समाप्त हो गया। पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह, रामप्रताप सिंह, राजेश सिंह फौजी ,बीके सिंह भी धरने में पहुंचे ।आयुष्मान श्रीवास्तव और टोल मैनेजर चंदन सिंह ने आश्वासन पत्र सौंप कर धरना समाप्तकराया ।शांति व्यवस्था के लिए मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

संजय गांधी अस्पताल में बी पी मंडल जयंती पर रक्तदान शिविर

मुंशीगंज, अमेठी : सामाजिक संस्था महापदमनंद वेलफेयर आर्गनाइजेशन (एम डब्ल्यू ओ) अमेठी ने मुंशीगंज जनपद अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल के ब्लड बैंक में, भारत की बहुसंख्यक आबादी के अधिकारों के संरक्षक, पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार दिलाने वाले सामाजिक न्याय के कलमकार, मंडल आयोग के अध्यक्ष, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल की 107वीं जयंती के अवसर पर विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्घाटन चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर एन के जैन व के संजय गांधी हॉस्पिटल के ऑपरेशनल ऑफिसर अवधेश शर्मा जी ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। एन के जैन ने उपस्थित लोगों को रक्तदान के स्वास्थ्य और सामाजिक लाभ के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि रक्तदान से न केवल रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है, बल्कि यह दाता के लिए भी कई चिकित्सीय लाभ प्रदान करता है। संजय गांधी गांधी हॉस्पिटल के सीओओ अवधेश शर्मा ने महापद्मनंद वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की समाज में रक्तदान जैसे गुणपूर्ण कार्यों के लिए प्रशंसा की और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर में विमल मौर्य, आशीष कुमार कोरी, बसंत लाल मौर्या, राजू मौर्य, त्रिवेणी शर्मा, सुनील कुमार मौर्य, मोहम्मद हारुन, वीरेंद्र कुमार, अजय यादव, प्रवेश कुमार, धर्मेंद्र प्रताप, मथुरा प्रसाद कश्यप आदि 12 लोगों ने रक्तदान किया। संगठन के जिला सचिव दिनेश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार यह आयोजन समाजसेवा की मिसाल बना। इस तरह के कार्यक्रम समाज में मानवता और एकता की भावना को मजबूत करते हैं तथा जरूरतमंदों के लिए जीवनदान साबित होते हैं। यह आयोजन बीपी मंडल की स्मृति में समर्पित था, जो समाज के कल्याण और पिछड़े वर्गों के लिए उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद दिलाता है। रक्तदान शिविर ने लोगों में सेवा भाव की जागरूकता बढ़ाने का भी काम किया। शिविर के संयोजक व रक्तदान मिशन के प्रेरक संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने सभी रक्त वीरों को बधाई देते हुए ब्लड बैंक के सभी सम्मानित स्टाफ आभार प्रकट किया। रक्त संग्रह करने का कार्य शैलेंद्र बहादुर सिंह, तेज बहादुर बिंद गिरधर श्रीवास्तव, नर्सिंग स्टाफ अंजू आदि ने बहुत ही कुशलता पूर्वक किया।

खेल सामग्री किट पाकर खिले युवाओं के चेहरे

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से ब्लॉक सभागार में सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लक्ष्य के सापेक्ष 10 युवक व 13 महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री सौंपी गई। खेल सामग्री पाकर युवा मंगल दलों के सदस्यों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक राजप्रसाद उपाध्याय राजबाबू व ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह ने किया। इस दौरान शासन की ओर से युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके बाद डींगुरपुर बनकेगांव, मुड़हा, पारसपट्टी, शेषपुर, लामा बनकठा, गौरा, नानेमऊ सहित दर्जनों ग्राम पंचायत के युवा व महिला मंगल दलों के सदस्यों को खेल सामग्री वितरित की गई। खेल सामग्री किट में 5 वॉलीवाल, 5 फुटवाल, 1 नेट, 3 स्कीपिंग रोप/ फिटनेश ट्यूब आदि रहा। विधायक राजबाबू उपाध्याय ने मंगल दल के सदस्यों को शारीरिक व मानसिक विकास के लिए व्यायाम व खेलों में नियमित रूप से जुडे.रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर बीडीओ श्यामनारायण चतुर्वेदी, बीओ पीआरडी सिंटू सिंह, गुड्डू उपाध्याय, अंकित मिश्र, प्रधान कृपाशंकर मिश्र, लवकुश सैनी, शीतल वर्मा, मुकेश तिवारी, डॉ. गयाप्रसाद, पिंटू सिंह, संजय चैहान, अनिरुद्ध यादव आदि मौजूद रहें।

सड़क सुरक्षा की बैठक संपन्न

रायबरेली ।अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रट सभागार में हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिनमें राजमार्गों पर अवैध रूप से निर्मित कटो, पेट्रोलिंग, पार्किंग व्यवस्था, हीट एवं रन के मामले, प्रवर्तन कार्यवाही, अतिक्रमण, ब्लैक स्पॉट, बाईपास निर्माण के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि सड़क सुरक्षा के लिए जो भी दिशा निर्देश दिए गए हैं उनका पालन कराया जाए। बारिश के मौसम में क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत कराई जाए। जहां पर निर्माण कार्य चल रहे हैं उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रहा रखा जाए। हिट एवं रन के मामले में संबंधित को तुरंत लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने स्कूल वाहनों के नियमित रूप से जांच करने की भी निर्देश दिए। कहा कि किसी भी विद्यालय में अनफिट वाहन न चलाया जाए।

मां के प्रति अटूट श्रद्धा की मिसाल, 18वीं पुण्यतिथि आज होगा कवियों का संगम

सुलतानपुर (वीओएल)। आज के जमाने में जहां युवा पीढ़ी माता पिता के चरण स्पर्श, आदर्शों, संस्कारों को भूलती जा रही है। वहीं जिले में संस्कृत के प्रखर वक्ता अनवरत 18 साल पूर्व से अपनी दिवंगत मां को चरण स्पर्श कर अपने दिनचर्या की शुरूआत कर उनके प्रति श्रद्धा का अटूट उदाहरण पेश कर रहे है। यही नहीं उनकी याद में हर वर्ष पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली सभा और काव्य पाठ का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे है।

जयसिंहपुर क्षेत्र के रूपिनपुर गांव के अजय सिंह अपनी मां के प्रति अटूट श्रद्धा का अनूठा उदाहरण पेश कर रहे हैं। रामबरन डिग्री कॉलेज, श्याम कुमारी गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज और अभय आईटीआई के संचालक अजय सिंह 18 साल पहले अपनी मां श्यामा देवी को खो चुके हैं। मां की स्मृति को जीवंत रखने के लिए उन्होंने कॉलेज प्रांगण में मां की मूर्ति स्थापित की है। 64 वर्षीय अजय सिंह प्रतिदिन सुबह कॉलेज पहुंचकर मां की मूर्ति के सामने नतमस्तक होते हैं। वह कहते हैं कि उनकी जीवन की हर उपलब्धि मां के आशीर्वाद का ही परिणाम है। हर वर्ष 26 सितंबर को श्यामा देवी की पुण्यतिथि पर कॉलेज में विशेष आयोजन होता है। इस दिन पूजन-अर्चन और भंडारे के साथ विशाल कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन किया जाता है। जिसमे जिले के गणमान्य लोग शामिल होते है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंगलवार को होने वाले कार्यक्रम में प्रदेश के प्रसिद्ध कवि, कवयित्रियां और शायर शिरकत करेंगे। जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि, अधिवक्ता और प्रख्यात चिकित्सक भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कांग्रेसी नेता के घर शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे सांसद

जगदीशपुर ,अमेठी ।वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व प्रधान का लगभग डेढ़ माह पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया था जहाँ अमेठी सांसद ने उनके आवास पर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त किया और हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया । जगदीशपुर विकास खण्ड के अंतर्गत स्थित पहाड़पुर मजरे गडरियाडीह गांव निवासी 105 वर्षीय वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हाजी मुनीर खां चार बार प्रधान व एक बार बीडीसी का भी चुनाव जीता जिनका छः जुलाई 2025 को देहान्त हो गया था ।जिसकी जानकारी होने पर सोमवार को अपने दो दिवसीय दौरे पर आए अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने उनके आवास पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल पूर्व एमएलसी दीपक सिंह हाजी सलाउद्दीन खां एडवोकेट पूर्व विधानसभा प्रत्याशी जगदीशपुर विजय पासी कामता प्रसाद मिश्रा मोहम्मद अकमल सतीश कुमार सिंह नेता अजीजुर्रहमान उर्फ रैहान सुल्तानपुरी सिराज कुरैशी सगीर कुरैशी सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

अमेठी । थाना क्षेत्र संग्रामपुर के अन्तर्गत दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। मामला पूरे पतऊ गांव निवासी अशोक कुमार यादव 22 वर्ष पुत्र राजकुमार यादव की चारा मशीन में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवारजन आनन-फानन में उसे मोटरसाइकिल से लेकर संग्रामपुर सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसी बीच जब तक पुलिस को सूचना दी जाती, परिजन शव को लेकर मोटरसाइकिल से घर रवाना हो गए। इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद यह मामला चर्चा में आ गया। सीएचसी प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि परिजन युवक को ब्राड डेड अवस्था में लेकर आए थे।

एपीके फाइल पर क्लिक करते ही पुलिस कर्मी हुआ साइबर ठगी का शिकार

यूपीआई के माध्यम से खाते से निकले 99 हजार रुपये

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। जिले में साइबर अपराधियों की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। अब पुलिसकर्मी भी इनके निशाने पर आ गए हैं। गोसाईगंज थाने में तैनात हेड कांस्टेबल विकास तिवारी का मोबाइल साइबर अपराधियों ने हैक कर 99 हजार रुपया निकाल लिया। इसके बाद उनके नंबर से परिचितों के नंबरों पर एपीके फाइल को आमंत्रण पत्र के रूप में भेजा जाने लगा।

करीब 20 दिन पहले सिपाही के मोबाइल पर एक शादी का कार्ड आया था, जिसको डाउनलोड करने के बाद फोन बार-बार हैंग करने लगा। सोमवार सुबह को उनके बैंक खाते से गूगल पे के माध्यम से 99 हजार रुपये की निकासी हुई। जानकारी के बाद उन्होंने तत्काल अपने खाते का लेनदेन ब्लॉक कराया। इसी बीच साइबर अपराधियों ने उनके नम्बर से कई परिचितों को फर्जी शादी का कार्ड भेज दिया। लंभुआ, जयसिंहपुर और मोतिगरपुर क्षेत्र में पहले भी दर्जनों लोग साइबर अपराधियों का शिकार हो चुके हैं। अब पुलिसकर्मियों को निशाना बनाए जाने से मामले ने गंभीर रूप ले लिया है। साइबर क्राइम इंस्पेक्टर आलोक सिंह ने बताया शादी के कार्ड, चालान, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना के नाम से कोई भी ऐसा कार्ड डॉट एपीके फाइल में आता है। उसको डाउनलोड न करें। जागरूकता से ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है।

सैरपुर व माल में 04 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

अपार्टमेंट समेत 03 अवैध निर्माण सील

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को माल व सैरपुर क्षेत्र में 04 अवैध प्लाटिंग ध्वस्त की गयीं। इसके अलावा गोमती नगर, गोसाईंगंज व चिनहट में 03 अवैध निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि शिव सिंह व अन्य की ओर से गोमती नगर के विराज खण्ड में 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण किया जा रहा था। इसी तरह पंकज सिंह, संदीप सिंह व अन्य की ओर से चिनहट में अयोध्या रोड स्थित आनंद लोक कालोनी में 150 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अपार्टमेंट का निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, राजेश तिवारी, अजय तिवारी व एपी सिंह की ओर से गोसाईंगंज में अहिमामऊ चौराहे के पास लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बहुमंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा था। अवैध तरीके से किये जा रहे इन तीनों निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम की ओर से सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-4 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि रामेश्वर यादव व अन्य की ओर से सैरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम-पलहरी में लगभग 20 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही उक्त अवैध प्लाटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी। जिसमें डेवलपर की ओर से स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि को ध्वस्त कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि माल के काकराबाद में कैलाश मिश्रा की ओर से 06 बीघा, बाबू चन्द्र की ओर से 05 बीघा और खान प्रॉपर्टीज के राजू खान, अरूण कुमार व अन्य की ओर से लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन तीनों अवैध प्लाटिंग को अभियान चलाकर ध्वस्त कर दिया गया।

छात्रा संख्या पांडेय का राज्य स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में चयन

सुलतानपुर (वीओएल)।कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन की कक्षा- 10 की छात्रा संख्या पांडेय ने तहसील व जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा उसका चयन मंडल स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी, अयोध्या के लिए हुआ था। जहां से उसका चयन राज्य स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी के लिए हुआ है। इस वर्ष विज्ञान संगोष्ठी का विषय है। क्वांटम युग का आरंभ, संभावनाएं और चुनौतियां। उसने संगोष्ठी में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया तथा भाषण व पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

संक्षेप

बंगालीघाट पर नहाते समय यमुना में डूबा किशोर

मथुरा। सोमवार दोपहर शहर के बंगाली घाट स्थित यमुना किनारे एक किशोर के यमुना में डूबने की खबर से घाट किनारे लोगों की भीड़ लग गयी। गोताखोर भी उसकी तलाश में लग गये। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गयी। तेज बहाव होने के चलते दो घंटे बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। इंस्पैक्टर कोतवाली देवपाल सिंह पुण्डीर का कहना है कि यमुना में बहे बालक के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पायी है।

सिर्फ उसके घाट किनारे मिले कपड़ों से उसके डूबने की बात उसके साथियों द्वारा कही जा रही है। वह भी यह बताने को तैयार नहीं हैं कि उनका यह साथी कहां का रहने वाला था। बताया गया कि आज दोपहर बंगालीघाट पर कुछ बच्चे यमुना में स्नान कर रहे थे, इसी दौरान 10-12 वर्षीय बच्चा तेज बहाव के चलते दो घंटे बाद तक नहीं चल सका पता तेज बहाव के चलते गहरे पानी में चला गया। उसके साथियों ने घाट किनारे से शोर मचाया तो लोगों की भीड़ लग गयी।

वृंदावन में बाढ़: श्याम कुटी में दो मंजिला मकान ढहा, 10 लोगों का परिवार बेघर

जिला संवाददाता

मथुरा। वृंदावन में यमुना नदी के उफान से वृंदावन क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है। श्याम कुटी मोहनी नगर में सोमवार को बाढ़ के पानी से कमजोर हुई दीवारें अचानक भरभराकर गिर गईं और एक मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। इस हादसे में मकान स्वामी और उनके परिवार के सदस्य मलबे में दबने से बाल बाल बच गए। मकान के गिरने से किसी तरह की कोई जनहानि नही हैं। लेकिन हादसे से पूरा परिवार गहरे सदमे में है।

पानी भरने से दीवारें हुईं कमजोर क्षेत्रवासियों के अनुसार कई दिनों से घरों के आसपास पानी भरा हुआ था। लगातार सीलन और जलभराव से मकान की दीवारें कमजोर हो गई थीं। सोमवार को अचानक दीवार और छत भरवरा कर गिर पड़ी। मकान के मलबे में दबने बच जिसके बाद में चीख पुकार मच गई । मकान के अंदर फंसे परिजनों को बाहर निकालने में आसपास के लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मकान स्वामी ने लगाई मदद की गुहार मकान स्वामी जवाहर लाल ने उनका मकान पत्नी के नाम पर है और उन्होंने लोन लेकर मकान बनवाया था लेकिन दो मंजिला मकान अब बाढ़ के पानी की वजह से डर गया है जिससे उनके परिवार के छोटे-बड़े 10 सदस्य और खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं पीड़ित मकान स्वामी जवाहरलाल ने प्रशासन से तत्काल राहत और पुनर्वास की मांग की है। उनका कहना है कि अब उनके पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं बचा है। परिवार के पास केवल वही घर था जो अब पूरी तरह जमींदोज हो चुका है। प्रशासन से तेज राहत कार्य की मांग स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से गुहार लगाई है कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए और राहत कार्यों को तेज किया जाए। श्याम कुटी और आसपास के मोहल्लों में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं और प्रशासन की त्वरित मदद उनके लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती है।

आगरा की महिला से दुष्कर्म करने वाला तांत्रिक गिरफ्तार

मथुरा। शादी के आठ साल तक संतान न होने की समस्या लेकर आयी महिला से तांत्रिक द्वारा किये गये बलात्कार की घटना में नौहझील पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गत दिनों महिला को उसकी ननद तांत्रिक मुश्ताक अली के पास लेकर गई थी। कथित तांत्रिक वतनदार नौहझील का रहने वाला था और कुछ वर्ष पहले रेलवे विभाग से रिटायर हुआ था। इसने कस्बे की मस्जिद के पास झाड़-फूंक व तंत्र-मंत्र का काम करने के लिये अपना ठिकाना बनाया हुआ था। घटना वाले दिन तांत्रिक महिला को कमरे में अकेले ले गया। इसी दौरान तांत्रिक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना से पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने मामला गंभीरता से लेते हुए आरोपी तांत्रिक को आज गिरफ्तार कर लिया।

वृन्दावन के गैस्ट हाउस में मृत मिली युवती

मथुरा। वृंदावन कोतवाली क्षेत्र के रुक्मणि बिहार क्षेत्र स्थित पुष्पांजलि बैकुंठ में संचालित श्रीजी मुकुंदम गेस्ट हाउस में मिली युवती की लाश के मामले में पुलिस ने आरोपी संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। उसी ने अपने साथी के सहयोग से युवती की गला दबाकर हत्या की थी।ज्ञात रहे कि गत 21 अगस्त की शाम गेस्ट हाउस की दूसरी मंजिल पर बने बाथरूम से पंजाब की रहने वाली 30 वर्षीय सुनीता पुत्री बलवीर निवासी बीपीओ चंदनखेड़ा फाजिल्का, पंजाब का शव बरामद हुआ था। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतका सुनीता करीब पांच दिन पहले इस गेस्ट हाउस में रुकी थी। उसे यहां तक लाने वाला अनिल था। चार-पांच दिन यहां रहने के दौरान वह गैस्ट हाउस संचालक सुनील के संपर्क में आयी। इसी दौरान महिला सुनील पर शादी का दबाव बनाने लगी।

सीडीओ की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

फिरोजाबाद। मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी को बताया गया कि जुलाई माह में कुल 53 व्यक्तियों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हुई, जिसमें 18 से 45 आयु वाले सर्वाधिक थे, दुर्घटना के कारणों में हाई स्पीड ओवर ड्रिंकिंग प्रमुख रहें, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नए ब्लैक स्पॉट का चयन करें और वहां होने वाली दुर्घटनाओं को कम करें, उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के किसी भी व्यक्ति को पेट्रोल न दिया जाए, साथ ही उन्होंने कहा कि मद्यपान करके वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए, शहर में जैन मंदिर चौराहा व नालबन्द चौराहें पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही व ई-रिक्शा द्वारा लगने वाले जाम पर सख्त कार्रवाई की जाए, मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि शहरी क्षेत्र में ई-रिक्शा का रूट मैप तैयार कर लिया गया है, यातायात नियमों के प्रति जागरूक किए जाने हेतु जनपद के स्कूल, कॉलेज और विद्यालयों में प्रत्येक माह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, साथ ही मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर चालकों के नशे में बसों के संचालक को रोकने हेतु रात में सुरक्षा अधिकारियों, सहायक सुरक्षा अधिकारियों एवं पेट्रोलिंग पार्टियों द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध वाहनों को सीज किया जा रहा है, एंबुलेंस सेवा 108 लगातार जनपद में संचालित है, जो एक लाख की आबादी एवं 15 किलोमीटर की दूरी पर मुख्य-मुख्य स्थान पर चिन्हित कर खड़ी की गई है, जिनका मानक रिस्पांस टाइम 15 मिनट है, साथ ही समस्त चिकित्सा अधीक्षकों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, कि सड़क दुर्घटना में मरीजों को कम समय सीमा में चिकित्सा सुविधा प्रदान करना सुनिश्चित करें तथा चिकित्सीय दृष्टि से मरीजों की गंभीर एवं अति गंभीर स्थिति में तत्काल प्राथमिक चिकित्सा तथा जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद एवं स्वशासी चिकित्सालय में तुरंत रेफर किया जाए, बैठक के दौरान एक्स0 ई0 एन0 पीडब्ल्यूडी, सहायक संभागीय प्रवर्तन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

नकली दवा मामले में 6 लोगों पर केस दर्ज

आगरा। नकली दवा के मामले में थाना कोतवाली में 6 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसमें दवा माफिया हिमांशु अग्रवाल के साथ रेलवे के पार्सल की ढुलाई का काम करने वाले दो भाई भी शामिल है। वहीं, रिश्वत मामले में दर्ज एफआईआर में हिमांशु अग्रवाल को विजिलेंस कोर्ट मेरठ भेज दिया गया है। वहीं, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। ड्रग विभाग और एसटीएफ ने 22 अगस्त को हे मां मेडिकोज के गोदाम पर छापा मारा था। यहां से भारी मात्रा में नकली दवाएं बरामद हुई थीं। इसके अलावा एसटीएफ ने हिमांशु अग्रवाल द्वारा चेन्नई से मंगाई गई नकली दवा से भरे एक लोडिंग ऑटो को भी पकड़ा था। इस ऑटो में 12 बोरे थे, जिसमें दवा भरी हुई थी। ऑटो चालक आकिर ने एसटीएफ को बताया था कि बोरों में लेदर है। उसने जो कागज दिखाए वो एमएस लॉजिस्टीक के नाम पर था। ऑटो चालक ने एसटीएफ को बताया कि वो सुल्तानपुरा में रहने वाले यूनिस और वारिस पुत्रगण खलील के लिए काम करता है। दोनों भाई रेलवे से आने वाले माल की ढुलाई करते हैं। वो पहले भी बंसल मेडिकोज और हे मां मेडिकोज के यहां पर दवा के पार्सल सप्लाई कर चुका है। चालक ने बताया कि उसके साथ में लड़ामदा निवासी फरहान और वारिस भी स्कूटी से आ रहे थे, लेकिन माल पकड़े जाने पर भाग गए। इसके अलावा पुलिस ने एफआईआर में लखनऊ के आसियाना सेक्टर एलडीए कॉलोनी के रहने वाले विक्की कुमार और आलमबाग के सुभाष कुमार को भी नामजद किया है। इनके नाम पर नकली दवा का बिल कटा था।

हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग में प्रकाश में आये अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना लाइनपार पुलिस टीम द्वारा थाना पर पंजीकृत हत्या के प्रयास में प्रकाश में आये अभियुक्त राहुल पुत्र राजकुमार निवासी मायाराम की टाल महताब नगर थाना लाइनपार को घटना में प्रयुक्त चाकू के साथ दतौंजी खुर्द से नया बाँस जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक का ?वाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

फर्जी दस्तावेज से महिलाओं के नाम पर लिया लोन, केस दर्ज

आगरा। फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले पूर्व कर्मचारी ने फर्जी दस्तावेजों से 6 महिलाओं के नाम पर 1.50 लाख से अधिक का लोन ले लिया। कई महिलाओं के घर जाकर किस्त की वसूली की। पुलिस उपायुक्त के आदेश पर ताजगंज पुलिस ने सात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पुष्पांजलि गोल्ड, ताजनगरी, फेज-2 ताजगंज स्थित धनकेंद्र माइको लेनदेन फाउंडेशन कंपनी की एमडी वंदना ने केस दर्ज कराया है। बताया कि उनकी कंपनी महिलाओं को लोन देती है।

पति हरेंद्र सिंह की कंपनी में ताजगंज के पाकटोला का साहिल श्रीवास्तव उर्फ सनी नौकरी करता था। लापरवाही करने पर उसे निकाल दिया। उन्हें 10 अक्तूबर 2024 को दुर्गा देवी के नाम से पत्र मिला। तब पता चला कि साहिल श्रीवास्तव उसकी उसकी पत्नी रश्मि श्रीवास्तव, छोटू, उमेश अस्थाना ने कंपनी को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से 6 महिलाओं के फर्जी दस्तावेज तैयार कर कंपनी से 1.50 लाख से अधिक का लोन ले लिया। रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। बाद में फील्ड के कर्मचारी से पता चला कि साहिल श्रीवास्तव उर्फ सनी के साथ में पहले रोबिन कुमार काम कर चुका है। उसने अपने साथी हरिओम व अन्य के साथ मिलकर लोन लेने वाली महिलाओं के घर जाकर किस्तों की वसूली की। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

संस्कृति विवि मोाईडेंस काउंसलिंग में भी डिप्लोमा करने का मिलेगा मौका

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय नित नए-नए और उपयोगी पाठ्यक्रमों को अपने नए सत्र के लिए कैरीकुलम में शामिल कर रहा है। हाल ही में शिक्षा मंत्रालय ने वर्तमान पीढ़ी में बढ़ते तनाव के स्तर को स्वीकार किया है और शैक्षणिक दबाव, सामाजिक अपेक्षाएँ और करियर की अनिश्चितताओं को इनका प्रमुख कारण बताया है। मार्गदर्शन एवं परामर्श में डिप्लोमा इन जरूरी जरूरतों के प्रत्यक्ष समाधान के रूप में तैयार किया गया है और यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मूल्यों और दृष्टिकोण पर आधारित है।

संस्कृति विवि के कुलपति ने बताया कि इसकी अवधि एक वर्ष होगी और इंटरैक्टिव सत्र द्विभाषी मोड में ऑनलाइन होंगे। यह शिक्षकों, इच्छुक परामर्शदाताओं और चिंतित अभिभावकों को आज के युवाओं की जरूरतों को समझने और उनका समाधान करने के लिए आवश्यक योग्यता प्रदान करने में मदद करेगा।

शिक्षक और शिक्षाविद अपनी कक्षाओं में पढ़ाते समय परामर्श कौशल का उपयोग करने में कुशल बनेंगे, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करेंगे और परामर्श के क्षेत्र में अपना करियर बना सकेंगे। यह उन्हें भावनात्मक समर्थन के साथ युवाओं के व्यवहार को सही दिशा में बदलने में भी मदद करेगा।

आजकल इसकी बहुत आवश्यकता है क्योंकि युवा कभी-कभी यह तय नहीं कर पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए और गलत आदतों में लिप्त हो जाते हैं। आजकल हर शैक्षणिक संस्थान, उद्योग, निगम को न केवल अपने छात्रों के लिए, बल्कि अपने कर्मचारियों के लिए भी परामर्शदाताओं की आवश्यकता होती है, इसलिए यह डिप्लोमा परामर्शदाता की नौकरी पाने में भी आपकी मदद करेगा।

बंदरों की समस्या के लिए अनूठा उपाय, श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर बन्दरों के हमले हुए कम

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर श्रद्धालुओं पर बन्दरों के हमले को रोकने के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान द्वारा किये गये प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। जन्मस्थान पर कई समूह में बन्दर निवास करते हैं लेकिन यदाकदा की घटना छोड दी जाये तो बन्दरों से श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा नहीं हो रही है।

इस संबंध में जानकारी देते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में सघन वृक्षावली एवं विशाल होने के कारण बड़ी संख्या में बन्दर निवास कर रहे हैं। पूर्व में श्रद्धालुओं के मध्य इन बन्दरों के समूह को देखकर भय बना रहता था एवं बन्दरों के द्वारा की जाने वाली छीना-झपटी के कारण कई श्रद्धालु गिरकर चोटिल भी हो रहे थे। चूँकि परिसर में खुली खाद्य सामग्री का निरन्तर बिक्रय गर्म-गृह के समीप हो रहा है। अतः आसान भोजन की तलाश में बन्दरों का झुण्ड श्रीकेशवदेव जी एवं श्रीगर्भ-गृह मंदिर के आसपास ही मडराता था। बन्दरों की समस्याओं से निजात पाने के लिए समय-समय पर लंगूरों की सेवा भी ली गयी लेकिन कोई विशेष लाभ नहीं हुआ, साथ ही बन्दरों को श्रद्धालुओं से दूर रखने के लिए कर्मचारियों को भी लगाया गया जिसका कोई विशेष लाभ इस समयस्या में नहीं मिला। गहन चिन्तन के बाद संस्थान द्वारा बन्दरों को श्रद्धालुओं के आवागमन के स्थान से दूर केशव वाटिका के प्राचीन कूप, गौशाला एवं आयुर्वेद भवन के पीछे खुले स्थान पर पर्याप्त मात्रा में रोटी, सब्जी, फल, मूँगफली, चना आदि खाद्य पदार्थ देने शुरू किये। भरपेट भोजन एवं वृक्षों की छांव से तृप्त अधिकांश बन्दरों के स्वभाव में आशातीत परिवर्तन दिखाई दिया है।

जिन बन्दरों के समूह बारी-बारी से परिसर में बिक रही खुली खाद्य सामग्री को छीनने के लिए श्रीगर्भ-गृह, श्रीकेशवदेव एवं लीलामंच प्रांगण में मंडराते रहते थे वह अब अधिकांश भोजन के बाद विश्राम की अवस्था में रहते हैं।श्री शर्मा ने आगे बताया कि वृक्षों के कटान, वनों में भोजन की कमी के कारण बन्दर का वनों से पलायन हो रहा है जिन बन्दरों को पकड़कर वनों में छोड़ा जा रहा है वह मी लम्बे समय तक भोजन के आभाव में वनों में न रहकर आबादी की ओर रूख कर रहे है। बिना पर्याप्त भोजन आदि की व्यवस्था के बन्दरों को छोड़ दिया जाये तो बन्दरों का वही या कोई दूसरा समूह उस स्थान पर आ जायेगा। यह समस्या सिर्फ ब्रज में ही नहीं अपितु जहाँ भी पर्यटकों अथवा श्रद्धालुओं का आवागमन है उस मार्ग पर बड़ी संख्या में बन्दर, लंगूर आदि सड़क के किनारे बैठकर भोजन की आस करते हैं। ऐसे दृश्य सभी जगह देखने को मिल रहे हैं। जिस प्रकार वृन्दावन के बन्दरों ने भोजन प्राप्ति के लिए एक तरीका खोजा है।

घर से चोरी करके भाग रहे युवक को पकड़ा

टूंडला। घर में चोरी करके भाग रहे गांव के युवक को पड़ोसियों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़ि ?त ने घर में चोरी करने वाले युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव धीरपुरा निवासी हैतसिंह रविवार रात्रि 10.10 बजे अपने परिवार के सा ?थ सो रहे थे। तभी उन-?हें घर के अंदर से आ रही आवाज सुनाई दी। उन-?होंने उठकर देखा तो उनके घर के अंदर से उन-?हीं के गांव निवासी रामब्रेस निकलकर भागा। उनके जोर से चिल ?लाने पर पड़ोस के जंगबहादुर, अनिल कुमार व जितेंद्र कुमार आ गए। पड़ोसियों की मदद से उन-?होंने चोर को पकड़ लिया। उन-?होंने घर में जाकर देखा तो उनकी अलमारी खुली पड़ी थी। अलमारी में रखे 1170 रुपये गायब थे। तथा उनके बिस-?तर के सिराने रखे सादा मोबाइल व एक घड़ी चोर की तलाशी के उपरांत मिली। पी ?ड़ित हैतसिंह ने पड़ोसियों के साथ मिलकर आरोपी रामब्रेस को पुलिस को सौंप दिया। थाना प्रभारी रमित कुमार आर्या का कहना है कि पी ?ड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका ने 58 बंदरों को पकड़कर जंगल छोड़ा

शिकोहाबाद। नगर को बंदरो के आतंक से छुटकारा दिलाने के लिए सोमवार को बरसात के बीच नगर पालिका व फिरोजाबाद के कैचरों द्वारा मोहल्ला प्रोफेसर कॉलोनी में अभियान चलाया। बंदर कैचरों ने बड़े बड़े पिजरे रखकर अभियान शुरू किया। इस दौरान करीब 5 दर्जन बंदरो को पकड़ लिया गया। टीम ने सभी बंदरो को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।नगर क्षेत्र में विगत कई वर्षों से बंदरो की संख्या में अत्यधिक वृद्धि हो गई। जिसके कारण बंदरो का आतंक बढ़ता जा रहा है। नगर क्षेत्र ही नही आसपास के गांव तक बंदरो का आतंक बढ़ गया है। बंदर खाने के चलते लोगों पर हमलाकर लहूलुहान कर रहे हैं। कई बार तो लोग बंदरो के हमले से बचने के लिए छत से नीचे गिर गए। बढ़ते हुए बंदरो के आतंक से मुक्ति दिलाने के लिए नगर पालिका ने बंदरो को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान अब तक 400 से अधिक बंदरो को पकड़कर जंगलों में छोड़ा जा चुका है।

जिससे नगर क्षेत्र में बंदरों की कमी देखी जा रही है। सोमवार को नगर पालिका की टीम ने फिरोजाबाद के कैचरों की सहायता से प्रोफेसर कॉलोनी में अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने 58 बंदरो को पकड़ लिया। टीम ने बरसात के मध्य अभियान को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। टीम ने पकड़े गए सभी बंदरो को जंगल में छोड़ दिया। इस बारे में एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि नगर पालिका ने 58 बंदरो को पकड़ा है। जब तक ज्यादातर बंदर पकड़े नही जाते तब तक यह अभियान जारी रहेगा।

गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे मूर्तिकार

मथुरा। गणेश चतुर्थी को लेकर गणेश भक्तों में भारी उत्साह है। गणेश मंदिरों में तैयारियां चल रही हैं। मंदिरों को सजाया जाएगा। अभी साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम चल रहा है। शहर के प्रमुख दसभुजी गणेशमंदिर असकुंडा स्थित मोटे गणेश मंदिर, जयसिंह पुरा गणेश टीला पर स्थित गणेश मंदिर के अलावा जनपद भर में स्थापित गणेश जी के मंदिरों में चतुर्थी पर्व श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाएगा। अब ब्रज में भी गणेशजी के पंडाल सजाये जायेंगे।

ढोल-तांशों के बीच स्थापना शुरू हो जाएगी। अभी से पंडाल बनने की तैयारियां चल रही हैं। गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

गणेश जी का पट्टी पूजन शिक्षण संस्थानों में पहले मनाया जाता था, धीरे-धीरे यह परंपरा शून्य हो गई है। पट्टियों से पढ़ाई ही नहीं होती इसलिए पट्टी पूजन बंद हो गया है। दूसरी ओर गणेश चतुर्थी को लेकर गणेश प्रतिमाएं बनाने का काम तेजी से चल रहा है। मूर्ति बनाने वाले कलाकार एक से एक आकर्षक गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं।

तरह-तरह के रंग से प्रतिमाओं को सजाया संवारा जा रहा है। बाजारों में बिक्री के लिए भेजा गया है। अंबाखार में गणेश प्रतिमाएँ बनाने वालों के यहां खरीददारों का मेला लगा हुआ है। लोग गणेश प्रतिमाएं खरीदने के लिए उत्सुक नजर आए। बाजारों में प्रतिमाएं आ गई हैं। कलाकार ने बताया कि 250 रुपये से लेकर 7500 तक की प्रतिमाएं बाजार में बिक्री के लिए मौजूद हैं। गणेश उत्सव की धूम अभी से नजर आने लगी है।

आय व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग

टूंडला। नगर में प्रत्येक वर्ष रामलीला कमेटी रामलीला आयोजन और रामबरात निकालने को लेकर नगर के व्यापारियों दुकानदारों और नगर वासियों से लाखों रुपए का चंदा इकट्ठा करती है।

मगर कभी इस चंदे के आय व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया। नगर में एक बार पुनः रामलीला कमेटी का गठन होने पर नगर में प्रत्येक वर्ष इकठ्ठा किए गए चंदे को लेकर चचाएं शुरू हो रही हैं।

नगर के लोग चर्चा कर रहे हैं कि पिछले कई वर्षो से कमेटी द्वारा चंदा इकट्ठा किया जा रहा है, वहीं मेला में लगने वाली दुकानों से मोटा पैसा वसूल किया जाता है, जिसमें कितना पैसा कमेटी खर्च करती हैं, कितनी आय होती है, और उस आय का क्या होता है, कहां किसके पास है, ये सब ब्यौरा कमेटी को सार्वजनिक करना चाहिए। कमेटी के लोग मीडिया में बिना सूचना प्रसारित किए और बिना किसी को सूचना दिए मनमाने तरीके से आपस में ही कमेटी का गठन कर लेते है, जिसकी जानकारी कमेटी गठन होने के बाद लोगों को मालूम पड़ता है।

यूपी में मरीजों ने खा ली करोड़ों की नकली दवा

जिला संवाददाता

आगरा। शहर में नकली दवाओं के कारोबार का पदार्फाश हुआ है। दवा माफिया ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से सेनोफी कंपनी के क्यूआर कोड की सुरक्षा तोड़कर नकली दवाएं बाजार में खपा दीं। जांच में पाया गया कि 29 हजार स्ट्रिप पर एक जैसा क्यूआर कोड है। टीम ने पांच कंपनियों की 14 दवाओं के नमूने लिए हैं। नकली दवाओं पर रोक के लिए दो वर्ष पहले 300 तरह की दवाओं के लिए क्विक रेस्पोंस (क्यूआर) कोड अनिवार्य किया गया था।

● दवा माफिया ने अक की मदद से तोड़ा दफ कोड, और बाजार में खपा दी लाखों रुपये की नकली दवा

दवा के हर पत्ते (स्ट्रिप) के लिए क्यूआर कोड अलग होता है। क्यूआर कोड को स्कैन करने पर दवा निमार्ता कंपनी, उसका पता साल्ट, निर्माण की तिथि से लेकर एक्सपायर तिथि का पता चल जाता है। ये कंपनी की वेबसाइट से जुड़ा होता है, इसे नकली बनाना मुश्किल है। मगर, दवा माफिया ने आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस (एआइ) की मदद से मल्टी नेशनल कंपनी सेनोफी के क्यूआर कोड की सुरक्षा को तोड़ दिया। एक ही क्यूआर कोड से लाखों की नकली दवाएं तैयार कर बाजार में खपा दीं। औषधि विभाग और एसटीएफ की टीम ने 2.97 लाख ऐलेग्रा टैबलेट जब्त की गईं, एक स्ट्रिप में 10 टैबलेट होती हैं। 29 हजार स्ट्रिप के क्यूआर कोड की कंपनी ने जांच की। सहायक औषधि आयुक्त नरेह मोहन दीपक ने बताया कि सेनोफी कंपनी के अधिकारियों की जांच में 29 हजार स्ट्रिप पर एक जैसा क्यूआर कोड मिला, इसे स्कैन करने पर सीधे कंपनी की वेबसाइट के माध्यम से निर्माण की तिथि से लेकर अन्य ब्योरा एक जैसा ही मिला। पूछताछ में एआइ की मदद से क्यूआर कोड ब्रेक करने के बारे में पता चला है, क्यूआर कोड को आसानी से कापी नहीं किया जा सकता है। जबकि हर स्ट्रिप पर अलग अलग ब्योरा होता है। इसी तरह से अन्य कंपनियों की दवाओं पर भी क्यूआर कोड स्कैन करने पर एक जैसा ब्योरा मिल रहा है। ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल के जीएम ब्रांड प्रोटेक्शन विवेक गौड़ ने बताया कि जिस तरह से क्यूआर कोड स्कैन करने पर कंपनी का ब्योरा मिल रहा है उससे सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। असली और नकली दवा की पहचान के लिए क्यूआर कोड अनिवार्य किया गया था लेकिन जब एक जैसा क्यूआर कोड लाखों दवाओं पर मिल रहा है तो अब होलोग्राम सहित अन्य विकल्पों पर दवा कंपनियां विचार करेंगी, जिससे असली और नकली दवा को पकड़ा जा सके। टीम ने जाइडस, सन फार्मा, यूएसवी, ग्लेनमार्क और सेनोफी कंपनी की दवाओं के नमूने जांच करने को लिए हैं, 214 कार्टन दवाएं जब्त की हैं। क्लोप पी क्रीम, काम्प्लेमिना रिटायर 500 एमजी, डेरोनेम ईआर, डेरोबिन टैबलेट, ऐलेग्रा 120, ऐलेग्रा एम, ओसिड कैप्सूल, रोसावास 20, रोसावास 40, माक्स किड, माक्स सीवी 625, माक्स 250, कैंडिड एक्टिव क्रीम के नमूने लिए गये है। कई वर्षो से नकली दवा की बिक्री थोक दवा मार्केट से की जा रही थी। मेडिकल स्टोर से करोड़ों की नकली दवा खरीद कर मरीज खा चुके हैं। 10 रुपये की नकली दवा तैयार कर 100 रुपये में बिक्री की जा रही थी। इसके बाद भी औषधि विभाग की टीम ने हे मां मेडिको से नियमित जांच में नमूने तक नहीं लिए। इससे दवा की गुणवत्ता की जांच कराई जा सके।

अवैध गांजा सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त सुनील पुत्र गंगाराम निवासी सुदामा नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद को मय 475 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया, पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी के आधार पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है।

लोहे के तार से युवक ने लगाया फंदा, मौत

टूंडला। पारिवारिक क्लेश से परेशान एक किसान ने अपने गांव के बाहर जाकर शीशम के पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिलाअस्पताल भेजा है।

थाना नगला सिंघी क्षेत्र के गांव धीरपुरा निवासी कैलाश चंद्र (35) ने पारिवारिक क्लेश के चलते गांव के बाहर जाकर एक लोहे के तार से शीशम के पेड़ से फंदा लगा लिया। मृतक अपनी खेती को करता था। मृतक के भाई की कुछ समय पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। ग्रामीणों से पूछताछ करने पर बताया कि मृतक को नशे की लत थी। कैलाश चंद्र ने घर में क्लेश के चलते दोपहर तीन बजे पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। तभी वहां अपने खेतों पर पशुओं को चरा रहे किसानों ने देख लिया।

मृतक का शव पेड़ पर लटक रहा था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। तथा शव को पेड़ से नीचे उतारकर पोस-?टमार्टम के लिए जिलाअस्पताल भेज दिया। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी रमित कुमार आर्या का कहना है कि नगला सिंघी क्षेत्र के गांव धीरपुरा में एक युवक द्वारा फंदा लगाए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब ?जे में लेकर पोस-?टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही पुलिस जांच में जुटी है।

संक्षेप

कोका कोला के बॉटलिंग पार्टनर्स ने किया लॉजिस्टिक नेटवर्क को मजबूत

नयी दिल्ली। कोका-कोला अपने बॉटलिंग पार्टनर्स के साथ मिलकर देश में 5,000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का एक बड़ा नेटवर्क तैयार कर रही है। यह कदम 'ग्रीन लॉजिस्टिक्स' यानी पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। इस पहल से पूरे भारत में कोका-कोला के प्रॉडक्ट्स आसानी से पहुंचेंगे, साथ ही रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। यह निवेश भारत में कोका-कोला की तरक्की और समाज के प्रति उसकी ज़िम्मेदारी को भी दिखाता है। कोका-कोला के उत्पाद रोजाना शहरी और ग्रामीण इलाकों में, हजारों किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। इस काम को संभव बनाने के लिए हजारों ट्रक ड्राइवर दिन-रात मेहनत करते हैं। ये ड्राइवर सुनिश्चित करते हैं कि लोगों तक कोका-कोला के पेय समय पर पहुँचें। जैसे-जैसे कंपनी अपने ट्रकों का नेटवर्क बढ़ा रही है, वैसे-वैसे और भी लोगों को नौकरी मिल रही है। इस तरह, कोका-कोला भारत में लोगों को रोजगार देने और सप्लाई चेन को मजबूत बनाने में एक अहम भूमिका निभा रहा है।

फ्लिपकार्ट ने वर्कफोर्स एवं डिलीवरी नेटवर्क को दिया विस्तार

बंगलुरु। द बिग बिलियन डेज की ओर कदम बढ़ा रहा है और इसे देखते हुए भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने बढ़ी हुई डिलीवरी को दृढ़ता एवं सटीक तरीके से पूरा करने के लिए अपने लोगों, पार्टनर्स एवं देशव्यापी लॉजिस्टिक्स को गति देना शुरू कर दिया है। त्योहारी सीजन की ओर कदम बढ़ाते हुए फ्लिपकार्ट 28 राज्यों में रोजगार के अवसरों, इन्फ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी को अपनाने की प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। रोजगार के 2.2 लाख से ज्यादा नए अवसर सृजित करते हुए, अंतिम छोर तक पहुंच बढ़ाते हुए और टियर 2 व टियर 3 शहरों में नियुक्ति की समावेशी प्रक्रिया को बढ़ावा देते हुए इस साल फ्लिपकार्ट ने इकोसिस्टम को ध्यान में रखते हुए विस्तार का कदम उठाया है।

डॉमिसिल जर्मनी ने पेश किये सिग्नेचर सोफा

नोएडा। डॉमिसिल जर्मनी ने आधुनिक घरों की जरूरतों के मद्देनजर अपने सिग्नेचर सोफा कलेक्शन को टीक ट्राइब राजधानी में पेश किया है। आधुनिक लाइफस्टाइल के मद्देनजर इस कलेक्शन में सुविधा, कारीगरी और पर्सनलाइजेशन को ध्यान में रखकर सीटिंग सॉल्यूशंस को शामिल किया गया है। कलेक्शन उन लोगों के लिए उपयुक्त हैं जो आगामी त्योहारों के अवसरों पर अपने घरों में जुड़ने वाली महफिलों और उत्सवों को ध्यान में रखकर अपने इंटीरियर को नया लुक देने का इरादा रखते हैं। कलेक्शन में लैदर और फैब्रिक दोनों प्रकार के सोफे शामिल हैं।

दोपहिया वाहन खंड में छह से नौ प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद

नयी दिल्ली। घरेलू दोपहिया वाहन खंड में चालू वित्त वर्ष 2025-25 में सालाना आधार पर छह से नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह बात कही। रिपोर्ट में कहा गया स्थिर प्रतिस्थापन (रिप्लेसमेंट) मांग, शहरी खपत में सुधार, सामान्य मानसून से ग्रामीण आय में वृद्धि तथा मालएवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में संभावित कमी से वृद्धि को समर्थन मिलने की संभावना है। इक्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उद्योग का परिदृश्य सकारात्मक बना हुआ है, जिसे अनुकूल मांग से सहायता मिलेगी तथा अनुमानित जीएसटी कटौती से वृद्धि को गति देने के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन मिल सकता है। इसमें कहा गया कि जुलाई, 2025 में दोपहिया वाहनों की घरेलू थोक बिक्री सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 15 लाख इकाई हो गई। मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) ने आगामी त्योहारों से पहले आपूर्ति में सुधार किया है। इक्रा ने कहा कि पिछले महीने खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत की कमी आई, क्योंकि कमजोर शहरी मांग एवं भारी वर्षा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आवाजाही प्रभावित हुई जिससे बिक्री पर असर पड़ा। इसमें कहा गया कि निर्यात में लगातार वृद्धि हो रही है तथा जुलाई में इसमें वार्षिक आधार पर 32 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। इस बीच, इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों (ई2डब्ल्यू) की बिक्री क्रमिक आधार पर धीमी रही। यह जुलाई में दो प्रतिशत घटकर ।,02,900 इकाई रही। समग्र दोपहिया वाहन खंड में ई2डब्ल्यू की पहुंच छह से सात प्रतिशत के दायरे में स्थिर रही।

सेंसेक्स में 329 अंकों की उछाल

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त में रहे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के बीच आईटी और वाहन शेयरों में भारी लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 329 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 98 अंक के लाभ में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 329.06 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 81,635.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 492.21 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 97.65 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 24,967.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इन्फोसिस का शेयर सबसे ज्यादा 3.03 प्रतिशत चढ़ा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 2.85 प्रतिशत, एचसीएल टेक 2.6 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 1.32 प्रतिशत के लाभ में रहा। इसके अलावा, टाटा मोटर्स, सन फार्मा, मारुति और टाइटन प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। सितंबर में फेडरल रिजर्व की प्रमुख नीतिगत दर में कटौती और उसके बाद अमेरिका में 10-वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट की संभावना से घरेलू बाजार में सोमवार को तेजी रही। अनुकूल वैश्विक धारणा के चलते आईटी सूचकांक का प्रदर्शन बेहतर रहा। उन्होंने कहा, उपभोग मांग को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित जीएसटी सुधारों से घरेलू रुख सकारात्मक बना हुआ है और अच्छा मानसून वैश्विक व्यापार परिवेश में किसी भी अनिश्चितता से निपटने में मददगार हो सकता है। बाजार ने सप्ताह की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ की और अनुकूल वैश्विक संकेतों के चलते लगभग आधा प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अगले महीने ब्याज दरों में संभावित कटौती के संकेत से निवेशकों का उत्साह बढ़ा है, जिससे उभरते बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ी। मझोली कंपनियों से जुड़े बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.10 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई, जबकि छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप में 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार में शुक्रवार को तेजी रही।

रुपया छह पैसे गिरकर 87.58 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती बढ़त गंवाकर छह पैसे की गिरावट के साथ 87.58 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत के खिलाफ अतिरिक्त शुल्क लगाने की समयसीमा नजदीक आने और फेडरल रिजर्व की 17 सितंबर की बैठक से पहले आने वाले अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों को देखते हुए निवेशक सतर्क थे।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.38 पर बढ़त के साथ खुला। बाद के कारोबार में रुपये ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.34 के ऊपरी स्तर और 87.61 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 87.58 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 27 पैसे गिरकर 87.52 पर बंद हुआ था। भारत पर अमेरिकी शुल्क के कारण रुपया लगातार दबाव में है, जिससे डॉलर के मुकाबले अन्य मुद्राओं के मजबूत होने के बावजूद बाजार की धारणा प्रभावित हो रही है। इसके अलावा तेल आयातक लगातार डॉलर खरीद रहे हैं, जिससे रुपये पर दबाव पड़ रहा है। भंसाली ने कहा, फिच ने ऋण कमजोरी, उच्च राजकोषीय घाटा, ऋण भुगतान और उच्च अमेरिकी शुल्क का हवाला देते हुए भारत के लिए बीबीबी नकारात्मक रेटिंग को कायम रखा है। भारत के 10 वर्षीय बॉन्ड का प्रतिफल भी लगातार बढ़ रहा है। इनके बीच रुपये के लिए अच्छी बोली लगी। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.24 प्रतिशत बढ़कर 97.95 पर पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल ने हाल में नरम रुख अपनाने की बात कही थी, जिससे डॉलर को समर्थन मिला। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.41 प्रतिशत बढ़कर 68.01 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को ।,622.52 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

विविध ईपीसी कंपनियों का राजस्व चालू वित्त वर्ष में 9-11 प्रतिशत बढ़ेगा

नयी दिल्ली। विविध इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) कंपनियों के राजस्व में चालू वित्त वर्ष 2025-26 में नौ से 11 प्रतिशत की मामूली वृद्धि का अनुमान है।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि बड़ी एवं विविध ईपीसी कंपनियों के लिए राजस्व में यह वृद्धि बुनियादी ढांचा पूंजीगत व्यय में स्थिर बढ़ोतरी, मजबूत ऑर्डर बुक और अनुकूल ऑर्डर मिश्रण के साथ परियोजना के तेज क्रियान्वयन के दम पर होने की उम्मीद है। क्रिसिल रेटिंग्स के अध्ययन में 15 ईपीसी कंपनियों को शामिल किया गया जिनका गत वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना राजस्व 3.15 लाख करोड़ रुपये था। रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि इन कंपनियों का भविष्य सरकार एवं निजी क्षेत्र की संस्थाओं के पूंजीगत व्यय से जुड़ा हुआ है। केवल बुनियादी ढांचे पर पूंजीगत व्यय भारत के कुल पूंजीगत व्यय का 75 प्रतिशत है। इसके अलावा, कुछ ईपीसी कंपनियों ने विभिन्न बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में अवसरों का लाभ उठाने के लिए विदेशों में भी विस्तार किया है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा के चालू वित्त वर्ष में कुल घरेलू बुनियादी ढांचा पूंजीगत व्यय सात से नौ प्रतिशत बढ़ने के आसार हैं जो केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा स्थिर बजटीय आवंटन और निजी क्षेत्र की भागीदारी में मामूली वृद्धि से प्रेरित है।

सोना टूटकर 100,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

नयी दिल्ली। वैश्विक बाजारों में मंदी के रुख के अनुरूप स्टॉकिस्ट की बिकवाली के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये टूटकर ।,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत ।,00,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 150 रुपये टूटकर 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह ।,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक

(जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, डॉलर में तेजी और बॉन्ड प्रतिफल में सुधार के कारण सोमवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। संघ के अनुसार, इस बीच चांदी की कीमतें ।,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर स्थिर रहीं। गांधी ने कहा कि शुरुआती बेरोजगारी दावों और पीसीई मुद्रास्फीति सहित प्रमुख अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़े महत्वपूर्ण होंगे। व्यापारियों का मानना है कि ये सभी आंकड़े इस सप्ताह सर्राफा कीमतों को प्रभावित करेंगे। वैश्विक बाजारों में, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,363.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। सोने में सोमवार को गिरावट देखी जा रही है और अगर अमेरिकी रोजगार बाजार कमजोर होता है, तो ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ने के साथ इसके सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की उम्मीद है।

हाजिर चांदी भी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38.78 डॉलर प्रति औंस रह गई।

इरेडा का अपनी परिचालन आय को 8,200 करोड़ पर पहुंचाने का लक्ष्य

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अपनी परिचालन आय सालाना आधार पर 21 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के साथ 8,200 करोड़ रुपये करना है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि गत वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की परिचालन आय 6,743.32 करोड़ रुपये रही थी।

बयान के अनुसार, इरेडा ने सोमवार को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के साथ एक प्रदर्शन-आधारित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। इसमें वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रणनीतिक लक्ष्यों की रूपरेखा दी गई है। एमएनआरई और इरेडा के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एमएनआरई सचिव संतोष कुमार सारंगी और इरेडा के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन के तहत भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8,200 करोड़ रुपये की परिचालन आय का लक्ष्य निर्धारित किया है। इरेडा ने वित्त वर्ष 2024-25 में 6,743.32 करोड़ रुपये की परिचालन आय दर्ज की थी जो उसके निर्धारित लक्ष्य 5,957 करोड़ रुपये से अधिक है।

फिच रेटिंग्स ने भारत की साख को बीबीबी पर कायम रखा

नयी दिल्ली। फिच रेटिंग्स ने वृद्धि दर एवं बाह्य मोर्चे पर मजबूत वित्तीय स्थिति के साथ भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- पर बरकरार रखा है।

भारत पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क से चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 6.5 प्रतिशत वृद्धि दर अनुमान पर मामूली नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। फिच ने कहा कि यदि प्रस्तावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार अपनाए जाते हैं, तो इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा तथा वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएंगे। केंद्र ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रिसमूह के समक्ष योज्ञता और मानक वस्तुओं व सेवाओं के लिए पांच और 18 प्रतिशत की द्वि-स्तरीय कर संरचना के साथ ही पांच से सात वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की दर का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव में मौजूदा 12 और 28 प्रतिशत कर स्लैब को समाप्त करना शामिल है। फिच ने कहा कि भारत की रेटिंग को उसकी मजबूत वृद्धि और ठोस बाह्य वित्तीय स्थिति का समर्थन प्राप्त है। बीबीबी- सबसे निचली निवेश श्रेणी की रेटिंग है। यह रेटिंग वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी द्वारा भारत की साख रेटिंग को एक पायदान बढ़ाकर बीबीबी करने के एक पखवाड़े के भीतर आई है। गौरतलब है कि एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 14 अगस्त को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बीबीबी- से बढ़ाकर बीबीबी कर दिया था। एसएंडपी ने 18 वर्ष में पहली बार भारत की साख को बढ़ाया है। एक अन्य वैश्विक रेटिंग एजेंसी मॉर्निंग डीबीआरएस ने इस वर्ष मई में संरचनात्मक सुधारों का हवाला देते हुए भारत की रेटिंग बढ़ाकर बीबीबी कर दी थी। एजेंसी ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेल उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 के समान है और 2.5 प्रतिशत के बीबीबी औसत से काफी ऊपर है। इसने कहा कि भारत का आर्थिक परिदृश्य समकक्ष देशों की तुलना में मजबूत बना हुआ है, हालांकि पिछले दो वर्ष में इसकी गति धीमी हुई है। एजेंसी ने कहा कि इसमें मजबूत सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, निजी निवेश में वृद्धि और अनुकूल जनसांख्यिकी के कारण मध्यम अवधि में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि क्षमता का अनुमान लगाया गया है। यदि प्रस्तावित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार अपनाए जाते हैं, तो इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा तथा वृद्धि संबंधी कुछ जोखिम कम हो जाएंगे। रेटिंग एजेंसी ने हालांकि बीबीबी वर्ग के देशों की तुलना में उच्च घाटे और कर्ज का हवाला देते हुए फिच ने राजकोषीय मोर्चे पर चिंता जाहिर की है।

शुल्क, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच वृद्धि पर है आरबीआई की नजर: मल्होत्रा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि शुल्क अनिश्चितताओं एवं भू-राजनीतिक चिंताओं से उत्पन्न चुनौतियों के बीच निवेश को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट तथा बैंकों को एक साथ आने की जरूरत है। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्रीय बैंक अब भी वृद्धि के लक्ष्य पर नजर गड़ाए हुए है।

वार्षिक फिबैक कार्यक्रम में यहां गवर्नर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका और भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों के बीच जारी बातचीत से ऐसा निर्णय निकलेगा जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था पर शुल्क का प्रभाव न्यूनतम हो जाएगा। भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने के

अमेरिकी कदम और कपड़ा आदि पर इसके संभावित प्रभाव को लेकर चिंताओं के बीच मल्होत्रा ने भरोसा दिलाया कि यदि अर्थव्यवस्था के कुछ वर्गों को परेशानी होती है तो क्षेत्र-विशेष को मदद दी जाएगी। मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि कि मौद्रिक नीति में मुद्रास्फीति एवं वृद्धि दोनों की गतिशीलता को ध्यान में रखा जाएगा और कहा, हम भू-राजनीतिक मोर्चे और शुल्क से उत्पन्न चुनौतियों के साथ एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। साथ ही आर्थिक विस्तार सुनिश्चित करने के तरीकों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ऐसे समय में जब बैंकों एवं कॉरपोरेट के बही-खाते अपने सबसे अच्छे स्तर पर है, उन्हें एक साथ आना चाहिए और निवेश चक्र बनाने की भावना को बढ़ावा देना चाहिए, जो इस समय बेहद महत्वपूर्ण है। मल्होत्रा ने कहा कि वित्तीय स्थिरता और मूल्य स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने से वृद्धि में कोई बाधा नहीं आती है। साथ ही वित्तीय स्थिरता एवं वृद्धि के बीच कोई संघर्ष नहीं है।

पेज एक का शेष

मिग-21 लड़ाकू

लिए कुछ शुरुआती प्रशिक्षण की आवश्यकता थी। यह उड़ाने के लिए अद्भुत विमान है और इसे उड़ाने वाले सभी लोग इसको याद करेंगे। इंटरसेप्टर के रूप में मिग-21 के शानदार काम का उल्लेख करते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा, इसे इंटरसेप्ट करने के लिए बनाया गया था और इस भूमिका में इसने भारत की उल्लेखनीय सेवा की। लेकिन हर चीज का समय और स्थान होता है। तकनीक अब पुरानी हो चुकी है और उसका रखरखाव मुश्किल है। अब समय आ गया है कि तेजस, राफेल और सुखोई-30 जैसे नए मंच की ओर बढ़ा जाए। उन्होंने कहा, तेजस को वास्तव में मिग-21 के प्रतिस्थापन के रूप में डिजाइन किया गया था। इसलिए यह छोटा विमान है। इसे मिग-21 के इर्द-गिर्द डिजाइन किया गया था और इसकी कल्पना मिराज से प्रेरित होकर की गई थी। सिंह ने कहा, यह मिग-21 की जगह तो ले लेगा, लेकिन इसे और विकसित करना होगा। हमें तेजस के लिए नए हथियारों के बारे में भी सोचना होगा। शुरुआती प्रशिक्षण भूमिका में, मुझे लगता है कि तेजस बहुत अच्छी तरह से फिट हो सकता है। एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा, 83 विमानों के अनुबंध पर पहले ही हस्ताक्षर हो चुके हैं, मुझे उम्मीद है कि तेजस अपने विभिन्न संस्करणों में धीरे-धीरे बेड़े की भूमिका संभालेगा।

भारत-फिजी ने

में कहा गया दोनों नेताओं ने स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के महत्व को रेखांकित किया। इसमें कहा गया, उन्होंने क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र की शांति और स्थिरता में सहयोग करने की अपनी इच्छा भी व्यक्त की। भारत ने फिजी स्थित अपने उच्चायोग में रक्षा अताशे का पद सृजित करने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने इसी के साथ फिजी को 12 कृषि ड्रोन और दो सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला भी उपहार में देने की घोषणा की। संयुक्त बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक सुधार की तत्काल आवश्यकता पर सहमति जताई, जिसमें समकालीन भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का विस्तार भी शामिल है।

अवैध धर्मान्तरण

था, उसके बारे में इन लोगों ने कोई सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं करायी है। आगे भी फंडिंग को लेकर जांच चल रही है, जल्द ही और भी सम्पत्ति को अटैच किया जा सकता है।

शुभांशु ने

भरी निगाहों से उनकी अंतरिक्ष यात्रा को देख रहा था। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन के सभागार में आयोजित देश के सपूत, अंतरिक्ष यात्री एवं ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के लखनऊ आगमन पर नागरिक अभिनंदन में कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की माता आशा शुक्ला, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पिता शंभु दयाल शुक्ला और मेयर सुषमा खर्कवाल ने ग्रुप कैप्टन की पत्नी कामना शुक्ला को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से ग्रुप कैप्टन की अंतरिक्ष यात्रा पर आधारित एक लघु फिल्म भी दिखायी गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अनुभव का इस्तेमाल विभाग में करने को कहा। इसके अलावा सीएम योगी ने स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए शुभांशु शुक्ला के नाम से स्कॉलरशिप का ऐलान किया। सीएम ने कहा कि 3 वर्ष से 4 वर्ष पहले प्रदेश में स्पेस टेक्नोलॉजी को लेकर किसी भी विश्वविद्यालय, संस्थान में न तो कोई पाठ्यक्रम था, न ही सिलेबस, न डिग्री, न डिप्लोमा और न ही कोई सर्टिफिकेट कोर्स था। वहीं वर्तमान में प्रदेश के दर्जन भर से अधिक टेक्निकल इंस्टीट्यूशन में स्पेश टेक्नोलॉजी को लेकर कोर्सेज संचालित हो रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि भारत के विकास की यात्रा में प्रदेश के संस्थान बराबर सहभागी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत वासियों के सामने वर्ष 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य दिया है। इसे साकार करने के लिए विकास के उन सभी क्षेत्र के लिए अपने द्वार खुले रखने होंगे, जहां-जहां आगे बढ़ने की संभावनाएं हैं। सीएम योगी ने कहा कि शुभांशु शुक्ला के पिता प्रदेश सरकार के सचिवालय प्रशासन में अधिकारी थे। उनके इस गौरवपूर्ण मार्ग पर चलते हुए आज उनके पुत्र ने न केवल उत्तर प्रदेश को बल्कि समूचे देश को गौरान्वित किया है। उन्होंने 18 दिनों की स्पेस यात्रा में पृथ्वी की 320 बार परिक्रमा की। इससे उनकी यात्रा की महत्वपूर्णता और उद्देश्य स्पष्ट होता है। सीएम ने कहा कि इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन से अंतरिक्ष यात्रा को लेकर बातचीत हुई, जिसमें ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की यात्रा, अंतरिक्ष मिशन और भविष्य में होने वाली प्रयोगों पर चर्चा हुई।

यूपी का विकास

कि यूपी में जो परिवर्तन हुआ है, वह सिर्फ राज्य के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी को एक नई दिशा दी है। इसके अलावा इसरो के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान को भी विशेष रूप से सराहा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा देश को अंतरिक्ष कार्यक्रम में नए आयामों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भारत ने स्पेस टेक्नोलॉजी में कई महत्वपूर्ण सफलताएं हासिल की हैं और आज देश अंतरिक्ष में अपने स्थान को और भी मजबूत बना रहा है।

अब नासा की

ने अंतरिक्ष में बिताए अपने पलों को साझा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब आप पहली बार स्पेस स्टेशन पर पहुंचते हैं तो पहली बार आपका शरीर माइक्रोग्रेविटी का एक्सपीरियंस शेयर करता है। आपके शरीर में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आपके शरीर का पूरा ब्लड सर में आ जाता है, जिससे आपका सर बड़ा हो जाता है। आपका हार्ट स्लो हो जाता है क्योंकि उसको ग्रेविटी के अगेंस्ट काम नहीं करना है। आपके पेट में जो भी होता है, वह भी फलौट करने लगता है। इसे आप समझ नहीं आते हैं कि आपके अंदर क्या चल रहा है। आपको भूख नहीं लगती है। बहुत सारे चैलेंजेस होते हैं। मुझे लगता है कि हम ऐसी जगह लाइफ को सस्टेन कर रहे हैं, जहां लाइफ सस्टेन होनी नहीं चाहिये। वहां का वातावरण है कि वैक्यूम है, तापमान काफी हार्ष है और हवा बिल्कुल भी नहीं है। इसके सबके बाद भी ह्यूमन इंजीनियरिंग का कमाल है कि इसके बाद भी वहां पर लाइफ को सस्टेन कर पा रहे हैं। इसी डॉयरेक्शन में भारत अपनी जर्नी पर है। जब हम अपना पहला मिशन लॉन्च करेंगे, जो दुनिया के चौथे राष्ट्र होंगे, जिसके पास ये कैपेबिलिटी होगी। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि जिस तरह से उनका लखनऊ में स्वागत हुआ, वह वास्तव में दिल्ली से दोगुना है।

हाईकोर्ट ने

अनुमति दे दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह परीक्षा वर्ष 1978 में ही उत्तीर्ण की थी। उच्च न्यायालय ने हालांकि सीआईसी के आदेश पर 23 जनवरी, 2017 को रोक लगा दी थी। सोमवार को आए फैसले में यह पाया गया कि आरटीआई आवेदन के तहत मांगी गई जानकारी में कोई जनहित निहित नहीं है। साथ ही इसमें कहा गया कि शैक्षिक योज्ञता कोई ऐसी वैधानिक आवश्यकता नहीं है जो किसी सार्वजनिक पद को संभालने या सरकारी जिम्मेदारियां निभाने के लिए जरूरी हो।

बीएसए समेत

में दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया कि बेसिक शिक्षा विभाग में एक संगठित गिरोह काम रहा है, जो नौकरी चाहने वालों की शैक्षिक डिग्रियों का दुरुपयोग कर फर्जी नियुक्तियां करता है। उन्होंने दावा किया कि इस घोटाले में करोड़ों रुपये का गबन हुआ है। याचिका के अनुसार, अनामिका शुक्ला को वर्ष 2017 से नियमित वेतन मिल रहा था, लेकिन वर्ष 2020 में उसने दावा किया कि वह बेरोजगार हैं। जांच में यह सामने आया कि उन्हें कभी औपचारिक रूप से नियुक्त ही नहीं किया गया था, फिर भी उनके नाम पर वेतन भुगतान होता रहा। इससे पूर्व, अनामिका शुक्ला ने कोतवाली नगर पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने अपने दस्तावेजों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा था कि वह बेरोजगार हैं और उनकी कहीं नियुक्ति नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि अदालत के निर्देश पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच उप-निरीक्षक शुभम दुबे को सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

रक्षा क्षेत्र में

ने लोगों को उनके धर्म के आधार पर निशाना बनाया। उन्होंने कहा हम पूरे विश्व को ही अपना परिवार मानते हैं। जाति, धर्म, पंथ के नाम पर हम भेदभाव करने वाले नहीं हैं। लेकिन आतंकवादियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर लोगों को मारा। उन्होंने कहा लेकिन हमारी सेना के जवानों ने आतंकवादियों को शह देने वालों और आतंकवादी घटनाओं में संलिप्त लोगों को मारा। उनका धर्म देखकर नहीं मारा बल्कि उनका कर्म देखकर मारा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना के बाद उन्होंने तीनों सेना प्रमुखों को बुलाया और पूछा कि क्या वे ऑपरेशन के लिए तैयार हैं? उन्होंने कहा हमारे तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक स्वर में कहा, हम किसी भी प्रकार के ऑपरेशन के लिए तैयार हैं।

दहेज हत्याकांड

चोट पहुंचाना) और 61(2) (आजीवन कारावास या अन्य दंडनीय अपराध करने का प्रयास करना) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद से ही रोहित फरार था। इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में आक्रोश है। निक्की को उसके पति विपिन भाटी और ससुराल वालों ने बृहस्पतिवार रात ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव स्थित उसके घर में कथित तौर पर पीटा और फिर आग लगा दी।

निक्की और उसकी बड़ी बहन कंचन दोनों की शादी एक ही परिवार में हुई थी। घटना के संबंध में कंचन द्वारा बनाए गए विचलित करने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुए। एक वीडियो क्लिप में दिखाई दे रहा है कि निक्की को बाल पकड़कर घसीटा जा रहा है जबकि एक अन्य वीडियो क्लिप में उसे आग की लपटों में सीढ़ियों से नीचे उतरते और फिर गिरते हुए दिखाया गया है।

चीन सीमा से

सहमति प्रदान कर दी है। इसी तरह प्रदेश सरकार पिथौरागढ़ एयरपोर्ट पर बढ़ती हवाई सेवाओं को देखते हुए इसका संचालन एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के जरिए करने पर सैद्धांतिक तौर पर सहमत हो गई है। इसके लिए राज्य सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच एमओयू पर सहमति बन गई है। इसके साथ ही सरकार गुंजी से आदि कैलाश क्षेत्र में हवाई सेवा शुरू करने के लिए यहां एक किमी लंबी हवाई पट्टी बनाने की तैयार कर रही है, इस हवाई पट्टी के निर्माण में भी एयरफोर्स द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

महाशक्ति के

आदर्श हैं, और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) भारत की विशेषज्ञता को वैश्विक स्तर पर साझा करने के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का लक्ष्य रखता है। स्काउ ने बताया भारत की कहानी, जहां हम सहायता प्रदान करते थे, से लेकर अब खाद्य अधिशेष वाले खाद्य निर्यातक तक, प्रभावशाली प्रगति दर्शाती है। वैश्विक खाद्य संकट से निपटने के लिए हम भारत से उत्कृष्ट पहल की अपेक्षा करते हैं।

कानपुर सुपरस्टार्स ने मेरठ को हराया

डकवर्थ-लुईस नियम के तहत कानपुर सुपरस्टार्स ने 14 रनों से जीत हासिल कर अंक तालिका में महत्वपूर्ण बढ़त बनायी

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश टी20 लीग (यूपी टी-20 2025) का 16वां मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में कानपुर सुपरस्टार्स और मेरठ मावेरिक्स के बीच खेला गया। इस रोमांचक भिड़ंत में बारिश ने खलल डाला, लेकिन डकवर्थ-लुईस (डीएलएस) नियम के तहत कानपुर सुपरस्टार्स ने 14 रनों से जीत हासिल कर अंक तालिका में महत्वपूर्ण बढ़त बनाई। इस मैच के हीरो बने युवा बल्लेबाज समीर रिजवी, जिन्होंने शानदार 78 रनों की पारी खेली और ℥प्लेयर ऑफ द मैच℥ बने।

टॉस मेरठ मावेरिक्स ने जीता और गेंदबाजी का फैसला किया। कानपुर सुपरस्टार्स की शुरूआत धीमी रही, शुरूआती ओवरों में मेरठ के गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा। लेकिन तीसरे नंबर पर आए समीर रिजवी ने मैदान का रुख बदल दिया। उन्होंने 48 गेंदों पर 78 रन बनाए, जिसमें चौके और लंबे छक्के शामिल रहे। रिजवी के अलावा फैज अहमद ने 23 रन और शौर्य सिंह ने 21 रन का योगदान दिया। निर्धारित 20 ओवरों में कानपुर सुपरस्टार्स ने 6 विकेट खोकर 149 रन बनाए। मेरठ की ओर से गेंदबाजी में आशीष चौहान और हर्ष त्यागी ने किफायती स्पैल डाले और 1-1 विकेट अपने नाम किया, लेकिन समीर रिजवी को रोकना उनके लिए नामुमकिन साबित हुआ। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेरठ मावेरिक्स की शुरूआत भी सधी हुई नहीं रही। पारी के शुरूआती आठ ओवरों तक टीम ने 2 विकेट खोकर 41 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाज अंकुर रावत 15 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान ध्रुव भाटी मात्र 8 रन ही जोड़ पाए। आठवें ओवर के बाद तेज बारिश ने खेल रोक दिया। मैदान पर लंबे इंतजार के बाद अंपायरों ने मैच को समाप्त करने का निर्णय लिया और डकवर्थ-लुईस विधि से लक्ष्य तय किया गया। उस समय मेरठ की टीम लक्ष्य से पीछे चल रही थी और इस प्रकार कानपुर सुपरस्टार्स को 14 रन से विजेता घोषित किया गया। मैच का सबसे बड़ा आकर्षण समीर रिजवी रहे। उनकी 78 रनों की पारी ने कानपुर सुपरस्टार्स को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने अपने शॉट्स से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और टीम की जीत की नींव रखी। उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए ℥प्लेयर ऑफ द मैच℥ चुना गया।

आईसीए : दिवंगत के जीवनसाथी को बीसीसीआई से एकमुश्त एक लाख रुपये का लाभ मिलेगा

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से स्वीकृति मिलने के बाद भारतीय क्रिकेटर्स संघ (आईसीए) दिवंगत सदस्यों के जीवनसाथी के लिए एक लाख रुपये के एकमुश्त लाभ (ओटीबी) शुरू करेगा। इस पहल का उद्देश्य सदस्यों के परिवारों को उनके दुख के समय में वित्तीय सहायता प्रदान करना और उनके योगदान का सम्मान करना है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह लाभ केवल आईसीए के दिवंगत सदस्यों के जीवनसाथी को ही मिलेगा, अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेटरों को छोड़कर।

राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मीराबाई चानू ने जीता स्वर्ण पदक

अहमदाबाद। एक साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी करने वाली मीराबाई चानू ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए सोमवार को यहां राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में नए रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 48 किग्रा वजन वर्ग में कुल 193 किग्रा (84 किग्रा ‸ 109 किग्रा) वजन उठाकर राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में कुल, स्नैच और क्लीन एंड जर्क के रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया।

यह 31 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले 49 किग्रा में भाग लेती थी लेकिन यह वजन वर्ग अब ओलंपिक में शामिल नहीं है। मीराबाई पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग ले रही है। पेरिस ओलंपिक में वह चौथे स्थान पर रही थी। मीराबाई चोटिल होने के कारण पिछले एक साल में किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाई थी इसलिए उन्हें लय हासिल करने में भी समय लगा। स्नैच में 84 किग्रा के अपने पहले प्रयास में वह लड़खड़ा गईं। उनके दाहिने घुटने में तकलीफ़ दिखाई दी, लेकिन दूसरे प्रयास में उन्होंने उतना ही वज़न उठाया। 89 किग्रा का उनका तीसरा प्रयास भी असफल रहा। कोई वास्तविक प्रतिस्पर्धा न होने के कारण मीराबाई असल में खुद से ही मुकाबला कर रही थीं। उन्होंने क्लीन एंड जर्क में 105 किग्रा भार उठाकर शुरुआत की।

उन्होंने इसे बढ़ाकर 109 किग्रा कर लिया, लेकिन 113 किग्रा का अपना अंतिम प्रयास पूरा नहीं कर सकीं। मलेशिया की इरीन हेनरी ने 161 किग्रा (73 किग्रा ‸ 88 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक, जबकि वेल्स की निकोल रॉबर्ट्स ने 150 किग्रा (70 किग्रा ‸ 80 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। मीराबाई ने इस तरह से 48 किग्रा में सफल वापसी की। उन्होंने इसी वजन वर्ग में अपना विश्व चैम्पियनशिप खिताब और राष्ट्रमंडल खेलों में दो पदक जीते लेकिन 2018 के बाद वह 49 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश कर रही थी। सौम्या दलवी ने जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 48 किग्रा वजन वर्ग में कुल 193 किग्रा (84 किग्रा ‸ 109 किग्रा) वजन उठाकर राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में कुल, स्नैच और क्लीन एंड जर्क के रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया। यह 31 वर्षीय खिलाड़ी इससे पहले 49 किग्रा में भाग लेती थी लेकिन यह वजन वर्ग अब ओलंपिक में शामिल नहीं है।

संक्षेप

जोकोविच अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क। नोवाक जोकोविच थके हुए दिखे, चोटिल और उम्रदराज भी लेकिन इन सभी बाधाओं से पार पाकर अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत दर्ज की। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में जीत का रिकॉर्ड 19 . 0 कर लिया और पैर की तकलीफ के बावजूद लर्नर टियेन को 6 .1, 7 . 6, 6 . 2 से मात दी। जोकोविच ने दूसरे सेट में कई बार अपना हाथ घुटने पर रखा और फिर उन्हें उपचार भी लेना पड़ा। तीसरे सेट के पहले गेम में अपनी सर्विस टूटने के बाद उन्होंने अगले पांच गेम जीतकर वापसी की। उन्होंने जीत के बाद कहा पता नहीं क्या हुआ। मुझे कोई चोट भी नहीं लगी है लेकिन परेशानी हो रही थी। विम्बलडन सेमीफाइनल में यानिक सिनेर से हारने के बाद यह उनका पहला मैच था। अड़तीस बरस के इस धुरंधर ने पहला सेट सिर्फ 24 मिनट में जीता लेकिन करीब एक घंटे तक चले दूसरे सेट में थके हुए दिखे। तीसरे सेट में उन्होंने वापसी की और ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में लगातार 75वां मैच जीता।

डीपीएल : साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने जीता खिताब

नयी दिल्ली। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने पिछले साल फाइनल में मिली हार को भुलाते हुए सेंट्रल दिल्ली क्वींस को वर्षाबाधित मैच में एक रन से हराकर महिला दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब जीत लिया। जीत के लिये 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए क्वींस शुरू से ही दबाव में रही और 20 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। क्वींस ने एक समय पांच विकेट 74 रन पर गंवा दिये थे लेकिन इसके बाद मोनिका (28 गेंद में 33 रन) और रिया शौकीन (28 गेंद में नाबाद 28) ने छठे विकेट के लिये 33 रन की साझेदारी करके जीत की उम्मीदें जगाई। मोनिका के आउट होने के बाद हालांकि रिया को दूसरे छोर से मदद नहीं मिल सकी। सुपरस्टार्स के लिये मेधावी बिधुड़ी ने तीन ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि हिमाक्षी चौधरी को दो विकेट मिले।

एरिना सबालेंका अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में

न्यूयॉर्क। गत चैम्पियन एरिना सबालेंका ने स्विटरलैंड की रेबेका मासारोवा से मिली कड़ी चुनौती का सामना करके 7 . 5, 6 . । से जीत के साथ अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका इस साल पहले तीन ग्रैंडस्लैम में खिताब नहीं जीत सकी हैं। उन्होंने कहा, मैं सत्र का समापन ग्रैंडस्लैम खिताब और नंबर वन रैंकिंग के साथ करना चाहती हूं। अब उनका सामना पोलिना मुदेरमेतोवा से होगा जिन्हें फरवरी में दुबई में वह हरा चुकी हैं।

मनु भाकर 25 मीटर पिस्टल में 4 स्थान पर

एजेंसी

शिमकेंट। दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में सोमवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही जबकि जूनियर वर्ग में भारतीयों का दबदबा रहा। भारत की ही ईशा सिंह आठ महिलाओ के फाइनल में छठे स्थान पर रही। मनु ने 25 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रही वियतनाम की तू विन्ह त्रिन्ह से चार अंक पीछे रही।

❍ एशियाई चैंपियनशिप : भारतीय जूनियर महिलाओं ने मारी बाजी

महिला जूनियर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में भारत की पायल खत्री को 36 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मिला जबकि नाम्या कपूर (30) ने रजत और तेजस्विनी (27) ने कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने 1700 अंक के साथ टीम वर्ग में भी रजत पदक अपने नाम किया।

कोरिया को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य पदक मिला। नाम्या और तेजस्विनी क्वालीफिकेशन में पहले दो स्थान पर रही जबकि पायल छठे स्थान पर रही थी। इससे पहले सीनियर वर्ग में चीन की यूयू झांग ने स्वर्ण और जियारूइशुआन शियाओ ने रजत पदक जीता। मनु, ईशा और सिमरनप्रीत कौर बरार की भारतीय तिकड़ी ने 1749 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। वे चीन और दक्षिण कोरिया से पीछे रहे। ईशा क्वालीफिकेशन में शीर्ष रही थी जबकि मनु चौथे स्थान पर रही थी।

नीरू ने ट्रैप में स्वर्ण व आशिमा ने कांस्य जीता

एजेंसी

शिमकेंट। राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन नीरू ढांडा ने सोमवार को यहां एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिला ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आशिमा अहलावत ने कांस्य पदक हासिल किया। नीरू ने फाइनल में 43 अंक बनाकर कतर की बासिल रे (37) और आशिमा (29) को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय निशानेबाज मनु भाकर महिलाओं की 25 मीटर

❍ भारतीय जूनियर महिलाओं ने मारी बाजी

पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रही जबकि जूनियर वर्ग में भारतीयों का दबदबा रहा। नीरू, आशिमा और प्रीति रजक ने महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में 319 अंक के साथ टीम स्वर्ण पदक भी जीता।

भारतीय टीम चीन और कुवैत से आगे रही। नीरू और आशिमा ने शूट-ऑफ के बाद क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहकर छह महिलाओं के फाइनल में प्रवेश किया। नीरू भारतीय ट्रैप निशानेबाज लक्ष्य श्योराण की चचेरी बहन हैं और उन्हें खेलते हुए देखने के बाद उन्होंने इस खेल को अपनाया। महिलाओं की 25 मीटर एयर पिस्टल में भारत की ही ईशा सिंह आठ महिलाओ के फाइनल में छठे स्थान पर रही। मनु ने 25 स्कोर किया और तीसरे स्थान पर रही वियतनाम की तू विन्ह त्रिन्ह से चार अंक पीछे रही। महिला जूनियर 25 मीटर पिस्टल फाइनल में भारत की पायल खत्री को 36 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक मिला जबकि नाम्या कपूर (30) ने रजत और तेजस्विनी (27) ने कांस्य पदक जीता। इन तीनों ने 1700 अंक के साथ टीम वर्ग में भी रजत पदक अपने नाम किया। कोरिया को स्वर्ण और कजाखस्तान को कांस्य पदक मिला। नाम्या और तेजस्विनी क्वालीफिकेशन में पहले दो स्थान पर रही जबकि पायल छठे स्थान पर रही थी। इससे पहले सीनियर वर्ग में चीन की यूयू झांग ने स्वर्ण और जियारूइशुआन शियाओ ने रजत पदक जीता।

टेस्ट क्रिकेट चुनौतीपूर्ण व थका देने वाला : रोहित

एजेंसी

मुंबई। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर के कुछ पहलुओं पर विचार करते हुए सोमवार को कहा कि यह प्रारूप चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला है लेकिन उन्होंने अपनी तैयारी पर ध्यान देकर खुद को टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए तैयार किया। रोहित ने इस साल मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने 67 टेस्ट मैच में 40.58 की औसत से 4301 रन बनाए। उन्होंने इससे एक साल पहले टी20 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। रोहित ने यहां एक पैनल चर्चा के दौरान कहा, यह ऐसी चीज है जिसके लिए आपको तैयारी करनी होती है, क्योंकि इस खेल में आपको लंबे समय तक मैदान पर रहना होता है विशेष कर टेस्ट क्रिकेट में, जिसमें आपको पांच दिन तक खेलना होता है। मानसिक रूप से यह बहुत चुनौतीपूर्ण होता है और थका देने वाला भी। लेकिन सभी क्रिकेटर प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलते हुए ही बड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा जब हम प्रतिस्पर्धी स्तर पर क्रिकेट खेलना शुरू करते हैं, यहां तक कि मुंबई में भी क्लब क्रिकेट के (मैच) दो दिन (या) तीन दिन तक चलते हैं, इस तरह से हम छोटी उम्र से ही इसके लिए तैयार रहते हैं। इससे आपके सामने आने वाली परिस्थितियों का सामना करना थोड़ा आसान हो जाता है। रोहित ने कहा कि सभी युवा खिलाड़ी अपने करियर की शुरुआत में अच्छी तैयारी के महत्व को नहीं समझते हैं, लेकिन वे धीरे-धीरे इसका महत्व समझने लगते हैं। उन्होंने कहा जब आप बहुत छोटे होते हैं।

आरिफ ने जीता सीसीबीडब्लू चेस ओपन

लखनऊ। वरिष्ठ खिलाड़ी आरिफ अली ने सीसीबीडब्लू चेस ओपन टूर्नामेंट की ट्रॉफी शानदार प्रदर्शन के साथ जीत ली। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्लू-लखनऊ) द्वारा शहर के एक निजी होटल में आयोजित टूर्नामेंट में सातवें व अंतिम राउंड के बाद आरिफ अली सर्वाधिक 6.5 के साथ शीर्ष पर रहे। इस वर्ग में पवन बाथम (स्टेट टैक्स ऑफिस) ने सईद अहमद (लखनऊ चेस सेंटर) से ड्रॉ खेला। दोनों ही खिलाड़ी समान 6-6 अंक के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि सईद अहमद ने सीनियर सिटीजन ट्रॉफी अपने नाम कर ली। दूसरी ओर युवा प्रतिभाओं आरव गर्ग, अभिज्ञान कटियार और सीनियर कोच मयंक पांडेय ने 5-5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

❍ आदि सक्सेना बने जूनियर चैंपियन

वहीं टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा सुर्खियां आदि सक्सेना को मिली, जिन्होंने जबरदस्त आक्रामक खेल दिखाते हुए 6.5 अंकों के साथ जूनियर वर्ग का खिताब जीता। इस वर्ग में वेदांत मिश्रा 6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि फिटनेस एवं स्पोर्ट्स मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सरनजीत सिंह (पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ कार्य किया, देश के कई शीर्ष खिलाड़ियों को सलाह देते हैं) ने पुरस्कार वितरित किए। डॉ. सरनजीत सिंह ने शतरंज खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए उचित पोषण पर ध्यान देने, जंक फूड छोड़ने, शुगर स्पाइक नियंत्रित करने, पर्याप्त प्रोटीन और गुड फैट लेने की सलाह दी।

इसके साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को एक सरल सांस लेने का व्यायाम (3-4-5 सेकंड - सांस अंदर लेना, रोकना और छोड़ना) भी सिखाया, जिससे उनका बेहतर किया जा सके। यह टूनार्मेंट चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट द्वारा आयोजित किया गया, जिसकी स्थापना पूर्व यूपी महिला शतरंज चैंपियन एवं पत्रकार डॉ. शिल्पा मेहरा ने की है। चित्र परिचयः मुख्य अतिथि डॉ. सरनजीत सिंह, लखनऊ के प्रसिद्ध खेल चिकित्सा विशेषज्ञ, सीसीबीडब्ल्यू चेस ओपन के विजेताओं के साथ।

सीएएफए नेशंस कप के लिए भारतीय टीम घोषित

बेंगलुरु। भारतीय फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने 29 अगस्त से शुरू हो रहे सीएएफए नेशन्स कप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय टीम का जमील के मार्गदर्शन में यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए ताजिकिस्तान जाएगी जहां उसे ग्रुप बी में मेजबान, गत चैंपियन ईरान और अफगानिस्तान के साथ रखा गया है। भारत मेजबान ताजिकिस्तान से 29 अगस्त को भिड़ेगा जबकि ईरान के खिलाफ एक सितंबर और अफगानिस्तान के खिलाफ चार सितंबर को खेलेगा। जमील ने 29 खिलाड़ियों की मौजूदगी में हुए शिविर के बाद अंतिम टीम का चयन किया है। मोहन बागान ने अपने सात खिलाड़ियों को टूर्नामेंट के लिए छोड़ने से इनकार कर दिया।

एशिया कप जीतेगा व विश्व कप में क्वालीफाई करेगा भारत

एजेंसी

राजगीर। तीन बार के चैंपियन भारत को आठ साल के अंतराल के बाद पुरुष एशिया कप हॉकी खिताब जीतने और 29 अगस्त से होने वाली इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के जरिए अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का पूरा भरोसा है। मौजूदा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में महाद्वीप की नंबर एक टीम भारत ने पिछली बार 2017 में ढाका में एशिया कप जीता था जहां उसने फाइनल में मलेशिया को 2-1 से हराया था।

जकार्ता में 2022 में हुए टूर्नामेंट के पिछले सत्र में भारत चैंपियन दक्षिण कोरिया और मलेशिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा था। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टूर्नामेंट के लिए यहां पहुंचने के बाद कहा, इस टूर्नामेंट के लिए टीम की तैयारी ठोस रही है। हमारा दृष्टिकोण पेरिस ओलंपिक जैसा ही होगा जहां हमने पूल चरण में अच्छी जीत के साथ शुरुआत की थी। उन्होंने कहा हम यहां अच्छी शुरुआत करना चाहते हैं। मैच-दर-मैच आगे बढ़ना चाहते हैं और लय बनाए रखना चाहते

❍ भारतीय टीम के कोच ने जताया भरोसा

हैं। हम जानते हैं कि भारत को पिछली बार खिताब जीते हुए (2017, ढाका में) आठ साल हो गए हैं। हालांकि हमें जीत का भरोसा है लेकिन हम किसी भी टीम को हल्के में नहीं लेना चाहते। विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को देखते हुए भारत ने हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में मजबूत टीम उतारी है।

अगले साल होने वाले विश्व कप की संयुक्त मेजबानी बेल्जियम और नीदरलैंड 14 से 30 अगस्त तक करेंगे। यह पहली बार होगा जब भारतीय पुरुष हॉकी टीम राजगीर में खेलेगी। फुल्टन ने कहा, हम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए बिहार पहुंचकर बहुत खुश हैं। यह बहुत अच्छी बात है कि यहां अंतरराष्ट्रीय हॉकी का आयोजन हो रहा है और हम अपने खेल से इस क्षेत्र के लोगों को प्रेरित करना चाहते हैं और इस खेल के लिए और अधिक प्रशंसक बनाना चाहते हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने भी कुछ ऐसी ही भावनाएं व्यक्त कीं।

भारत में अब भी सुनील से बेहतर कोई नहीं : जमील

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने सोमवार को कहा कि 41 साल की उम्र में भी देश में करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री से बेहतर कोई खिलाड़ी नहीं है और जब तक वह उपलब्ध रहेंगे तब तक वह राष्ट्रीय टीम में बने रहेंगे। जमील ने छेत्री को 29 अगस्त से शुरू होने वाले सीएएफए नेशंस कप के राष्ट्रीय शिविर से बाहर रखा है और कहा कि यह अक्टूबर में होने वाले महत्वपूर्ण एशियाई कप क्वालीफायर मैचों की तैयारी के लिए एक टूर्नामेंट मात्र है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छेत्री नौ अक्टूबर (विदेश में) और 14 अक्टूबर (स्वदेश में) को सिंगापुर के खिलाफ राष्ट्रीय टीम में शामिल होंगे। जमील ने बेंगलुरु से पीटीआई से कहा, भारत में उनसे बेहतर कोई और खिलाड़ी नहीं है। तो जब वह उपलब्ध हैं तो क्यों नहीं? हमें उनके अनुभव की जरूरत है। वह एक दिग्गज हैं और उन्होंने इतने वर्षों तक देश को बहुत कुछ दिया है। छेत्री ने पिछले साल जून में कुवैत के खिलाफ खेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया था लेकिन तत्कालीन मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज के एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में टीम की मदद करने के अनुरोध पर इस साल मार्च में मालदीव के खिलाफ मैच में राष्ट्रीय टीम के लिए वापसी की। छेत्री ने तब से चार मैच खेले हैं और एक बार गोल किया है। उन्होंने मालदीव पर 3-0 की जीत के दौरान गोल किया। जमील ने छेत्री से सीएएफए नेशंस कप के लिए राष्ट्रीय शिविर से उन्हें बाहर रखने के बारे में बात की थी। यह पूछे जाने पर कि क्या छेत्री अगले साल की शुरुआत में होने वाले दो एशियाई कप क्वालीफाइंग मैचों में भारतीय टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं, जमील ने कहा, अगर वह मैचों के लिए उपलब्ध हैं तो कोई समस्या नहीं है। हम देखेंगे। अगर वह खेलना चाहते हैं, तो क्यों नहीं? उन्होंने पिछले साल भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने गोल किए हैं।

जमील को एक अगस्त को भारत का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था लेकिन उन्होंने 12 अगस्त को दो साल की अवधि के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जिसमें परिणामों के आधार पर एक साल के लिए अनुबंध बढ़ाने का विकल्प भी शामिल था। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने अनुबंध पर हस्ताक्षर करने में 10 दिन से अधिक समय क्यों लगाया, जमील ने कहा, मैं डूरंड कप मैचों (जमशेदपुर एफसी के लिए) में व्यस्त था। मैं सोच रहा था कि मैं एक ही जगह पर ध्यान केंद्रित करूंगा, क्लब या देश पर। इसलिए थोड़ा अंतराल था। उन्होंने कहा डूरंड कप के मैच लगातार चल रहे थे। मैंने प्रबंधन (जमशेदपुर एफसी) से अनुरोध किया। उन्होंने कहा, नहीं, पहले आपको देश के लिए काम करना होगा, कोई बात नहीं। इसलिए थोड़ी देरी हुई। जमील ने कहा, मैंने भारत के मुख्य कोच का पद लेने के बारे में दोबारा नहीं सोचा। वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को उम्मीद है कि भारतीय फुटबॉल टीम के नये मुख्य कोच खालिद जमील हाल के वर्षों में खराब प्रदर्शन के बाद टीम की किस्मत को बदलने में सफल रहेंगे। चौबे ने संकेत दिया है कि वह कोच को खुद को साबित करने के लिए पर्याप्त समय देंगे। मनोलो मार्केज के बाद कमान संभालने वाले जमील ने सोमवार को आगामी सीएएफए नेशंस कप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। यह राष्ट्रीय टीम के कोच के रूप में उनका पहला कार्यभार होगा। नये कोच से उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर एआईएफएफ प्रमुख ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं कि खालिद जमील को दो बार भारतीय फुटबॉल का सर्वश्रेष्ठ कोच चुना गया है। मेरा मानना है कि यह एक भारतीय के लिए सम्मान की बात है।

विधायी सदन बने जनता की आवाज : बिरला

पीठासीन अधिकारियों को सत्र की अध्यक्षता करते समय निर्विवाद, स्वतंत्र और न्याय करने वाले के रूप में देखा जाना चाहिये

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों की गरिमा में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को विधायी सदन के सदस्यों और राजनीतिक दलों सहित सभी पक्षों से आह्वान किया कि वे इस मुद्दे पर विचार करें।

उन्होंने दिल्ली विधानसभा द्वारा आयोजित विभिन्न विधानसभाओं के अध्यक्षों के सम्मेलन के समापन समारोह में इस बात पर जोर दिया कि पीठासीन अधिकारियों को सत्र की अध्यक्षता करते समय निर्विवाद, स्वतंत्र और न्याय करने वाले के रूप में देखा जाना चाहिए। बिरला ने कहा, हमारे संविधान निर्माताओं ने सदन में कुछ भी कहने, यहां तक कि सरकार के खिलाफ बोलने का भी विशेषाधिकार दिया था। हालांकि, इस स्वतंत्रता के पीछे की मंशा में गिरावट आई है। यह हम सभी के लिए चिंता का विषय है। अध्यक्ष ने इस बात पर भी बल दिया कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सदन सार्थक चर्चा और जनहित के मुद्दों पर विचार के उद्देश्य से संचालित हो। उन्होंने विधायी सदनों के सदस्यों से दलगत स्वार्थों से ऊपर उठकर उन लोगों की अपेक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया जिन्होंने उन्हें चुना है।

बिरला ने कहा कि सदस्यों को जनता से जुड़े मुद्दे उठाने चाहिए। सदनों को जनता की आवाज बनना चाहिए और उनके सुझावों और विचारों को सार्थक रूप से प्रतिबिंबित करना चाहिए। बिरला ने सदन के अंदर और बाहर मर्यादा और सम्मानजनक भाषा बनाए रखने के महत्व पर ज़ोर दिया। असहमति लोकतंत्र की ताकत है। लेकिन सदस्यों को सदन के अंदर और बाहर आचार संहिता का पालन करना चाहिए। जनता हमारे शब्दों और कार्यों को देख रही है। लोकसभा अध्यक्ष ने सभी राजनीतिक दलों से विधायिका की गरिमा बनाए रखते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

अमेरिकी नागरिकों से 350 करोड़ की धोखाधड़ी में तीन गिरफ्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक अत्याधुनिक साइबर अपराध गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो 2023 से अब तक अमेरिकी नागरिकों से 350 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर चुका है।

सीबीआई ने तीन कथित धोखेबाजों को गिरफ्तार किया है, जो खुद को तकनीकी सहायता (टेक सपोर्ट) कर्मी बताकर अनजान पीड़ितों को निशाना बना रहे थे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के साथ नजदीकी समन्वय में किए गए इस सटीक ऑपरेशन के परिणामस्वरूप गिरोह के तीन प्रमुख गुर्गों- जिगर अहमद, यश खुराना और इंद्रजीत सिंह बाली, को गिरफ्तार किया गया और उनके आवास से अपराध से संबंधित डिजिटल साक्ष्य के साथ-साथ 54 लाख रुपये, आठ मोबाइल और लैपटॉप बरामद किए गए। अधिकारियों ने बताया कि 18 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सीबीआई ने 20 अगस्त से अमृतसर और दिल्ली में तलाशी अभियान शुरू किया तथा इस दौरान एक ऐसे जाल का खुलासा हुआ, जिसमें धोखाधड़ी, डिजिटल हेरफेर और वित्तीय धोखा शामिल थे। अधिकारियों के अनुसार, यह जाल पंजाब से लेकर अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी तक फैला था और अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाया गया था। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, वर्ष 2023-2025 के दौरान आरोपियों ने पीड़ितों के कंप्यूटर सिस्टम और बैंक खातों तक अनधिकृत तरीके से पहुंच प्राप्त करके अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाने की साजिश रची। धोखेबाजों ने रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर का उपयोग करते हुए अमेरिकी नागरिकों के कंप्यूटर और बैंक खातों में सेंधमारी की तथा उन्हें विश्वास दिलाया कि उनके वित्तीय खातों के साथ छेड़छाड़ की गई है। बयान में कहा गया है, यह दावा करते हुए कि उनकी धनराशि जोखिम में है।

संक्षेप

आतंकवादी हमलों में 5 सुरक्षाकर्मी मारे गये

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में कम से कम पांच सुरक्षाकर्मी मारे गए और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रविवार देर रात हांगू जिले के तोरा वारई इलाके में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) शिविर पर आतंकवादियों के हमले में बल के तीन कर्मी मारे गए और 17 घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में खैबर जिले की तिराह घाटी में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में दो सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। एक अन्य घटना में, अपर दीर जिले में पुलिस और आतंकवाद रोधी विभाग द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान के दौरान पांच आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान एक नागरिक की भी मौत हो गई और सात पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने रविवार रात एक आतंकवादी का शव बरामद किया और सोमवार को चार और शव बरामद किए, जिससे मारे गए आतंकवादियों की संख्या पांच हो गई। पुलिस ने बताया कि ऊपर दीर के दोबांडो, बिरकोट, सलाम कोट और अतांद्रा इलाकों में आतंकवादियों के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। विशेष रूप से खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी हमलों में वृद्धि के बीच हुआ है।

हिजबुल्लाह को निरस्त्र किया जाये तो इजराइल लेबनान से हट सकता है : नेतन्याहू

यरूशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह लेबनानी कैबिनेट के इस महीने की शुरुआत में लिए गए उस फैसले का स्वागत करते हैं, जिसमें 2025 के अंत तक हिज्बुल्लाह के निरस्त्रीकरण की दिशा में काम करने का निर्णय लिया गया है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर लेबनान ऐसा कदम उठाता है।

तो इजराइल के सैनिक देश से वापस लौट सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि लेबनान हिज्बुल्लाह को निरस्त्र करने के लिए आवश्यक कदम उठाता है, तो इजराइल भी जवाबी कार्वाई में दक्षिणी लेबनान में इजराइली सैन्य मौजूदगी में चरणबद्ध तरीके से कमी लाएगा। इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष नवंबर में अमेरिका की मध्यस्थता में हुए संघर्ष विराम के साथ समाप्त हो गया था। हिज्बुल्लाह ने कहा है कि समूह तब तक अपने निरस्त्रीकरण पर चर्चा नहीं करेगा, जब तक कि इजराइल लेबनान के अंदर अपने नियंत्रण वाली पांच पहाड़ियों से पीछे नहीं हट जाता और लगभग रोजाना होने वाले हवाई हमले बंद नहीं कर देता, जिनमें सैकड़ों लोग मारे गए हैं या घायल हुए हैं। इनमें अधिकांश हिज्बुल्लाह के सदस्य हैं।

बिहार प्रदेश भाजपा ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ जातिसूचक गाली का इस्तेमाल किया: कांग्रेस

नयी दिल्ली/पटना। कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बिहार इकाई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गए एक वीडियो में विपक्षी नेताओं के खिलाफ जातिसूचक गाली का इस्तेमाल किया।

पार्टी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह दावा भी किया कि भाजपा की बिहार इकाई द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो गीत में विपक्षी नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। भाजपा ने उनके आरोपों को निराधार करार दिया है। खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, बिहार भाजपा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से एक पोस्ट किया है, जिसमें विपक्षी दलों के नेताओं के लिए जातिसूचक गाली का इस्तेमाल किया गया है, इस पोस्ट में इस्तेमाल गाने में विपक्षी नेताओं को अपमानित करने के लिए उन्हें चूहड़न का झुंड कहा है। उन्होंने कहा कि चूहड़ एक जातिवादी गाली है और भाजपा ने इसे विपक्ष पर एक अपमानजनक टिप्पणी के रूप में इस्तेमाल किया है। दरअसल, यही भाजपा- आरएसएस की विचारधारा है - दलितों के प्रति घृणा उसके डीएनए में बसी हुई है, जो वक्त-बेवक्त बाहर आ ही जाती है। कांग्रेस नेता ने इस बात पर जोर दिया, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान, भाजपा और आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ एक मजबूत ढाल बनकर खड़ा है।

मोदी सरकार वोट चोरी कर सत्ता में आयी : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों पर पुलिस के कथित बल प्रयोग की सोमवार को निंदा करते हुए इसे शर्मनाक करार दिया और आरोप लगाया कि मोदी सरकार को देश के युवाओं की चिंता नहीं है क्योंकि वह वोट चुराकर सत्ता में आई है।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी कथित बल प्रयोग की निंदा की और दावा किया कि देश के युवाओं का भविष्य चोरी करना मोदी सरकार की आदत बन चुकी है। परीक्षा के बेहतर संचालन की मांग को लेकर एसएससी के छात्रों और शिक्षकों ने रविवार को रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज करने के विपक्षी दलों के दावों का खंडन किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे एसएससी अभ्यर्थियों और शिक्षकों पर बर्बर लाठीचार्ज शर्मनाक ही नहीं, बल्कि एक डरपोक सरकार की पहचान है। उन्होंने कहा कि युवाओं ने सिर्फ़ अपना हक़ मांगा था - रोज़गार और न्याय। मिली क्या? लाठियां। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, साफ़ है कि मोदी सरकार को न देश के युवाओं की चिंता है, न उनके भविष्य की। हो भी क्यों? यह सरकार जनता के वोटों से नहीं, बल्कि वोट चुराकर सत्ता में आई है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा और दावा किया, पहले वोट चुराएंगे, फिर परीक्षा चुराएंगे, फिर नौकरियां चुराएंगे, फिर आपका हक़ और आवाज़ - दोनों कुचल देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि युवाओं, किसानों, गरीबों, बहुजनों और अल्पसंख्यकों, आपका वोट इन्हें चाहिए ही नहीं, इसलिए आपकी मांगें कभी इनकी प्राथमिकता नहीं होंगी। अब वक्त है - डरने का नहीं, डटकर मुकाबला करने का। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, देश के युवाओं का भविष्य चोरी करना मोदी सरकार की आदत बन चुकी है। दिल्ली के रामलीला मैदान में एसएससी परीक्षाओं में धांधली के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर मोदी सरकार की कठपुतली पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज घोर निंदनीय है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में भाजपा ने युवाओं के भर्ती परीक्षा से नौकरी मिलने तक के सफ़र को पेपर लीक माफियाओं के हवाले कर दिया है।

भ्रष्ट नेताओं को पार्टी में शामिल करने वालों को भी देना चाहिए इस्तीफा

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों को हटाने वाले विधेयकों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर सोमवार को पलटवार करते हुए कहा कि अब यह स्पष्ट है कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से हटाने की साजिश रची।

आप की यह प्रतिक्रिया शाह के कार्यालय से की गयी एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद आई जिसमें उनके इस बयान का हवाला दिया गया था कि भ्रष्टाचार या गंभीर अपराधों के आरोपी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री के लिए जेल से सरकार चलाना अनुचित है। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शाह पर तंज कसते हुए सवाल किया कि जो नेता भ्रष्ट व्यक्तियों को अपने दलों में शामिल करते हैं और उन्हें पद देकर सम्मानित करते हैं, क्या उन्हें भी अपने पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए। केजरीवाल ने अमित शाह के कार्यालय द्वारा की गयी एक पोस्ट के जवाब में यह बात कही, जिसमें उन विवादास्पद विधेयकों पर मंत्री के बयान का हवाला था, जो प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को जेल में 30 दिन से अधिक समय तक रहने पर पद धारण करने से रोकते हैं। अपनी टिप्पणी में शाह ने एक्स पर कहा कि अगर कोई पांच साल से अधिक सजा वाले मामलों में जेल जाता है और उसे 30 दिन में जमानत नहीं मिलती, तो उसे पद छोड़ना पड़ेगा, कोई छिटपुट आरोप के लिए पद नहीं छोड़ना पड़ेगा। मगर जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप है...ऐसे मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री जेल में बैठकर सरकार चलाएं, ये कितना उचित है? इसके जवाब में आम आदमी पार्टी के प्रमुख ने कहा, जो व्यक्ति गंभीर गुनाहों के मुजरिमों को अपनी पार्टी में शामिल करके उनके सारे मामले रफा-दफा करके उन्हें मंत्री, उपमुख्यमंत्री या मुख्यमंत्री बना देता है, क्या ऐसे मंत्री या प्रधानमंत्री को भी अपना पद (नहीं) छोड़ना चाहिए? उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, ऐसे व्यक्ति को कितने साल की जेल होनी चाहिए? अगर किसी पर झूठा आरोप लगाकर उसे जेल में डाला जाए और बाद में वो दोषमुक्त हो जाए, तो उस पर झूठा मामला लगाने वाले मंत्री को कितने साल की जेल होनी चाहिए? आप भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर गंभीर अपराधों के आरोपी दागी नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल करने का अक्सर आरोप लगाती रही है और भाजपा को वाशिंग मशीन कहकर संबोधित करती रही है। केजरीवाल की पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्हें और पार्टी के अन्य नेताओं को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय जांच एजेंसियों ने झूठे मामलों में गिरफ्तार किया है। केजरीवाल को पिछले वर्ष मार्च में प्रवर्तन निदेशालय ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

इंटरटेनमेंट...

पॉडकास्टर्स पर भड़के करण जौहर

मुंबई। बॉलीवुड डायरेक्टर करण जौहर ने हाल ही में कुछ पॉडकास्टर्स पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि कुछ पॉडकास्ट शो में ऐसे मेहमान बुलाए जाते हैं जो इंडस्ट्री और कलाकारों के बारे में गलत और अपमानजनक बातें करते हैं। करण ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, मैं मीडिया के ईमानदार और सम्मानित लोगों की पूरी इज्जत करता हूं, लेकिन कुछ पॉडकास्टर्स की एक अलग जमात अचानक ऐसी जगह से निकल आई है, जिन्हें जीपीएस भी नहीं ढूंढ सकता, ये लोग ऐसे मेहमान बुलाते हैं जिनके पास खोने को कुछ नहीं है। जिन्हें द्वितीय विश्व युद्ध (सालों) से कहीं बुलाया भी नहीं गया। फिर वही मेहमान जहर उगलते हैं और मेहनती व दिग्गज लोगों के बारे में बेहद बुरी बातें करते हैं। यह सब अब बंद होना चाहिए। वहीं, करण ने ऐसे ज्योतिषियों पर भी सवाल उठाए, जो लोगों की मौत तक की बातें करके डर फैलाते हैं। उन्होंने लिखा, साथ ही, ज्योतिषी और बाबा जब लोगों की मौत तक की भविष्यवाणी करते हैं। तो यह बहुत ही डरावना और गलत होता है।



बिग बॉस 19 हाउस में घमासान शुरू!

मुंबई। बिग बॉस 19 की शुरूआत हो चुकी है। शो को शुरू हुए अभी एक दिन भी नहीं हुआ है और कंटेस्टेंट्स के बीच घमासान मच गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तान्या मत्तल अशनूर कौर को बदतमीज कहती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, यह वीडियो जियो हॉटस्टार रियलटी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। वीडियो में तान्या मत्तल काफी गुस्से में दिखाई दे रही हैं और कहती हैं, अशनूर बहुत ही बदतमीज लड़की है। बिना बात के मुझसे भिड़ रही है। पंगे क्यों ले रही है? वो मुझसे दस साल छोटी है। अभी मैं आ जाऊंगी फॉर्म में। इस दौरान वहां मौजूद आवेज दरबार तान्या को शांत करते हुए कहते हैं, वो ऐसी नहीं है।

गोविंदा के तलाक की खबरों पर बेटी ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा से जुड़ी तलाक की खबरों पर बेटी टीना ने चुप्पी तोड़ी है। बातचीत में जब उनसे उनके पेरेंट्स के तलाक की खबरों पर पूछा गया, तो टीना ने कहा, ये सब अफवाह है। उन्होंने आगे कहा, मैं इन अफवाहों पर ध्यान ही नहीं देती। जब उनसे पूछा गया कि बार-बार ऑनलाइन ऐसी खबरें आने पर वह कैसे रिएक्ट करती हैं, तो उन्होंने जवाब दिया, मैं क्या बोलूं? पापा तो देश में भी नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे बहुत खुशी है कि मुझे इतना खूबसूरत परिवार मिला है। मीडिया, फैंस और अपनों से जो प्यार और सपोर्ट हमें मिल रहा है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। गोविंदा और सुनीता की बेटी टीना ने बॉलीवुड में फिल्म 'सेकंड हैंड हसबैंड' (2015) से डेब्यू किया था। बता दें कि गोविंदा और सुनीता आहूजा के तलाक की अफवाहें शुक्रवार से चर्चा में हैं। यह तब शुरू हुआ जब हाउटरफ्लाई ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया है कि सुनीता आहूजा ने 5 दिसंबर 2024 को बांद्रा फैमिली कोर्ट में तलाक का केस दायर किया था।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K